आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 5 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 315, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ओलंपिक में एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज 15
अनुष्का ने ननद के पोस्ट पर दिया प्यार भरा रिएक्शन 16



**एक पेड़ मां के नाम**

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लाल चंदन का पौधा रोपा, इस मौके पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी उपस्थित थे।

# बदलेगी मलिन बस्तियों की सूरत, बनेंगे बहुमंजिला भवन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की योजना मलिन बस्तियों की सूरत बदलने की है। इस बदलाव में न केवल बहुमंजिला आवासीय परिसर होगा बल्कि परिसर के समीप स्कूल, मार्केट, पार्क, आदि भी होंगे। शहरी जीवन बेहतर हो, इसके मद्देनजर शहरी हरित और उद्यान विकास नीति भी तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुझाव दिया है कि हर नगर निगम में एक-एक मलिन बस्ती को चिन्हित कर वहां बहुमंजिला आवासीय परिसर के विकास की योजना तैयार हो। इसके समीप स्कूल, मार्केट, पार्क, आदि बुनियादी सुविधाएं रहें। यहां जो बाजार विकसित करें, उसमें इसी मलिन बस्ती के परिवार को दुकानें आवंटित करें। जो पार्क बनाएं, उसके संचालन की जिम्मेदारी भी इन्हें ही दी जाए। इस तरह चरणबद्ध रूप से प्रदेशभर में मलिन बस्तियों की तस्वीर बदल सकेगी। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर गुरुवार को नगर विकास विभाग के साथ एक बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और तमाम भावी योजनाओं को लेकर निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने चिंता प्रकट की कि शहरों में वाहनों की पार्किंग एक चुनौती बन गई है।

### मुख्यमंत्री का निर्देश



- हर नगर निगम में एक मलिन बस्ती चिन्हित करें, बनाएं बहुमंजिला भवन, पास में हो बाजार, पार्क

### नगरीय निकायों में कैडर पुनर्गठन हो

योगी के मुताबिक, शहरी आबादी में बढ़ोतरी के मद्देनजर नगरीय निकायों में कैडर पुनर्गठन की आवश्यकता है। सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों की सुचारु व्यवस्था के लिए वहां पर्याप्त मैनपॉवर रहे। ईओ हो या सफाईकर्मी कहीं भी किसी की रिक्तता न हो। हर काम की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए बने विशेष केंद्र


मुख्यमंत्री ने बताया कि, राज्य में 17 नगरों को स्मार्ट सिटी को रूप में अपग्रेड किए जाने की कवायद चल रही है। हर एक योजना समय से पूरी हो, हर एक कार्य की गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन भी कराएं। स्मार्ट सिटी के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के व्यायाम, पठन-पाठन, जलपान, चर्चा-विमर्श और बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने आदि के लिए विशेष केंद्र की स्थापना कराई जा रही है।

### होर्डिंग नहीं, एलईडी डिस्प्ले को दें प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा, शहरी क्षेत्रों में लगे विज्ञापन होर्डिंग न केवल नगर की सुंदरता खराब करते हैं बल्कि आए दिन दुर्घटना का कारक बन रहे हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी नगरीय क्षेत्र में किसी भवन के ऊपर होर्डिंग नहीं लगाई जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि होर्डिंग के स्थान पर एलईडी डिस्प्ले को स्थान दें।

## एक नजर

### आडवाणी को अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिली



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को गुरुवार शाम यहां अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गई। आडवाणी (96) को बुधवार को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### राजस्थान के कृषि मंत्री मीणा ने दिया इस्तीफा

**जयपुर।** राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। मीणा ने गुरुवार को कहा कि वह पहले सांसद भी रहे हैं और दौसा, सवाईमाधोपुर एवं करौली क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ थी लेकिन पार्टी को जीत नहीं दिला पाए। मैंने घोषणा की थी कि इन क्षेत्रों में मैं पार्टी को नहीं जिता पाया तो मंत्री पद छोड़ दूंगा।

### तमिलनाडु: अदालत ने पूर्व मंत्री सेंथिल की रिमांड अवधि बढ़ाई

**चेन्नई।** शहर स्थित एक सत्र अदालत ने गुरुवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की रिमांड अवधि आठ जुलाई तक बढ़ा दी। उन्हें पिछले साल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अल्ली ने उनकी न्यायिक हिरासत भी आठ जुलाई तक बढ़ा दी।

# हाथरस हादसे में 6 सेवादार गिरफ्तार

## गिरफ्तार सेवादारों में 2 महिलाएं शामिल, मुख्य आयोजक पर 1 लाख का इनाम

- सेवादारों का कबूलनामा, भोले बाबा की चरणरज लेने के लिए भीड़ को छोड़ा, जिसके बाद मची भगदड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मोर्चा संभालने के बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरुवार को 6 सेवादारों की गिरफ्तारी की।

इनमें सत्संग आयोजन समिति से जुड़े चार पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। वहीं, पुलिस ने मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में राम लडैते यादव (मैनपुरी), मंजू यादव (हाथरस), उपेंद्र सिंह यादव (फिरोजाबाद), मंजू देवी यादव (हाथरस), मेघ सिंह (हाथरस) और मुकेश कुमार (हाथरस) शामिल हैं। ये सभी सेवादार हैं। अभियुक्तों ने पूछताछ में कई बड़े खुलासे किए हैं।

उन्होंने श्रद्धालुओं को भोले बाबा के चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिसके बाद भगदड़ मच गई। हालात खराब देखकर ये सेवादार भाग निकले। मालूम हो कि सोमवार को घटी इस घटना में उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के कुल 121 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई थी, जिसमें अधिकांश महिलाएं शामिल हैं।

### आगरा में 17 शवों का किया गया अंतिम संस्कार, कई गांवों में नहीं जले चूल्हे



रहनकलां गांव पहुंचे केंद्रीय मंत्री बघेल ने परिजनों को बंधाया ढांढस।

**आगरा।** हाथरस में हुए मौत के सत्संग ने हर किसी को दहला दिया है। आगरा के ही 17 लोगों की हादसे में मौत हो गई और कई लोगों जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। अधिकांश शवों के अंतिम संस्कार कर दिए गए। कई गांवों में हादसे के बाद चूल्हे नहीं जले हैं। बुधवार को एत्मादपुर के रहनकलां में परिवारीजनों को ढांढस बंधाने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल और सपा नेता वीरेंद्र सिंह चौहान भी पहुंचे। आगरा में सर्वाधिक मौत एत्मादपुर क्षेत्र में हुई है। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि इस मामले में सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

### महिला-पुरुष सेवादारों को मिलती है कमांडो ड्रेस

कार्यक्रम के आयोजन के लिए इन लोगों को विभिन्न प्रकार की वर्दी दी गई है। भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा के लिए महिलाओं एवं पुरुषों को काले रंग की कमांडो ड्रेस व एकरूपता के लिए पिंक ड्रेस भी दी जाती है, जिससे वो भीड़ को अपने हिसाब से नियंत्रित कर सकें।

### भीड़ और चंदा इकट्ठा करना था सेवादारों का काम

अलीगढ़ मंडल के आईजी शलभ माथुर ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि वे आयोजन समिति के सदस्य हैं एवं सेवादार के रूप में कार्य करते हैं। इनका मुख्य कार्य सत्संग कमेटी में भीड़ इकट्ठा करना और चंदा इकट्ठा करना है। साथ ही ये बैरिकेटिंग द्वारा भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं को धूप व गर्मी से बचाने के लिए पंडाल की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर खड़ंजा, बिजली की आपूर्ति हेतु जेनरेटर की व्यवस्था, सफाई इत्यादि की व्यवस्था भी करते हैं।

### अनियंत्रित भीड़ को छोड़कर भाग निकले सेवादार

पूछताछ में यह जानकारी भी सामने आई कि बाबा के अनुयायियों में बाबा के बारे में काफी मान्यताएं हैं। बाबा के चरणरज से बहुत सारे संकट दूर हो जाते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया है कि हम लोग बाबा के काफिले को भीड़ के बीच से निकालने के लिए आगे व पीछे दौड़ते हैं। उस दिन भी बाबा की चरणरज के लिए भीड़ गाड़ी के पास आई तो सेवादारों ने भीड़ को रोका और जैसे ही काफिला आगे निकल गया तो सेवादारों ने भीड़ को चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिससे वहां पर महिलाएं व बच्चे एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे और अफरा-तफरी मच गई। यह देखकर सेवादार वहां से जल्दी निकल गए। विवेचना में यह भी प्रकाश में आया है कि यह लोग पुलिस प्रशासन को आयोजन की फोटो, वीडियो बनाने से रोकते थे एवं उनके साथ अभद्रता करते थे। पुलिस द्वारा ये भी विवेचना की जा रही है कि इन सेवादारों में से किसी के द्वारा कोई आपराधिक साजिश तो नहीं की गई है।

**बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात हुआ हादसा**

# झोपड़ी पर पलटा ट्रक मां व दो बेटों की मौत

- पुलिस ने ट्रक को क्रेन से उठवाकर निकाले तीनों के शव





सरला, करन और विक्की।

संवाददाता बांगरमऊ (उन्नाव)

**अमृत विचार :** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में बुधवार देर रात चावल से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झोपड़ी पर पलट गया। इससे ट्रक के नीचे दबकर मां और दो बेटों की मौत हो गई। बाद में पुलिस ने ट्रक को क्रेन से सीधा कराया और तीनों शव निकाले। हादसे के बाद गांव में कोहराम मच गया।

बेहटा मुजावर में बांगरमऊ-संडीला रोड स्थित पुराना पुलिस थाना भवन के पास गांव की सरला झोपड़ी में मिठाई व नमकीन आदि की दुकान चलाकर अपने दो बच्चों का भरण-पोषण करती थी। बुधवार देर रात सरला बच्चों विक्की (13) व करन (15) के साथ झोपड़ी में सो रही थी। देररात करीब डेढ़ बजे संडीला जा रहा चावल से लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर झोपड़ी पर पलट गया। इसमें मां व उसके दोनों बेटे ट्रक के नीचे दब गए।



झोपड़ी पर पलटा ट्रक।

घटना की सूचना पर सीओ अरविंद कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और क्रेन से पलटे ट्रक को सीधा कराया। तब तक मां व उसके दोनों बेटों की मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। सीओ ने बताया कि ट्रक कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।

# हेमंत सोरेन बने झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री

रांची, एजेंसी



- राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दिलाई शपथ

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने गुरुवार की शाम यहां राजभवन में राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। झारखंड के राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन ने राजभवन में हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, उनकी मां रूपी सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थे। बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले चंपई सोरेन भी इस अवसर पर मौजूद थे। हेमंत सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत दिए जाने के बाद 28 जून को जेल से रिहा कर दिया गया था।

# नीट-यूजी रद नहीं करने की सुप्रीम कोर्ट में अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

- 50 से अधिक सफल अभ्यर्थियों ने दाखिल की याचिका

नीट-यूजी में सफल हुए गुजरात के 50 से अधिक परीक्षार्थियों ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर केंद्र व एनटीए को पांच मई को हुई परीक्षा रद नहीं करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। उन्होंने शीर्ष अदालत से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को नीट-यूजी परीक्षा में पेपर लीक और नकल जैसी अनुचित गतिविधियों में शामिल छात्रों तथा अन्य लोगों की जांच व पहचान करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश देने की भी मांग की है। गुजरात के 56 छात्रों ने यह याचिका ऐसे समय में दायर की है, जब कुछ ही दिन पहले मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है। इन याचिकाओं में दोबारा परीक्षा कराने और पहले हुई परीक्षा की जांच की मांग की है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी का आयोजन करती है। इस साल पांच मई को 4,750 केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी।

# प्रधानमंत्री से मिली टीम इंडिया, मोदी बोले-शाबाश मेरे शेरों...



**नई दिल्ली।** टी-20 विश्वकप जीतने के बाद गुरुवार को सुबह स्वदेश लौटी भारतीय क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह ने प्रधानमंत्री को नमो वन की जर्सी भेंट की। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम के सदस्य टी-20 ट्रॉफी के साथ मोदी से जोश और उत्साह से मिले। प्रधानमंत्री ने टीम को भारत की झोली में एक और ट्रॉफी डालने के लिए शाबाशी दी। खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट के अपने अनुभव साझा किए और हंसी मजाक करते दिखे।

# बिहार के सारण में एक और पुल ढहा

पटना, एजेंसी

**राज्य में एक पखवाड़े के भीतर यह 10वीं घटना**

बिहार के सारण जिले में गुरुवार को एक और पुल गिर गया जो राज्य में पिछले एक पखवाड़े में पुल ढहने की 10वीं घटना है। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि यह पिछले 24 घंटे के भीतर सारण में पुल ढहने की तीसरी घटना है। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष पूर्व स्थानीय प्रशासन द्वारा बनाया गया पुल गुरुवार सुबह गिर गया जिसमें किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। गंडकी नदी पर बनयपुर प्रखंड में बना यह छोटा पुल सारण के कई गांवों को पड़ोसी सिवान जिले से जोड़ता था। इसका निर्माण 15 साल पहले हुआ था। बुधवार को सारण जिले में जनता बाजार क्षेत्र और लहलादपुर क्षेत्र में दो छोटे पुल ढह गए थे। सिवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में पिछले 16 दिन में 10 पुल ढह गए हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य में सभी पुराने पुलों का सर्वेक्षण करने तथा तत्काल मरम्मत की जरूरत वाले पुलों की पहचान करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। पुलों के लिए रखरखाव नीति भी तैयार करने को कहा है। उधर, राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि राज्य में 18 जून से अब तक 12 पुल गिर चुके हैं...प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोनों ही इन घटनाओं पर चुप हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल कर बिहार सरकार को पुलों का संरचनात्मक ऑडिट कराने तथा एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है ताकि उन पुलों की पहचान की जा सके जिन्हें या तो मजबूत किया जा सकता है या जिन्हें गिराया जाना चाहिए। अधिवक्ता ब्रजेश सिंह की ओर से दाखिल जनहित याचिका में राज्य के पुलों की सुरक्षा तथा मजबूती को लेकर चिंता व्यक्त की गई है।

# चिंता का सबब : मानसून शुरू होते ही दरकने लगे हैं पहाड़

**ग्रीष्म सीजन में वाहनों के अत्यधिक दबाव व कंपन के भूगर्भीय अध्ययन की जरूरत**

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** जर्जर होते पर्वत मानसून की शुरुआत में ही दरकने लगे हैं। गत वर्ष की तुलना में इस बार पहाड़ों से मलबा शुरुआती दौर में ही अधिक संख्या में आया है। नैनीताल को जोड़ने वाले वाले तीनों राज मार्गों पर दर्जनों जगहों पर बोल्डर व मलबा आने का क्रम कुछ दिनों से जारी है। यह बड़ी चिंता का विषय है।

राज्य में 28 जून को मानसून ने दस्तक दे दी थी। तब से रोजाना बारिश का क्रम जारी है। हल्द्वानी, कालाढुंगी व भवाली मार्ग में तमाम जगहों पर निरंतर मलबा सड़कों पर आ रहा है। गंभीर बात है कि गत वर्षों की तुलना में इस बार मलबा काफी अधिक आ रहा है। मलबा आना स्वभाविक हो सकता है, लेकिन बोल्डरों का गिरना गंभीर है। बोल्डरों के ऊपर पहाड़ टिके होते हैं। इनके लगातार गिरने से पहाड़ों के मजबूती से टिके रह पाना मुश्किल हो जाता है और यह आपदा चिंता का बड़ा कारण है। जिसे लेकर चर्चा आम हो चली है। बोल्डरों के खिसकने का वैज्ञानिक कारणों का आज भी पुख्ता जानकारी का अभाव बना हुआ है। हालांकि माना जाता है कि जंगलों की आग पहाड़ों को कमजोर बना देती है। जिस कारण बरसात होते ही भूस्खलन होने लगता है। वहीं, ग्रीष्म सीजन में पहाड़ों में वाहनों का अत्यधिक दबाव भी अब बढ़ने लगा है, जिससे पहाड़ों से बोल्डरों व मलबा के गिरने का क्रम निरंतर बढ़ रहा है।



- तीन राजमार्गों पर दर्जनों स्थानों पर गिरे बोल्डर व मलबा

### अत्यधिक वाहनों का कंपन हो सकता है बड़ा कारण

पहाड़ों में आने वाले बड़ी संख्या में वाहनों के कारण पहाड़ों में कंपन होना स्वाभाविक है। नैनीताल में इस बार ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन के दौरान पिछले तीन माह के दौरान एक लाख से अधिक वाहन पहुंचे। इतनी बड़ी संख्या में आए वाहनों से अत्यधिक कंपन पहाड़ों को झेलना पड़ा है और जिस कारण इस बार बरसात शुरू होते ही मलबा के अलावा बोल्डर गिरने में वृद्धि होना संभव है।

### शोध के बाद ही पता चल सकेगा पहाड़ों के दरकने का कारण

डीएसबी परिसर के भूगर्भ विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो सीसी पंत कहते हैं कि पहाड़ों में आने वाले वाहनों से होने वाले कंपन का अभी तक भूगर्भीय दृष्टि से अध्यन नहीं हुआ है। जिस कारण वाहनों द्वारा कंपन से पहाड़ों को होने वाले नुकसान के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इस दिशा में शोध के बाद ही सही पता चल पाएगा। उन्होंने इस संदर्भ में शोध किए जाने की आवश्यकता जताई।

## एक नजर

### शटर उठाकर दुकान में चोरी

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में सर्वेश विश्नोई की शिव मंदिर के पीछे दुकान है। उसमें चोर ने बुधवार देर रात शटर उठाकर चोरी की। सुबह चोरी का पता चला तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने जांच की। परचून दुकानदार ने बताया कि चोरों ने उठाकर उसकी गुल्लक में रखे करीब 02-03 हजार रुपये निकाल लिए हैं। पुलिस ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा जा रहा रहा है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### वृद्ध ने बीमारी से ऊबकर दी जान

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में सफीपुर निवासी 65 वर्षीय कालिका प्रसाद अवस्थी उर्फ कल्लू ने बीमारी से ऊबकर घर के बगल में पड़ोसी के प्लॉट में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि वह 2018 में कूल्हे के ऑपरेशन के बाद से अवसाद में चल रहे थे। उन्होंने बुधवार देर रात घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

### सड़क पर गिरकर अधेड़ की मौत

**कानपुर।** सीसामऊ थानाक्षेत्र में गांधी नगर निवासी 50 वर्षीय देवेश मिश्रा घर से किसी काम से निकले थे। इस दौरान किसी का धक्का लगने से वह गिर गए। बेटे पीयूष ने बताया कि सड़क पर गिरने से उनके सिर पर चोट आ गई। आसपास के लोगों की सूचना पर वह लोग पहुंचे और हैलट अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

### लोको ग्राउंड से नौ जुआरी गिरफ्तार

**कानपुर।** रेलबाजार थाना क्षेत्र में रेलवे लोको ग्राउंड से जीत हार की बाजी लगा कर जुआ खेल रहे नौ जुआरियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मौके से पुलिस ने 27500 रुपये, तलाशी के दौरान 2470 रुपये, 10 मोबाइल फोन बरामद किया। पुलिस ने छोटे सिंह, आशीष, महेंद्र, राजेश कुमार, शैलेंद्र रावत, कमल मिश्रा, अर्जुन, मोनू यादव, राहुल जायसवाल को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



गुरुवार को बारिश के बाद कर्रही में जलभराव। अमृत विचार

- सर्वोदय नगर इलाके में महापौर प्रमिला पांडेय ने की सफाई अधिकारियों को फटकार

**यहां भी जलभराव**

पनकी के पास कपली, लौकपुरवा, रतनपुर, बहेड़ा, साकेत नगर, नौबस्ता, गुजैनी, दामोदर नगर, गोविंद नगर, परमपुरवा, टीपी नगर, मरियमपुर, खलवा पुल, ग्वालटोली, आर्य नगर में पानी भरने से लोग परेशान रहे।

# कर्रही रोड बनी तालाब, नानकारी में घरों के भीतर तक घुसा पानी

## झमाझम बारिश से पॉश एरिया के साथ ही सोसायटी वाले मोहल्लों में जलभराव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुरुवार भोर में हुई तेज बारिश से एक बार फिर पूरा शहर पानी में डूब गया। बर्रा बाईपास से खाड़ेपुर जाने वाला कर्रही मार्ग तो तालाब बन गया। सोसायटी क्षेत्रों में घरों तक पानी भर गया। बरसात के बीच महापौर प्रमिला पांडेय ने मुख्य अभियंता को लेकर नालों की हकीकत जानी तो जगह-जगह नाले उफनाये मिले। सर्वोदय नगर में तो महापौर ने खुद डंडे से नाली सफाई करने की कोशिश की। वहीं, नानकारी में तो जलभराव देव वह चकित रह गईं। यहां घरों के अंदर तीन फुट तक पानी भरा था। महापौर ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुये कहा कि पानी की निकासी की व्यवस्था की जाये। जब तक पानी न निकल जाये नाला सफाई जारी रखें।

बारिश के बाद महापौर ने वार्ड 27 नानकारी और वार्ड 64 सर्वोदय नगर में नाला व नाली सफाई का निरीक्षण किया। सर्वोदय नगर में स्वास्थ्य विभाग का नाला भरा देख महापौर प्रमिला पाण्डेय ने अफसरों की जमकर क्लास ली। मुख्य अभियंता सैय्यद फरीद अख्तर जैदी के साथ पहुंची महापौर यहां डंडा लेकर खुद ही नाला साफ करने लगीं, इसको देखकर नगर निगम की टीम नाला सफाई में जुट गई और आस-पास बने अतिक्रमण को भी हटा दिया। गुबा गार्डेन और सर्वोदय नगर में माडल रोड में जलभराव मिला। कई स्थानों पर नालों पर अतिक्रमण भी मिला। स्वास्थ्य विभाग की नालियां साफ नहीं मिलीं। महापौर ने मौके पर मुख्य अभियन्ता सैययद फरीद अख्तर जैदी को अतिक्रमण तोड़कर कर नाला सफाई कराने व पंप लगाकर जलभराव दूर करने के निर्देश दिये। जोनल स्वच्छता अधिकारी विजय शुक्ला को नालियां साफ कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण में महाप्रबन्धक जलकल आनन्द त्रिपाठी, अधिशाषी अभियन्ता जोन-6, आरके सिंह, अधिशाषी अभियन्ता जलकल मो. शमीम से कहा कि ऐसे में लोग कैसे रहेंगे।



सर्वोदय नगर में चोक नाली साफ करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार




नाली चोक होने से भरा पानी। अमृत विचार

# धंसा फुटपाथ, पार्षद ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थाना क्षेत्र के वार्ड 11 सफीपुर में जीटी रोड किनारे लाइन चोक होने से समस्या
- जलकल महाप्रबंधक ने सफाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया

**अमृत विचार।** गुरुवार दोपहर चकेरी थानाक्षेत्र में वार्ड 11 सफीपुर स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी के पास दोपहर में अचानक जीटी रोड किनारे फुटपाथ धंस गया। पार्षद विजय लक्ष्मी यादव ने पति मनोज यादव के साथ पहुंचकर लापरवाही का आरोप लगाकर धरना देना शुरू कर दिया। आरोप था कि जलकल विभाग की लापरवाही से फुटपाथ धंसा है। छह घंटे बाद मौके पर जलकल के जीएम पहुंचे और चोक लाइन की सफाई कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना समाप्त हुआ।

पार्षद पति मनोज यादव ने बताया कि पिछले कई वर्षों से रामादेवी से शंकर नगर जाने वाली लाइन चोक पड़ी हुई है। इसी चोक लाइन के ऊपर हाईइवे का फुटपाथ भी बनाया गया है। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे लाइन चोक होने से अचानक फुटपाथ धंस गया और बड़ा सा गड्ढा हो गया। मनोज यादव ने बताया कि वे लगातार जलकल विभाग के अधिकारियों से लाइन की सफाई कराए जाने की मांग कर रहे थे। लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे थे। जिसके चलते फुटपाथ धंस गया। करीब शाम छह बजे जलकल के जीएम आनंद त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और लाइन साफ कराने का आश्वासन दिया।



पति के साथ धरने पर बैठी पार्षद विजय लक्ष्मी यादव ने नाराजगी जताई।

## रस्सी से टूटी टोकरी बांध नाला सफाई ...



नाला सफाई अभियान में नगर निगम खानापूर्ति कर रहा है और मानसून की बारिश में पूरा शहर जलमग्न हो रहा है। नगर निगम में संसाधनों की कमी है या अधिकारियों में कार्य करने की इच्छाशक्ति की कमी। संसाधनों की बात करें तो सिविल लाइंस में बिना मास्क लगाये श्रमिक रस्सी से टूटी टोकरी बांधकर नाला सफाई करते हुए दिख रहे हैं और टूटी कूड़े की गाड़ी पर ताला लटक रहा है। कागजों पर सब ठीक है। फोटो -मनोज तिवारी

# नौकरी लगवाने के नाम पर 4.30 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी करने का मामला

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां इलाके में सचिवलय में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी योगेन्द्र शिवहरे पर एक और एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने एक एक परचून दुकानदार की तहरीर पर नौकरी का झांसा देकर 4.30 लाख की ठगी कर लेने की रिपोर्ट दर्ज की है।

पुलिस ने चकेरी निवासी पीड़ित शुभम, हर्ष और दीपक की नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी शिकायत पर आरोपी को सनिगवां से किराए के घर से हिरासत में लिया था। साथ ही सचिवालय, रजिस्ट्रार आदि विभागों की मोहरें भी मिली थीं। कुछ संदिग्ध कागजात भी मिले थे। पुलिस की प्राथमिक जांच में 13 पीड़ितों से 29 लाख रुपये की ठगी की बात सामने आई थी। पुलिस आरोपी योगेंद्र शिवहरे पर सिमरन उर्फ शैफाली की तहरीर पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था। वहीं अभी भी कई पीड़ित थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर लेकर पहुंच रहे हैं। पुलिस ने अब सनिगवां निवासी परचून दुकानदार आशीष अग्रहरि की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई है।

पीड़ित के अनुसार आरोपी ने उन्हें भी मुख्यमंत्री के प्रोटोकॉल अधिकारी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 4.30 हजार की ठगी की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज किया गया है, आरोपी से अभी भी पूछताछ की जा रही है। एक अन्य उसके खिलाफ दिए गए प्रार्थना पत्र की जांच की जा रही है।

# निवेश में मुनाफा का झांसा देकर 1.94 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छावनी थानाक्षेत्र का मामला, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार।** छावनी थानाक्षेत्र में साइबर ठग ने मुनाफा कमाने का झांसा देकर महिला से 1.94 लाख की ठगी की। पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर के आदेश पर छावनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

छावनी के बागेपुरवा निवासी संगीता वर्मा के अनुसार कुछ माह पहले उनके मोबाइल पर एक एप डीएल लीस के माध्यम से निवेश कर दस दिन में मुनाफा कमाने का मैसेज आया था। जिस पर उन्होंने एप डाउनलोड कर उसमें तीन बार में 1.94 लाख रुपये लगा दिए। लेकिन दस दिन बीत जाने के बाद भी उनके खाते में न तो उनकी रकम आई और न ही कोई मुनाफे का रुपया आया। इस पर उन्होंने एप में दिये गए व्हाट्सएप नंबर पर अपनी रकम लौटाने को कहा तो मैसेज करने वाले ने टाल मटोली शुरू कर दी। जिससे तंग आकर उन्होंने छावनी थाने में शिकायत की। आरोप लगाया कि पुलिस के कार्रवाई न करने पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से गुहार लगाई। उनके आदेश पर छावनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

# व्यापारी को लहूलुहान कर नकदी और मोबाइल लूटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सचेंडी थानाक्षेत्र के बंगाली कालोनी भौंती के पास की घटना

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में बुधवार देर रात चकरपुर मंडी से घर वापसी जाते समय लुटेरों ने एक सब्जी व्यापारी से नकदी और मोबाइल लूट लिया। विरोध किया तो लुटेरों ने किसी भारी चीज से सिर पर प्रहार करके उसे लहूलुहान कर दिया। जिस वह सड़क पर गिर पड़े। किसी तरह पीड़ित घर पहुंचा और घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सचेंडी के ग्राम गंभीरपुर निवासी 40 वर्षीय नागेंद्र प्रताप कुरील चकरपुर मंडी में सब्जी का व्यापार करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बुधवार रात करीब 12 बजे के बाद वह दुकान बढ़ाने के बाद घर की ओर जा रहे थे। वह जैसे ही बंगाली कालोनी भौंती के पास पहुंचे ही थे, तभी कुछ लुटेरों ने सुनसान जगह पर रोकलिया। लुटेरों ने मुंह दबा दिया जिसका विरोध किया तो आरोपियों ने किसी भारी चीज से सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे सिर से खून निकलने लगा। इस पर लुटेरे 30 हजार रुपये और मोबाइल लूटकर भाग निकले। सचेंडी पुलिस ने मामले की जांच कर आसपास चेकिंग लगाई। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। एसीपी पनकी श्वेता कुमारी का कहना था कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। उसका मोबाइल सर्विलांस पर लगवा दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### मोहर्रम को लेकर की बैठक

कानपुर। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जोन राम सेवक गौतम ने थाना फजलगंज परिसर पर मोहर्रम के दृष्टिगत जोन के समस्त सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ताजिया बनाने और रखने वाले, जुलूसों के आयोजकों और एस-10 के साथ मीटिंग की। जिसमें सभी जुलूसों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में वार्ता की गई। अराजकता फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान करते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूपनगर शिखर, स्वरूपनगर सर्किल के समस्त सीसामऊ थाना सीसामऊ,चमनगंज के प्रभारी उपस्थित थे।

### महिला से छेड़छाड़ के विरोध पर मारपीट

कानपुर। फीलखाना थानाक्षेत्र में गुरुवार दोपहर घर के नीचे मोटर चलाने गई महिला से इलाके के युवक ने बदनीयती से दबोचकर छेड़छाड़ कर दी। पीड़िता का आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट करते हुए उनके कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े तो आरोपी धमकाते हुए भाग निकला।

फीलखाना क्षेत्र के पटकापुर में रहने वाली महिला ने बताया कि दोपहर में वह घर के नीचे पानी की मोटर चलाने गई थी। तभी इलाके में रहने वाला युवक घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। उन्होंने विरोध किया तो मारपीट करते हुए भाग निकला। फीलखाना थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि पानी भरने को लेकर विवाद हुआ था छेड़छाड़ का आरोप गलत है।

### दो चोरों को माल समेत पकड़ा

**कानपुर।** महाराजपुर पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में सोफियान और अनिल निवासी फुफवारसुईथोक है। आरोपियों के पास से एक पैंडल, दो कान की बाली, चार बिछिया, दो झुमकी, एक पायल बरामद हुई है। आरोपियों ने धनीराम श्रीवास्तव के घर चोरी की घटना को 28 जून को अंजाम दिया था।

# रनवे पर लाइट लगाने को भूमि नहीं मिली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विमान को लैंडिंग इशारा देने के लिए लगनी हैं 1000 मीटर तक लाइट
- नाइट लैंडिंग की व्यवस्था में चंद लाइटों का रोड़ा अटका है

**अमृत विचार।** कानपुर एयरपोर्ट पर विमानों की संख्या बढ़ाने के सारे जतन किये जा रहे हैं। इसी जतन में एक नाइट लैंडिंग का है, यानी रात में विमानों के आवागमन की सारी व्यवस्था करना है। एयरपोर्ट से लेकर रनवे तक सारी व्यवस्था पूरी कर ली गई हैं लेकिन रनवे के पहले 1000 मीटर तक लाइट लगने के लिए जमीन नहीं मिल पा रही है। इस लाइट से रात में पायलट रनवे की स्थिति समझने में धोखा नहीं खायेंगे।

दो साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब कानपुर आये थे तब रात होने की वजह से एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोलर) ने सुरक्षा के लिहाज से विजिबिलिटी कम होने का हवाला देकर उड़ान की इजाजत नहीं दी थी। जिसपर मोदी को लखनऊ तक सड़क से मार्ग से जाना पड़ा था और फिर वहां से दिल्ली के लिए उड़ान भरनी पड़ी थी। उसके बाद नया एयरपोर्ट भी बन गया और उड़ान भी शुरु हो गईं। नया आईएलएस (इंट्रूमेंट्स लैंडिंग सिस्टम) भी लग गया



लेकिन नाइट लैंडिंग की व्यवस्था में चंद लाइटों के नहीं होने के कारण रात में विमानों का मामला लटका हुआ है।

दरअसल जहां से रनवे पर विमान लैंड करने के लिए उतरते हैं, उसके पहले 1000 मीटर तक लाइट लगना है लेकिन उसके लिए जमीन का अधिग्रहण अभी तक नहीं हो सका है। फाइटर जेट के लिए इस रनवे पर उतरने के लिए लाइटों की जरूरत नहीं है। इस संबंध में एयरपोर्ट के निदेशक संजय कुमार का कहना है कि ये मामला एयरफोर्स के अधीन है।

## अधिकरण सदस्य बने गुना सिंह बौनाल

**कानपुर।** एसजीएसटी के अपर आयुक्त ग्रेड वन गुना सिंह बौनाल का प्रमोशन हो गया। शासन ने उन्हें वाणिज्य कर अधिकरण का सदस्य बनाया है।

गुना सिंह बौनाल के प्रमोशन पर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने हर्ष जताया है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बंद मकान में चोरी करने वाले चार किशोर दबोचे

**कानपुर।** गुजैनी थानाक्षेत्र में बंद पड़े मकान का ताला तोड़ कर चोरी की करने वाले चार किशोरों को गुजैनी पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई नकदी सामान बरामद किया।

तात्याटोपे नगर निवासी कामिनी दुबे बीते 12 जून को अपने बेटे के साथ निजी काम से दिल्ली गई थीं। 21 जून की सुबह करीब 11:30 बजे वह घर पहुंची तो चोरी का पता चला। थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों में कुछ किशोर कैद हुए थे। फुटेज के आधार पर चारों आरोपियों को गुरुवार को पुलिस ने पकड़ा। आरोपियों के पास से पुलिस ने 8 हजार नकद और सामान बरामद किया।

## पैचवर्क में सड़क ऊबड़-खाबड़ की

**कानपुर।** सीटीआई चौराहे पर पाइप लाइन की मरम्मत के दौरान खोदी गई सड़क आठ माह बाद ठीक कराई गई लेकिन पैचवर्क के नाम पर यहां सड़क ऊबड़-खाबड़ कर दी गई है। जिससे वाहन सवार राहगीरों को जोर का झटका लगता है। कई बार वाहन पलटने तक की नौबत आ जाती है।

**अनियमितता** मरीजों को जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए खोले गए हैं यह केंद्र

# जनऔषधि केंद्रों में 55 तरह की दवा, बिल नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मरीजों को जेनेरिक दवाएं कम रेट में उपलब्ध हो सकें, इसके लिए केंद्र सरकार ने अस्पतालों में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित कराए हैं। इन केंद्रों में छह सौ से लेकर 12 सौ दवाएं उपलब्ध होनी चाहिए, लेकिन हैलट अस्पताल में स्थापित जन औषधि केंद्र में सिर्फ 55 तरह की ही दवाएं उपलब्ध हैं और बिल भी नहीं दिया जा रहा है।

हैलट अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन तीन से चार हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ओपीडी गेट पर ही प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र है। लेकिन यहां दवाओं का टोटा है। जनऔषधि केंद्र का ऐसा हाल करीब चार माह से अधिक समय से है। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा है। वहीं, जो दवाएं केंद्र से बेची जा रही हैं, उसके बिल भी नहीं दिए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक जनऔषधि केंद्र में जेनरिक के साथ ही कुछ बाहर की दवाएं भी बिक्री की जा रही हैं। कर्मचारियों के मुताबिक केंद्र में अभी सिर्फ 55 तरह की दवाएं उपलब्ध हैं, जल्द ही सभी दवाएं केंद्र में आ जाएंगी।



केंद्र में बिल न देने की जानकारी करते प्रमुख अधीक्षक।

### प्रमुख अधीक्षक ने दिए बिल देने के निर्देश

हैलट के प्रधानमंत्री जन औषधि में गुरुवार दोपहर हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह पहुंचे। पहले वह पास खड़े होकर देखते रहे कि केंद्र से दवा लेकर निकल रहे ग्राहकों को बिल दिया जा रहा है कि नहीं। उसके बाद उन्होंने केंद्र में मौजूद कर्मचारियों से जानकारी की। पता चला कि बिल नहीं दिए जा रहे हैं। न ही कंप्यूटर सिस्टम और न ही प्रिंटर मशीन लगी है। उन्होंने जल्द से जल्द दवा के साथ उनके बिल देने के सख्त निर्देश दिए ।केंद्र की मोहर भी कर्मचारी ठीक से नहीं दिखा सके। उनसे प्रमुख अधीक्षक ने कहा कि कमियों को जल्द दूर कराया जाए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
पहले मेरा नाम AKASH था अब मैंने बदलकर अपना नाम AKASH RAJBHAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये S/O: JIYALAL R/O-SADHAN PATTI BENI GAURA,AZAMGARH

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र गुलजार व पुत्रवधू जीनत को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। दोनों के द्वारा किए गए लेनदेन, वाद, विवाद, क्रिया कलाप व मुकदमें बाजी से मेरा कोई सरोकार व वास्ता नहीं है। इसके यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। शहनाज बेगम पत्नी बाबू खां निवासी-मो. किदबई नगर, दरगाह वाली गली, कस्बा व थाना छिबरामऊ, कन्नौज

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **कौशिल्या देवी पत्नी श्री गुलाब सिंह, निवासी -ग्राम हूम पो0 नलायना तहसील सरकागत जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश पिन** 175026, मेरा गलत नाम कौशला देवी है तथा सही नाम कौशिल्या देवी है। मै कौशिल्या देवी व कौशला देवी उपरोक्त दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ तथा अब कौशिल्या देवी उपरोक्त नाम से भविष्य में जानी व पहचानी जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि भारतीय जीवन बीमा निगम की पालसी संख्या 214809395 मे मेरा नाम मीनाक्षी सिंह है, जो कि मेरा घरेलू नाम है। आधार कार्ड व शैक्षणिक अभिलेखों में तान्या सिंह अंकित है, इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **तान्या सिंह पुत्री स्व0 मनोज कुमार सिंह व माता का नाम ममता सिंह, 1595, नवीपुर, सुल्तानपुर सिटी, सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश - 228001**

**सूचना**
सूचित हो कि भारतीय जीवन बीमा निगम की पालसी संख्या 214810376 मे मेरा नाम स्वाती सिंह है, जो कि घरेलू नाम है। आधारकार्ड व शैक्षणिक अभिलेखों में मान्या सिंह अंकित है, इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **मान्या सिंह पुत्री स्व मनोज कुमार सिंह व माता का नाम ममता सिंह, 1595, नवीपुर, सुल्तानपुर सिटी , सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश -228001**

**सूचना**
सूचित हो कि मै मेरे पुत्र के स्कूल अभिलेखों में त्रृटिवश उसका नाम अशीष मेहता (ASHEESH MEHTA ) अंकित हो गया है जबकि उसका सही नाम उसका सही नाम आशीष मेहता (ASHEESH N. MEHTA ) जन्मतिथि -18/04/2010 है जोकि आधार कार्ड में भी अंकित है अत: मेरे पुत्र के स्कूल अभिलेखों में उसका सही नाम (ASHEESH N. MEHTA ) अंकित किया जाय। **राजीव मेहता पुत्र डा0डी0आर0 मेहता, निवासी-2/727, सेक्टर-एच, जानकीपुरम् लखनऊ**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि प्रार्थी **मोहम्मद कलीम पुत्र अब्दुल अलीम, निवासी-मोहल्ला चाईटोला कस्बा व थाना नवाबगंज** का स्थाई निवासी है। प्रार्थी का पासपोर्ट संख्या M 55 84091 त्रुटिवश कलीम पुत्र अब्दुल अलीम के नाम से निर्गत हो गया है, जबकि आधार कार्ड में मोहम्मद कलीम पुत्र अब्दुल अलीम अंकित है। अत: पासपोर्ट में प्रार्थी का नाम कलीम के स्थान पर मोहम्मद कलीम अंकित किया जाना आवश्यक है।

## आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 29.6° अधिकतम तापमान | 24.6° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:21 | सूर्यास्त 07:06 |

## एक नजर

### 10 लाख रुपये न देने पर दिया तीन तलाक, रिपोर्ट

**कानपुर।** 10 लाख रुपये की मांग पूरी न करने पर युवक ने पत्नी को तीन तलाक दे दिया। विवाहिता ने बजरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। कंघी मोहाल निवासी अलसिफा ने बताया कि 7 मई 2023 को उसकी शादी ग्रेटर नोएडा निवासी मो.कामरान के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुरालीजन 10 लाख रुपये की मांग करने लगे। 15 फरवरी को गर्भावस्था के दौरान ससुरालीजनों ने मारपीट की। पीड़िता ने बजरिया थाने में ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

# महिला के शव से जेवर चुराने में नजीराबाद पुलिस दोषी पाई गई

**खाकी पर दाग**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मां की हत्या करने के बाद बेटे ने की थी आत्महत्या
- दूसरे बेटे ने जेवर वापस मांगे तो ठोक दिया था मुकदमा
- डीसीपी ने आरोपी पुलिस वालों को सिर्फ चेतावनी देकर बचा लिया था



**अमृत विचार।** नजीराबाद थाना क्षेत्र के आर के नगर इलाके में बेटे ने मां की गला दबाकर हत्या करने के बाद खुद फांसी लगाकर जान दे दी थी। इस मामले में मृत मां के शव से जेवर गायब हो गए थे। इसकी जांच में नजीराबाद पुलिस को दोषी माना गया है। इस गंभीर प्रकरण में एक ओर नजीराबाद पुलिस ने शव से जेवर चुराने का खेल कर दिया, वहीं दूसरी ओर इस प्रकरण में दोषियों को दंड देने का नंबर आया तो जांच अधिकारी डीसीपी दक्षिण ने सभी को चेतावनी देकर छोड़ दिया। एडिशनल सीपी ने डीसीपी की चेतावनी की सजा को रद करके दंड निर्धारण का आदेश दिया है।

नजीराबाद थाना क्षेत्र के रामकृष्ण नगर में 12 अप्रैल 2023 को निखिल उर्फ विवेक ने मां राजकुमारी की हत्या कर आत्महत्या कर ली थी। राजकुमारी के बड़े बेटे जितेंद्र उर्फ दुर्गेश ने बताया कि मां की मौत के दौरान उनके शरीर पर सोने की चेन, अंगूठियां और कंगन मौजूद थे। आरोप है कि घटनास्थल की जांच के दौरान तत्कालीन नजीराबाद थाना प्रभारी कौशलेन्द्र प्रताप सिंह और चौकी इंचार्ज रवि कुमार की मौजूदगी में नजीराबाद पुलिस ने शव से जेवरात उतारकर अपने कब्जे में लिए थे। मगर, जेवरों का जिक्र न ही पंचायतनामा में किया और न ही जनरल डायरी में दर्ज किया। आरोप है कि परिजन अंतिम संस्कार करने के बाद नजीराबाद थाने मां के जेवरात लेने गए तो उन्हें धमका कर भगा दिया गया। उन्होंने 22 जून 2023 को आईजीआरएस पोर्टल पर मामले की शिकायत दर्ज करा दी। इससे नाराज पुलिस ने 23 जून 2023 को निखिल की पत्नी से तहरीर लेकर उल्टे पीड़ित जितेंद्र उर्फ दुर्गेश पर ही चोरी का मुकदमा लिखवा दिया। इस प्रकरण की जांच पुलिस कमिश्नर के आदेश पर हो रही थी। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि मामले की जांच अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय विपिन मिश्रा को दी गई थी और जांच में नजीराबाद के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक व चौकी प्रभारी समेत अन्य पुलिस कर्मियों को दोषी माना गया है। पुलिसकर्मियों के दोषी पाए जाने के बाद जब विभागीय दंड निर्धारण के लिए डीसीपी दक्षिण रवीन्द्र कुमार को जिम्मेदारी दी गई तो उन्होंने पुलिसकर्मियों को केवल चेतावनी देकर छोड़ दिया। अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय विपिन मिश्रा ने बताया कि चेतावनी कोई दंड नहीं है। इसलिए डीसीपी दक्षिण को जांच पत्रावली वापस भेजकर दोबारा से न्यायोचित दंड निर्धारण करने का आदेश दिया गया है।

# पुलिस ने धाराओं में खेल कर लगाई चार्जशीट, पीड़ित ने जताई आपत्ति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काकादेव थानाक्षेत्र का मामला, आठ माह पूर्व दवा कारोबारी से की थी मारपीट

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में मेडिकल स्टोर संचालक पिता-पुत्र के घर में घुस कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने खेल करते हुए हत्या के प्रयास व शस्त्र अधिनियम की धाराएं हटा कर चार्जशीट दाखिल कर दी, जबकि पुलिस ने मौके से खाली खोखे बरामद किए थे। पीड़ित ने आपत्ति जताते हुए अधिकारियों से दोबारा जांच कराने की मांग की है।

गीतानगर निवासी मेडिकल स्टोर संचालक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि 29 नवंबर को कल्याणपुर निवासी राजेश चंदेल, उनका बेटा अंश, अनुज राजावत, श्रवण शुक्ला और छोटू उर्फ पोलाक समेत 15 लोग असलहों से लैस होकर घर पर आए और उन्हें लाठी डंडों से पीट दिया। शोरगुल सुन कर बेटा आशीष व पत्नी मधु और चालक रईस ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनकी भी जमकर पिटाई की और कई राउंड फायरिंग करते हुए फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पीड़ित की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से खाली खोखे बरामद किए। पीड़ित ने काकादेव थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। संतोषजनक जांच न होने पर पीड़ित ने स्वरूप नगर जांच ट्रांसफर करवा दी थी। जहां विवेचक विशेष कुमार ने हत्या का प्रयास और शस्त्र अधिनियम की धारा लगाए बिना ही चार्जशीट दाखिल कर दी। एसीपी स्वरूप नगर शिखर ने बताया कि पीडित्त की आपत्ति के बाद नए सिरे से जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उन्हें शामिल करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# मेगा लेदर क्लस्टर के लिए बिना अनुमति खरीद ली प्रतिबंधित भूमि

## अनुसूचित जाति, जनजाति की भूमि खरीदने से पहले जिलाधिकारी से लेनी होती अनुमति

**एक्सक्लूसिव**

शिव प्रकाश मिश्र, कानपुर

- सपई और मनोह गांव में मेगा लेदर क्लस्टर डेपलपमेंट कंपनी ने की मनमानी



**अमृत विचार।** मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना एक बार फिर फंस गई है। कंपनी के निदेशकों ने मनोह और सपई गांव में जो भूमि खरीदी है उसमें बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। कंपनी ने अनुसूचित जाति के किसानों की भूमि खरीदने से पहले डीएम से अनुमति ही नहीं ली। बैनामे के बाद राजस्व अभिलेख भी एसडीएम सदर को सौंप दिए। ऐसे एक दो नहीं बल्कि कई बैनामे हुए हैं जो बिना अनुमति के कराए गए हैं। अब ये बैनामे रद हो सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो एक बार फिर से परियोजना मूर्त रूप नहीं ले पाएगी। साथ ही करोड़ों रुपये भी कंपनी के डूब जाएंगे।

मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट यूपी लिमिटेड ने मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना के लिए रमईपुर के पास प्रशासन से ग्राम समाज की 42.02 हेक्टेयर भूमि आठ साल पहले पुनर्गहीत कराई थी। 22 हेक्टेयर भूमि किसानों से खरीदा था। 35.238 हेक्टेयर भूमि ग्राम समाज की सुरक्षित श्रेणी की थी जिसे लेने के लिए इतनी ही भूमि कंपनी किसी और गांव में खरीद कर प्रशासन को देती। इस नियम के तहत पहले कंपनी ने नर्वल तहसील के साढ़ गांव में भूमि खरीद ली थी। चूंकि साढ़ गांव नर्वल तहसील में था ऐसे में भूमि की अदला- बदली का कंपनी की ओर से दिया गया प्रस्ताव प्रशासन ने खारिज कर दिया था। परिणाम स्वरूप प्रोजेक्ट आठ साल से मूर्त रूप नहीं ले सका। डीएम के कहने पर कंपनी ने सपई, मनोह समेत तीन गांवों में उतनी ही मालियत की भूमि किसानों से खरीद ली और ग्राम समाज की सुरक्षित श्रेणी की भूमि के बदले प्रशासन को देने का प्रस्ताव दिया। प्रस्ताव तो स्वीकार हो गया पर अब जो खुलासा हुआ है उससे भूमि की अदला- बदली का कार्य फंस सकता है। सुरक्षित श्रेणी की भूमि को लेकर क्लस्टर स्थापना का ख्वाब देख रहे कंपनी के डायरेक्टरों के लिए यह किसी बड़े झटके से कम नहीं है। क्योंकि अनुसूचित जाति के लोगों से क्रय की गई भूमि के बैनामे से पहले जिलाधिकारी से अनुमति नहीं ली गई है। बिना अनुमति के क्रय की गई भूमि के बदले में प्रशासन कंपनी को सुरक्षित श्रेणी की भूमि नहीं दे सकता है। अनुसूचित जाति, जनजाति के भू स्वामी की भूमि कोई भी अल्पसंख्यक समुदाय या सवर्ण जाति का व्यक्ति तब तक नहीं खरीद सकता है जब तक कि जिलाधिकारी अनुमति न दें। अगर कोई व्यक्ति बिना अनुमति भूमि क्रय कर लेता है तो बैनामे को जिलाधिकारी शून्य घोषित कर सकते हैं।

### केंद्र सरकार से मिलनी है वित्तीय मदद

क्लस्टर की स्थापना के लिए 125 करोड़ वाणिज्य मंत्रालय देगा। इस राशि से जलापूर्ति, सीवेज, ड्रेनेज, हार्टीकल्चर, प्रशासनिक भवन, डिजाइन लैब, सड़क, चहारदीवारी, स्ट्रीट लाइट, इंटरनल वाटर सप्लाई, इंटरनल स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज, आईटी एंड टेली कम्यूनिकेशन, टेस्टिंग लैब, वैल्यू एडीशन सेंटर, हॉस्टल आदि के निर्माण पर आवंटित होना है। इसी तरह नमामि गंगे मिशन से 200 करोड़ रुपये कामन इफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट के लिए मिलना है। 50 करोड़ रुपये कामन फैसिलिटी सेंटर के लिए राज्य सरकार से मिलना है। ये वित्तीय मदद फिलहाल फंस जाएगी। धनराशि तभी मिलेगी जब लक्ष्य के अनुरूप कंपनी के पास भूमि होगी।

> अनुसूचित जाति के किसानों की भूमि बिना जिलाधिकारी की अनुमति के खरीदने का मामला संज्ञान में आया है। ऐसे में कंपनी को अभी सुरक्षित श्रेणी की भूमि पर कब्जा नहीं दिया जा सकता है। इस संबंध में जिलाधिकारी को अवगत करा दिया है। एक दो नहीं बल्कि कई बैनामे नियम विरुद्ध हैं।
>
> – प्रखर कुमार सिंह, एसडीएम सदर

### अग्निवीर भर्ती की दौड़ बारिश की भेंट चढ़ी...



गुरुवार को कैंट एरिया में अग्निवीर जवानों की भर्ती का कार्य शुरु हुआ जिसमें बारिश ने अड़ंगा डाला। बारिश के कारण दौड़ नहीं हो सकी। कई जवान अपने मूल दस्तावेज नहीं लाये थे जिसके कारण उन्हें वापस जाना पड़ा। गुरुवार को सुबह 4 बजे से 9 बजे तक चली भर्ती परीक्षा में युवाओं की भीड़ रही। इस मौके पर 5800 अग्निवीरों की भर्ती होनी है। ये भर्ती 10 दिनों तक चलेगी।

# संपर्कक्रांति के कोच में मिला डेढ़ किलो गांजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर देखा गांजे का बैग



**अमृत विचार।** भुवनेश्वर से आनंद विहार जाने वाली 12819 संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में लावारिस बैग से डेढ़ किलो गांजा बरामद हुआ। जनरल कोच की सीट के नीचे लावारिस बैग पड़ा होने की सूचना एक यात्री ने दी थी।

संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में कांस्टेबल शिवेंद्र की गुरुवार को अनुरक्षण ड्यूटी थी। आरपीएफ इंस्पेक्टर वीपी सिंह ने बताया ट्रेन जब दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन से आगे बढी तो जनरल कोच के ही एक यात्री शमसुद्दीन ने जवान को जानकारी दी कि सीट के नीचे एक लावारिस बैग पड़ा है। इस पर शिवेंद्र ने पहले बैग के बारे में पूछताछ की, बाद में बैग खोलकर देखा तो उसमें पीले रंग की प्लास्टिक निकली। जिस पर टेप लिपटा था। उसे खोलकर देख तो उसमें करीब डेढ़ किलो गांजा था। दोपहर 2:22 बजे ट्रेन प्लेटफार्म तीन पर पहुंची तो जवान ने इसकी जानकारी आरपीएफ पोस्ट में देकर पैकेट जमा कराया। बैग जीआरपी के सुपुर्द किया गया है।

# प्रो. पाठक को मिला दूसरा कार्यकाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



दोबारा कुलपति का चार्ज लेते प्रो. विनय कुमार पाठक। अमृत विचार

- राजभवन ने जारी किया आदेश, तीन साल के लिए नियुक्ति
- विश्वविद्यालय में शिक्षकों, कर्मचारियों ने बांटी मिठाई

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक को कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने दूसरा कार्यकाल प्रदान करते हुए तीन साल के लिए कुलपति नियुक्त किया है। गुरुवार को राजभवन से इस बाबत आदेश जारी कर दिया गया। आदेश मिलते ही विश्वविद्यालय में जश्न का माहौल रहा।

शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिकारियों, छात्र- छात्राओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो पाठक ने अपने दूसरे कार्यकाल के लिए गुरुवार को जॉइन कर लिया। प्रो पाठक के कार्यकाल में ही सीएसजेएमयू को नैक ए प्लस प्लस, यूजीसी कैटेगरी 1 का दर्जा भी हासिल हुआ है।

विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ अकादमिक भवन में सभी डीन, विभागाध्यक्ष, प्रभारी, अधिकारी, कर्मचारी एवं पूर्व छात्रों ने कुलपति का फूलमालाओं से स्वागत किया।

इस मौके पर प्रो पाठक ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही विश्वविद्यालय ने विकास के क्षेत्र में कदम आगे बढ़ाए हैं। हम एनआईआरएफ और क्यूएस रैंकिंग के लिए भी खुद का तैयार रखें और भविष्य में और मुकाम हासिल करें। कार्यक्रम में आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक, प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार, डायरेक्टर सीडीसी प्रो आरके द्विवेदी, सभी डीन, डायरेक्टर, प्रभारी एवं शिक्षक मौजूद रहे।

## पावर लिफ्टिंग और डेडलिफ्ट 6 से

**कानपुर।** कानपुर पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से मंडल स्तरीय पावर लिफ्टिंग बैंच प्रेस और डेडलिफ्ट प्रतियोगिता 6 व 7 जुलाई को मोतीलाल खेड़िया स्कूल विष्णुपुरी में होगी। 400 खिलाड़ी विभिन्न भार वर्ग में प्रतिभाग करेंगे। एसोसिएशन के सचिव सौरभ गौर ने बताया कि 5 जुलाई को सभी खिलाड़ियों का स्कूल में पंजीकरण व शारीरिक वजन होगा। हर वर्ग में जो खिलाड़ी विजेता होगा, उसका चयन मंडल टीम में किया जाएगा। इसके साथ ही चयनित टीम अगस्त माह में बरेली में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। पुरुष में नौ और महिलाओं में आठ भार वर्ग होंगे। खिलाड़ी मनीष मिश्रा व अभ्युदय शुक्ला के नंबर 8318210347, 8400471436 संपर्क कर सकते हैं।

# सजा के खिलाफ हाईकोर्ट गए इरफान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सजा पर रोक लगाने की मांग की, जल्द होगी सुनवाई

**अमृत विचार।** आगजनी कांड में दोषी करार दिए गए सीसामऊ सीट के सपा विधायक इरफान सोलंकी व उसके भाई रिजवान ने गुरुवार को सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। सजा पर रोक लगाने की मांग की गई है। दोषी करार दिए गए अन्य तीन ने याचिका दाखिल नहीं की है।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में 8 नवंबर 2022 को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ, शौकत अली, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा, एजाजुद्दीन उर्फ सबलू, मो. एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना के खिलाफ जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इरफान सोलंकी, रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली को 3 जून को न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने फैसला सुनाते हुए धारा 147, 323,436, 427 व 506 में दोषी करार दिया था। 7 जून को पांचों दोषियों को सात-सात साल की सजा सुनाई थी। इरफान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि फैसले के खिलाफ व सजा पर रोक लगाने की हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

**इंसानियत** जन्म के बाद हैलट में बच्ची को छोड़ गए थे माता–पिता

# अपनों ने छोड़ा, डॉक्टरों ने पाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौ माह पहले रनियां निवासी पूनम ने जच्चा-बच्चा में जन्मी थी बच्ची, छोड़कर भाग गई
- तबसे पाल रहा है स्टाफ, आज लखनऊ भेजी जाएगी



अस्पताल में मौजूद बच्ची। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नौ माह से हैलट के बाल रोग अस्पताल में सबके चेहरे की मुस्कान बनी बेबी शुक्रवार को यहां से विदा हो जाएगी। डॉक्टर शुक्रवार को नम आंखों से बच्ची को लखनऊ राजकीय बाल विभाग के लिए रवाना करेंगे।

हैलट के जच्चा-बच्चा अस्पताल में 19 सितंबर 2023 को कानपुर देहात की रनियां निवासी पूनम ने एक बेटी को जन्म दिया था। पूनम अपने परिजनों के साथ बच्ची को अस्पताल में छोड़कर भाग गई थी। पुलिस ने पूनम के परिजनों द्वारा अस्पताल में दर्ज कराए गए पते पर जानकारी की तो पता चला कि गलत पता दर्ज कराया था। इसके बाद डॉक्टरों ने बच्ची की हालत थोड़ी खराब होने पर बाल रोग विभाग में भर्ती किया। यहां पर डॉक्टरों ने बच्ची की देखभाल अपनी बच्ची की तरह की और उसे स्वस्थ किया। बच्ची के साथ डॉक्टरों व स्टाफ का लगाव और अधिक बढ़ गया। सब लोग उसे खिलाने-पिलाने लगे। उसे गोद लेने के लिए करीब सौ लोग आगे आए, लेकिन नियम व शर्तों के चलते उनकी इच्छा पूरी नहीं हो सकी। शुक्रवार सुबह बच्ची लखनऊ राजकीय बाल विभाग के लिए विदा हो जाएगी।

### कानूनी प्रक्रिया के तहत अस्पताल नहीं ले सकता गोद

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला के मुताबिक अस्पताल प्रशासन ने बच्ची को अस्पताल से ले जाने के संबंध में कई बार बाल कल्याण समिति और डीएम कार्यालय में पत्राचार किया। शुक्रवार को बच्ची को लेने लखनऊ राजकीय बाल विभाग की टीम आएगी। बच्ची को गोद लेने की इच्छा कई लोग जता चुके हैं। लेकिन कानूनी प्रक्रिया के कारण मेडिकल कॉलेज व अस्पताल प्रशासन द्वारा ऐसा नहीं किया जा सकता है।

# नकली नोट दे सर्राफ से 26 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गड्डी में ऊपर-नीचे असली, बीच में लगाए नकली नोट
- अहमदाबाद की फर्म का कर्मचारी बताकर लगा गया चूना

**अमृत विचार।** नयागंज के सर्राफा कारोबारी के साथ अहमदाबाद की एक फर्म ने 26 लाख रुपये के जेवर की टप्पेबाजी कर ली। अहमदाबाद की फर्म का कर्मचारी बताकर आरोपी ने गड्डी में ऊपर नीचे असली व बीच में नकली नोट लगा कर कर्मचारी को 26 लाख के नकली नोट दे दिए। पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

नयागंज स्थित सर्राफा कारोबारी अजीत ओमर ने बताया कि उनके वाट्सएप एक फोन आया। कॉलर ने खुद को अहमदाबाद के नवकार ज्वैलर्स का मालिक बताते हुए कुछ जेवरात की जरूरत की बात कही। वाट्सअप कॉल के दौरान जेवर पसंद कर लिए और कहा कि उनका कर्मचारी बिरहाना रोड पर खड़ा है, उसे जेवर देकर रुपये ले लो। अजीत ने अपने कर्मचारी के माध्यम से उसको जेवरात भेजे तो वह सीसामऊ में मिला। आरोपी ने आरटीजीएस से पैसे देने की बात कही तो कर्मचारी ने मना कर दिया। जिसके बाद आरोपी ने उसे 26 लाख रुपये कैश दिए। कर्मचारी रुपये लेकर दुकान आया तो देखा तो गड्डियों में ऊपर नीचे असली व बीच में नकली नोट लगे हुए थे। जिसकी जानकारी अजीत ने सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा को दी। पंकज अरोड़ा ने बताया कि एसीपी सीसामऊ को जानकारी दी गई। वहीं महालक्ष्मी ज्वैलर्स के मालिक ने भी इसी तरह की शिकायत की है।

# चकरपुर हाईवे के पास अवैध प्लाटिंग पर चला केडीए का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराते हुये।

- केडीए ने 14 बीघा. क्षेत्रफल में प्लाटिंग को किया ध्वस्त, अलग-अगल आराजी पर कर रहे थे निर्माण
- मॉं पीताम्बरा और रॉयल सिटी के नाम से बेची जा रही जमीन, एफआईआर के निर्देश

**अमृत विचार।** गुरुवार को चकरपुर में हाइवे किनारे हो रही अवैध प्लाटिंग को केडीए ने ध्वस्त कर दिया। केडीए ने इस दौरान 14 बीघा जमीन खाली कराई। अवैध निर्माण कर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिये जांच के निर्देश दिये हैं। केडीए को बड़ी प्लाटिंग की वजह से पांच बुलडोजरों को लगाना पड़ा।

केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देश पर जोन-02 के अन्तर्गत आराजी संख्या 610, 611, 612, 613, 614, 615, एवं 616 चकरपुर में अवैध प्लाटिंग हो रही थी। विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी है। सत शुक्ला ने बताया कि राजेश सिंह और रमेश सिंह व प्रबन्धक मां पीताम्बरा, रॉयल सिटी प्रा.लि. आराजी संख्या पर अवैध प्लाटिंग कर निर्माण करा रहे थे। स्थल पर निर्मित बाउण्ड्रीवाल, नालियां, रास्ते, बिजली के खम्भे आदि ध्वस्त करा दिये गये। सत शुक्ला ने दोषियों के विरूद्व जांच के बाद एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं। अभियान के दौरान विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला, क्षेत्रीय सहायक अभियन्ता जेएन पाण्डेय, केडीए प्रवर्तन दल, पूर्व सैनिक बल, थाना पनकी तथा अन्य थानों का पुलिस बल, पीएसी बल, दमकल आदि उपस्थित रहे।

# दो मंत्रियों ने शहर आकर टटोली सीसामऊ सीट की नब्ज

## पदाधिकारियों, पार्षदों से जाना हाल, कोर ग्रुप की बैठक, प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना व नितिन अग्रवाल ने बनाई जीत की रणनीति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा में उप चुनाव के लिए प्रभारी बनाए गये वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना एवं आबकारी मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने गुरुवार को शहर आकर सीट की नब्ज टटोली। उन्होंने बंद कमरे में पदाधिकारियों, पार्षदों और कोर ग्रुप के साथ तीन अलग-अलग बैठक कर सीसामऊ सीट का गणित समझा।

उन्होंने सीसामऊ के तीनों मंडल अध्यक्षों से पूछा कि पिछले विधानसभा चुनाव में किस बूथ पर भाजपा को कितना वोट मिला? किस बूथ पर हम जीते और किस पर हारे? 2024 लोकसभा में हार के कारण क्या रहे? सीट पर विधानसभा और लोकसभा के चुनाव मे क्या-क्या चुनावी मुद्दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कमियों को पूरा करने के निर्देश दिये।

नवीन मार्केट पहुंचकर मंत्री सुरेश खन्ना एवं नितिन अग्रवाल ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह एवं कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के साथ पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों के साथ संगठनात्मक चर्चा की। सुरेश खन्ना ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को एक-एक बूथ की जिम्मेदारी लेनी होगी।

मतदाता सूची चेक कर जिन मतदाताओं के नाम सूची से नहीं हैं या कोई त्रुटिवश कट गए हैं उन सभी मतदाताओं को आज से ही मतदाता बनाना है। सीसामऊ की हर एक बस्ती में एक प्रमुख कार्यकर्ता को लगाकर मतदाता सूची चेक करनी है। बस्ती का एक प्रमुख बनाया जाएगा, पूरे चुनाव में उसकी सिर्फ उसी बस्ती की जिम्मेदारी होगी। सुरेश खन्ना ने कहा कि हमें सिर्फ अपने मतदाता पर फोकस करना है।



भाजपा उत्तर कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक करते सीसामऊ सीट के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना एवं नितिन अग्रवाल। अमृत विचार

### बायोडाटा लेकर पहुंचे नेता करते रहे इंतजार

प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना एवं नितिन अग्रवाल से मिलने के लिये दावेदारों की भीड़ उत्तर भाजपा पार्टी कार्यालय में रही। कई नेताओं ने सीट से लड़ने की इच्छा जताई और उसके कारण भी बताए। प्रभारियों ने किसी का पत्र नहीं लिया, कहा कि बाद में बुलाएंगे। संगठनात्मक बैठक के चलते दोनों ही मंत्री मीडिया से दूरी बनाते रहे।

- मीडिया से दूरी बनाते रहे सुरेश खन्ना
- बायोडाटा लेकर आए दावेदारों से नहीं मिले

### सीसामऊ में जो विकास कराने हों, दें सूची

सुरेश खन्ना ने बैठक के दौरान पार्षदों, सांसद रमेश अवस्थी और क्षेत्र के नेताओं से कहा कि सीसामऊ में जहां जो भी विकास कार्य किसी कारणवश रह गए हों या होने हो वह हमें संगठन के माध्यम से अवगत करा दें। जिनको अविलंब करवाया जाएगा। किन्हीं भी कारणवश कोई भी कमी रही है उनको पूरा करना हम सब की जिम्मेदारी है। हमें हर कीमत पर विधानसभा का उपचुनाव जीतना आवश्यक है। बैठकों में सांसद रमेश अवस्थी, उत्तर जिला के अध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह, अवधेश सोनकर, वीरेश त्रिपाठी, आनंद मिश्रा, अनुराग शर्मा, दीपक सिंह, नवाब सिंह, गौरव पांडे, अभिमन्यु सक्सेना, करन यादव रहे।

# शहर में विकास कार्यों की प्रगति संतोषजनक है: सुरेश खन्ना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सर्किट हाउस में मंत्री सुरेश खन्ना और नितिन अग्रवाल ने की समीक्षा बैठक

**अमृत विचार।** अवैध शराब निर्माण-बिक्री की सूचना तक नहीं मिलनी चाहिए। सभी जिला आबकारी अधिकारी इसका ध्यान रखें। सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक में आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल ने अधिकारियों को यह निर्देश दिए। वहीं वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने भी समीक्षा बैठक ली। अधिकारियों से प्रगति जानने के बाद पत्रकारों से मुलाकात की।

वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विभागीय समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि कार्यों की प्रगति संतोषजनक है। अधिकारियों को और बेहतर करने को कहा है। हाथरस मामले में सवालों के जवाब पर मंत्री ने कहा कि जांच कमेटी गठित हो गई है। विधायक अभिजीत सांगा के मामले में कोई जवाब नहीं दिया। बैठक में मेयर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार व अधिकारी मौजूद रहे। वहीं आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल ने अधिकारियों संग सर्किट हाउस में बैठक की।

उन्होंने आबकारी राजस्व की समीक्षा के बाद जिला आबकारी अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व प्राप्ति में व्यवधान डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति शत प्रतिशत होनी चाहिए। शराब की दुकानों को ऐसे स्थान पर खोलें जिससे आम जनता को परेशानी न हो। बैठक में उप आबकारी आयुक्त, सभी जिला आबकारी अधिकारी, सहायक आबकारी आयुक्त रहे।


सर्किट हाउस में बैठक करते मंत्री सुरेश खन्ना। अमृत विचार

### नगर निगम को 206 करोड़ प्रोत्साहन राशि

वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया नगर निगम का काम बेहतर है। अच्छी रिकवरी की जा रही है। प्रदर्शन बेहतर होने के कारण विभाग को प्रदेश सरकार से 100 करोड़ और केंद्र सरकार से 106 करोड़ की प्रोत्साहन राशि मिली है। जिसे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को कम करने पर खर्च किया जाना है।

# तेल जलाकर बिजली पैदा करने का ट्रायल शुरू


एक्सक्लूसिव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पनकी पॉवर प्लांट में किया गया इसका ट्रायल
- सितंबर तक बिजली उत्पादन की कवायद

**अमृत विचार।** पनकी में निर्माणाधीन 660 मेगावाट पॉवर प्लांट में सितंबर तक बिजली उत्पादन की कवायद तेज हो गई है। प्लांट में ऑयल सिंक्रोनाइजेशन (तेल जलाकर बिजली पैदा करना) की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ट्रायल लगभग सफल है। अगस्त या सितंबर माह में कोल फायरिंग (कोयला जलाकर बिजली बनाना) शुरू की जाएगी।

पनकी में 660 मेगावाट पॉवर प्लांट का निर्माण किया जा रहा है, जिसमे कार्य लगभग पूरा हो चुका है। प्लांट में पहले लाइटअप का प्रोसेस किया गया, जिसमें अधिकारियों ने स्टीम मशीन, सर्किट आदि मशीनों की चेकिंग की और चिमनी से धुआं बाहर निकाला। चिमनियों का धुआं बाहर निकालने के लिए और बॉयलर में दबाव मेनटेन करने के लिए आरडी फैन व कोयला गर्म करने में एफडी फैन का संचालन किया था, जो सफल हो चुका है। प्लांट के कंप्रेशर व एयरफ्री हीटर का भी ट्रायल किया जा चुका है। वर्तमान में प्लांट में ऑयल सिंक्रोनाइजेशन (तेल जलाकर बिजली पैदा करना) की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लांट के अधिकारियों द्वारा इस पर ध्यान दिया जा रहा है।


पनकी पावर प्लांट।

### 2022 में पूरा होना था कार्य

मशीनें पुरानी होने से पनकी पॉवर प्लांट का संचालन 2016 में बंद हो गया था। वर्ष 2018 में इसे दोबारा चालू की कवायद चालू हुई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2019 में पनकी पॉवर प्लांट में 660 मेगावाट की नई यूनिट की आधारशिला रखी थी। जनवरी 2022 में इसका निर्माण पूरा होना था। पनकी पॉवर प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक जीके मिश्र ने बताया कि 5816.70 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट का काम कोरोना महामारी की वजह से वर्ष 2020 व 2021 में प्रभावित हो गया था। निर्माण में सहायक मैटेरियल व उपकरणों के रेट बढ़ गए, जिस वजह से इस प्रोजेक्ट की कीमत 912.5 करोड़ रुपये और बढ़ गई। ट्रॉयल पूरे होने के बाद पनकी थर्मल पॉवर प्लांट की 660 मेगावाट इकाई से बिजली उत्पादन शुरू हो सकेगा। अभी कुछ ट्रायल किए जा रहे हैं।

# दोनों आरोपी गए जेल, शासन को रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ग्वालटोली थाने में विधायक और उनके समर्थकों के हंगामे का मामला
- विवेचना करेंगे इंस्पेक्टर कर्नलगंज, सही कार्रवाई का डीसीपी ने दिया आश्वासन

**अमृत विचार।** ग्वालाटोली थानाक्षेत्र में हत्या के प्रयास के वांछित इनामिया शिवा निवासी धारमखेड़ा की गिरफ्तारी के बाद उसे छुड़ाने के लिए बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा सैकड़ों समर्थकों के साथ थाने पहुंचे थे। पुलिस पर कई आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया था। लेकिन शिवा को थाने की जीडी में दाखिल होने के बाद किसी भी सूरत में पुलिस ने छोड़ने से इन्कार कर दिया था। इस मामले में गुरुवार को पुलिस ने कड़ी सुरक्षा में शिवा और एक अन्य वांछित चंद्रशेखर को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। शासन को रिपोर्ट भी भेजी गई है।

एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि शिवा पर चार मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि शिवा जमीन का कारोबार देखता है। उसका कई बार विवाद का मामला सामने आया है। पुलिस शिवा का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। उसके खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। शिवा के पुराने मामले भी तलाशे जा रहे हैं। बुधवार देर शाम से रात तक हुए हंगामे और बवाल की रिपोर्ट पुलिस ने शासन को भेजी है। उधर, विधायक शनिवार को इस मामले में पुलिस कमिश्नर कार्यालय घेरने का ऐलान कर चुके हैं। ग्वालटोली के धारमखेड़ा निवासी गुड्डी देवी ने 30 मार्च को गांव के चन्द्रशेखर, शिवा, बसीठ, अंकित, नीरज, परिवेश, जितेन्द्र और संजय के खिलाफ बलवा, मारपीट, हत्या के प्रयास समेत धारा में मुकदमा दर्ज कराया था। शिवा पर 25 हजार का इनाम था। बुधवार दोपहर पुलिस ने शिवा को गिरफ्तार कर लिया था। शिवा का आरोप है कि मंगलपुर चौकी प्रभारी ने उसे दोपहर करीब 12 बजे उसे धोखे से चौकी बुलाया और गिरफ्तार कर लिया। उससे 50 हजार रुपये मांगे जा रहे थे। गुरुवार को इस मामले में पुलिस ने एक अन्य वांछित चंद्रशेखर को भी गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दोनों को एक साथ अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाई

**कानपुर।** बर्रा थानाक्षेत्र में अवैध संबंधों के शक में पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

बर्रा चार निवासी सोहन रावत ने बताया कि उनका बेटा नीरज मजदूरी करता था। वह अपनी पत्नी व चार वर्षीय बेटे के साथ बर्रा दो छेदी सिंह का पुरवा में किराए के मकान में रहता था।

गुरुवार को बहू बच्चे के साथ घरों में काम करने गई थी। इस दौरान नीरज ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने आरोप लगाया कि नीरज की पत्नी के अवैध संबंध थे, जिस कारण दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। बर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# वकील की जमानत पर टली सुनवाई, हड़ताल जारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीफार्मा छात्र के अपहरण मामले में डीजे कोर्ट में हुई सुनवाई
- छात्र के पिता हुए हाजिर, आपत्ति दाखिल करने को मांगा समय

**अमृत विचार।** डीफार्मा के छात्र का अपहरण कर मारपीट करने के आरोपी अधिवक्ता की जमानत याचिका पर गुरुवार को जिला जज की कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई में पीड़ित के पिता कोर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने याचिका पर आपत्ति दाखिल करने की मांग की। कोर्ट ने शुक्रवार का समय दिया। सुनवाई टलने के बाद अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को भी हड़ताल पर रहने का फैसला लिया।

कानपुर देहात, पुखरायां बरौर निवासी केशव शर्मा का 17 वर्षीय बेटा गंगपुर निवासी नानी मुन्नी देवी के यहां रह कर डीफार्मा की पढ़ाई करता है। बीते शुक्रवार को वह ईश्वरीगंज निवासी अधिवक्ता बृजनारायण निषाद की बेटी के साथ कोल्डड्रिंक पी रहा था। बेटी को किशोर के साथ देख अधिवक्ता आक्रोशित हो गए। उन्होंने अपने भाई तेज नारायण निषाद समेत अन्य लोगों को मौके पर बुला कर छात्र को अगवा कर लिया और उसे चिरान गांव स्थित फार्म हाउस ले जाकर उसकी बेरहमी से पिटाई की थी। छात्र के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बृज नारायण निषाद व उनके भाई तेज नारायण को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बृज नारायण निषाद की जामानत याचिका पर गुरुवार को डीजे कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान किशोर के पिता केशव शर्मा कोर्ट पहुंचे और याचिका पर आपत्ति दाखिल करने की मांग की। कोर्ट ने शुक्रवार तक आपत्ति दाखिल करने का समय देते हुए किशोर के पिता को पुलिस सुरक्षा में घर भिजवाया। वहीं सुनवाई टलने के बाद अधिवक्ताओं ने हड़ताल एक दिन के लिए और बढ़ा दी, शुक्रवार को भी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे।

### अधिवक्ता की भाभी ने व्हाट्सएप पर भेजे बयान

- छात्र को बंधन से छुड़ाने वाली पुलिस टीम से भी हुई पूछताछ

**कानपुर।** बिठूर थानाक्षेत्र में डीफार्मा छात्र का अपहरण कर बर्बरतापूर्वक पिटाई करने और यातनाएं देने के मामले में आरोपी अधिवक्ता की भाभी ने अपने बयान व्हाट्सएप पर डीसीपी मुख्यालय आशीष श्रीवास्तव को भेजे हैं। डीसीपी ने छात्र को छुड़ाने वाली पुलिस टीम में शामिल पुलिसकर्मियों से भी पूछताछ की और उनके बयान दर्ज किए हैं। डीफार्मा छात्र के साथ की गई हैवानियत का मामला दर्ज होने के बाद छात्रा के पक्ष से अधिवक्ता की भाभी ने छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज कराई थी। बुधवार को छात्र ने बयान दर्ज कराए थे, जिसमें उसने 10 लोगों को मारपीट का आरोपी बताया था। गुरुवार को अधिवक्ता की भाभी ने अपने बयान डीसीपी को व्हाट्सएप पर भेजे जिसकी पुष्टि डीसीपी मुख्यालय ने की। उन्होंने बताया कि अभी छात्रा ने बयान नहीं दिए हैं। इस मामले में अब केवल छात्रा के बयान दर्ज करने बाकी हैं। डीसीपी के अनुसार छात्र की पूरक मेडिकल रिपोर्ट शुक्रवार को डॉक्टर छात्र को डिस्चार्ज करने के बाद ही बनाएंगे। जिसमें चोट की जानकारी मिलेगी। गुरुवार को आरोपी की जमानत पर कोर्ट में सुनवाई होनी थी, अब सुनवाई शुक्रवार को होगी।

## 15 से शुरू होगी 58 स्कूलों की जांच

**कानपुर।** फीस वापसी और समायोजन पर निजी स्कूलों की जांच 15 से शुरू होगी। 58 स्कूलों के अभिलेखों की जांच होगी। अभिलेख न देने वाले 88 निजी स्कूलों में 10 टीमें जाकर अभिलेख एकत्रित कर रहीं हैं। जांच कमेटियां निजी स्कूलों में जाकर अभिलेखों की जांच कर रही हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि अभिलेख न भेजने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। 15 जुलाई तक सभी रिपोर्ट को मुख्य टीम की ओर से परखा जाएगा।

# वारंट तामील कराने पर बजरंगदल कार्यकर्ताओं का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वारंट तामील कराने के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता को चौकी बुलाना मिलेट्री कैंप चौकी प्रभारी को भारी पड़ गया। कार्यकर्ता को चौकी बुलाए जाने की सूचना पर भाजयुमो पदाधिकारी चौकी पहुंचे, जहां उन्होंने दरोगा पर चौकी में बंद कर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। बजरंग दल के और कार्यकर्ता पहुंच गए और रोड पर बैठ नारेबाजी शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे जूही इंस्पेक्टर ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया।

रत्तपुरवा निवासी नईम व शाबिर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता हैं। उनका मिलेट्री कैंप चौकी क्षेत्र में आटो का जाल बनाने का कारखाना है। कारखाने में बालश्रम कराने के आरोप में नईम व शाबिर के खिलाफ बाल श्रम अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। भाजयुमो के जिलामंत्री अविनाश राजपूत ने बताया कि गुरुवार को मिलेट्री कैंप चौकी में तैनात सिपाही आशु वारंट तामील कराने के लिए दोनों से चौकी आने की बात कह कर गए थे। आरोप है कि वह बजरंगदल सहमंत्री राजू राजपूत, नईम व शाबिर के साथ चौकी पहुंचे तो चौकी इंचार्ज गौरव कुमार भड़क उठे और कमरे का दरवाजा बंद कर उनके साथ अभद्रता की। अविनाश ने मोबाइल छीनने का आरोप लगाया। अभद्रता की सूचना पर बजरंग दल जिला सहसंचालक प्रेम अरोड़ा, दिलीप बजरंगी समेत कई कार्यकर्ता चौकी पहुंचे और चौकी के बाहर धरना देकर नारेबाजी शुरू कर दी। कार्यकर्ताओं ने चौकी इंचार्ज व सिपाही पर 10 हजार देकर मामला रफादफा करने का आरोप लगाया। जूही इंस्पेक्टर मनोज कुमार मिश्रा ने शांत कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कुछ दिन पूर्व वारंट जारी हुआ था, जिसका तामीला कराने के लिए एक बार पुलिस पहले भी जा चुकी है, लेकिन आरोपियों ने वारंट लेने से मना कर दिया था।


मिलेट्री कैंप चौकी के बाहर धरने पर बैठे बजरंगदल कार्यकर्ता। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


सीपीसी माल गोदाम में समस्याओं पर चर्चा करते व्यापारी। अमृत विचार

### प्लेटफॉर्म से पहले न रोकी जाए ट्रेन

**कानपुर।** रेलवे की रैक को प्लेटफॉर्म से पहले रोके जाने का गुरुवार को सीमेंट कारोबारियों ने विरोध कर दिया। कारोबारियों ने कहा कि इससे उनका नुकसान होता है। नुकसान की वजह रेलवे की ओर से उन्हें माल उतारने की 9 घंटे तक की मिली छूट है। कारोबारियों ने इस बाबत बैठक में कहा कि ट्रेन को प्लेटफॉर्म से पहले ही रोक दिया जाता है। सीपीसी माल गोदाम तक आने में उसे देरी हो जाती है। यह देरी अक्सर 6 से 7 घंटे की भी होती है। इससे उन्हें अतिरक्त चार्ज जमा करना होता है। बैठक में सी एंड एफ एसोसिएशन ऑफ़ उत्तर प्रदेश व सीमेंट एसो से जुड़े सीमेंट व्यापारियों ने कहा कि सीमेंट जैसी संवेदनशील वस्तु जो बारिश में खराब होगी तो महंगाई बढ़ेगी महंगी सीमेंट का सीधा असर आम व्यक्ति पर ही पड़ेगा | इस बैठक मे विशेष आमंत्रित भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि हम व हमारा संगठन आपकी समस्याओ मे आपके साथ है और इस समस्या को रेलवे के उच्च अधिकारियो तक पहुंचाया जायेगा। बैठक व रेलवे गोदाम सीपीसी मे एकत्र होने वाले सीमेंट व्यापारियों मे सी एंड एफ एसोसिएशन ऑफ़ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष दीपेन्द्र गुप्ता व महामंत्री राजीव महाना, सीमेंट एसो के अध्यक्ष निखिलेश दुबे व महामंत्री नवीन डारोलिया सहित अन्य मौजूद रहे।


रावतपुर गांव में बच्चों के साथ केक काटा गया। अमृत विचार

### बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान

**कानपुर।** सेवा समपर्ण संस्था की ओर से संचालित बिरसा मुण्डा बनवासी कल्याण आश्रम रावतपुर गांव में बच्चों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। कानपुर मेरिनर्स क्लव की चेयरपर्सन यामिनी उमराव व उनके पति मनोज उमराव ने क्लब के सहयोगियों के साथ बच्चे के जन्म दिन की पूर्व संध्या पर बिरसा मुण्डा आश्रम में जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें केक भी काटा गया। पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा। इसके बाद बच्चो की ओर से विभिन्न गेम खेले गये तथा सभी बच्चों स्वादिष्ट भोजन का आनंद भी लिया। सस्था की चेयरपर्सन यानिमी उमराव ने बताया कि उनका प्रयास है कि समस्त बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बनी रहे। कार्यक्रम में अपूर्वा द्विवेदी, प्रिंसी वर्मा, कांति उमराव, रागिनी सचान, गजेन्द्र प्रमेन्द्र, दिनेश आदि मौजूद रहे।

क्राइम कुंडली | कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में 15 आईपीएस तैनात, फिर भी नहीं रुक पा रहीं वारदात

# लुटेरों का गिरोह सक्रिय, पश्चिम जोन में हो रहीं ताबड़तोड़ लूटें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दो माह से कमिश्नरेट में हुईं कई घटनाएं, संदिग्धों को उठाया जा रहा
- कई वारदातों में सीसीटीवी में कैद हुए लुटेरे फिर भी खुलासे में फेल पुलिस

**अमृत विचार।** कमिश्नरेट का पश्चिम जोन लुटेरों के लिए इन दिनों चर्चा में है। दो माह के भीतर ताबड़तोड़ लूट हुई हैं। एक आध मामले को छोड़कर कोई खुलासा नहीं हो सका है। चेन लुटेरों का सक्रिय अब गैंग हिंसक भी हो चुका है। लूट की वारदात को अंजाम देने में तमंचा अड़ा देने और धक्का देकर गिरा देने के कई मामले अभी हाल में सामने आए हैं। ये हाल तब है, जब कमिश्नरेट में 15 के आसपास आईपीएस तैनात हैं और सर्विलांस सिस्टम से लैस हैं। इसके बाद भी लुटेरे आतंक मचाए हैं।

**पश्चिम जोन में 21075 कैमरे, फिर भी फेल :** जोन पश्चिम में 21075 ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरे लगे हैं, जो पूरी तरह से फेल साबित हो रहे हैं। ताबड़तोड़ हो रही चेन स्नेचिंग की घटनाओं के बाद डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने सुबह के समय मार्निंग वॉकरो और नौकरी पेशा वालों की सुरक्षा के लिए 50 से ज्यादा पुलिस कर्मियों को सुबह और शाम अपने जोन में गश्त करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस कर्मी पार्क, स्टेशन, बाजार और जीटी रोड में गश्त करते दिख जाएंगे। वह किसी को भी संदिग्ध दिखने पर रोकते हैं, इसके बाद नाम पता नोट करने के बाद छोड़ देते हैं। लेकिन यह पैंतरा भी फेल हो गया। अफसरों के सामने अच्छा बनने के दिखावा चौकसी की पोल खोल रहा है।

### सूचना तंत्र बहुत कमजोर

अफसरों का कहना है कि घटनाओं के खुलासे के लिए लगातार टीमें काम कर रही हैं, लेकिन अब तक एक भी चेन स्नेचिंग का खुलासा नहीं हो सका है। घटनाओं के खुलासे न होने के पीछे बड़ा कारण पुलिस का कमजोर सूचना तंत्र है। पुराने मुखबिर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति से भली भांति परिचित होते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है।



### खुलासे से दूर इन घटनाओं पर डालिए नजर

- सचेंडी में सब्जी व्यापारी नागेंद्र को लहूलुहान कर लुटेरों ने लूटा मोबाइल व 30 हजार नकदी।
- कल्याणपुर में मसवानपुर मामा चौराहा निवासी महिला नीरू सिंह को तमंचा दिखाकर लुटेरों ने चेन लूट ली थी।
- रावतपुर थानाक्षेत्र में सोमवार को मार्निंग वॉक से लौट रही बुजुर्ग महिला शांति देवी को धक्का देकर चून लूट ली थी। जिससे वह घायल हो गईं थीं।
- कल्याणपुर कला में भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष की पत्नी चित्रा मिश्रा से चेन लूट ली गई थी।
- केशवपुरम में टहलने निकली सेवानिवृत्त प्रवक्ता सुषमा त्रिपाठी को धक्का मार कर बाइक सवार लुटेरे चेन लूटकर तमंचा लहराते फरार हुए थे।
- कल्याणपुर चौकी से 100 कदम की दूरी पर बैटरी रिक्शा से उतरी लक्ष्मी तिवारी की चेन लूटकर काली पल्सर सवार दो लुटेरे भाग निकले थे।
- अवधपुरी निवासी राजेश खन्ना की सुबह टहलते समय लखनपुर स्थित संजय प्रोविजन स्टोर के पास बाइक सवार दो लुटेरों ने चेन लूट ली थी।
- कानपुर न्यायालय के पेशकार अभिषेक निगम के साथ घर लौट रही पत्नी का रतन आर्बिट से चंद कदम की दूरी पर दो लुटेरों ने पर्स लूट लिया था।
- पुराना शिवली रोड निवासी दीक्षा का फोन कल्याणपुर क्रॉसिंग के पास बस से उतरते ही लूट लिया गया था।
- रावतपुर में मसवानपुर चौराहे के पास सुंदर नगर निवासी प्रियंका की अपाचे सवार दो लुटेरों ने चेन लूट ली थी।
- कल्याणपुर स्टेशन में बेटी को छोड़ने आई पुष्पा देवी के बाले लूटकर लुटेरा भाग निकला था। इस वारदात में महिला के कान फट गए थे।

"वारदातों के खुलासे के लिए लगातार टीमें काम कर रही हैं। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाए गए कैमरों की मदद से जल्द खुलासे किए जाएंगे।"

–अभिषेक पांडेय, एसीपी कल्याणपुर

# मोहर्रम : थाना स्तर पर भीड़ का ब्योरा एकत्र करेगा प्रशासन

**हाथरस जैसा हादसा रोकने के लिये प्रशासन अलर्ट ● ताजिया की ऊंचाई चेक होगी ● तंग गलियों में इमामबाड़े देखे जाएंगे**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हजरत इमाम हुसैन की याद में दो दिन बाद निकलने वाले अलम, जुलूस, इमामबाड़ों पर ताजिया रखने के स्थानों का सर्वे होगा ताकि थानास्तर पर ये जानकारी रहे कि किस स्थान पर कितनी भीड़ होगी। हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ को देखते हुए ऐसा फार्मूला तैयार किया गया है।

गुरुवार को मोहर्रम के त्योहार को देखते हुये मर्चेंट चेंबर हाल में बैठक हुई जिसमें अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चंदर, संभ्रांत व्यक्तियों, ताजियादारों एवं जुलूस आयोजकों के साथ ही अंजुमनों ने शिरकत की। इस बैठक में पैकियों के तीनों खलीफा भी मौजूद रहे।

तीनों ने खलीफा होने का दावा करते हुए निशान-ए-पैक उठाने के लिए दावा पेश किये हैं, इन तीनों खलीफा का मामला अदालत में हैं लिहाजा पैकियों की ओर से जुलूस नहीं उठेगा।

इस बैठक में गद्दियाना ईदगाह के पेशइमाम मौलान हाशिम अशरफी ने कहा कि शहर में 700 ताजिये रखे जाते हैं। मौलाना ने तीनों खलीफा को मशविरा दिया कि वे आपस में एक हो जायें, ऐसा नहीं हो पाये तो तीनों खलीफा एक एक साल के लिए नेतृत्व संभाल लें।

मौलाना ने कहा कि हाथरस जैसी घटना रोकने के लिये सभी मोहल्लों का सर्वे होना चाहिये और ये भी क्षेत्रीय स्तर पर थाने में होना चाहिये कि कहां कितना भीड़ होगी और कितने फिट की ऊंची ताजिया होगी। इस बैठक में शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी, सुल्तान हाशमी, मौलाना मेराजुद्दीन, ऐनुल नकवी भाई, कासिम नकवी, कंबर हुसैन उर्फ पप्पू, जुलूस व ताजियादारों के अलावा अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चंदर ने कहा कि अराजकतत्वों पर नजर रखें। पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल, पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार, पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल राम सेवक गौतम, पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, एडीएम सिटी आदि मौजूद रहे।





मोहर्रम पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक करते अपर पुलिस आयुक्त हरीश चंदर, डीसीपी और बैठक में मौजूद शहर के नागरिक। अमृत विचार

### प्रशासन सतर्क होता तो इतनी जानें नहीं जाती-मशावरत

- **नई दिल्ली।** हाथरस के सत्संग में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत के उपाध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान ने दु:ख जताते हुये कहा कि ऐसी घटनाएं भारतीय लोगों की नियति बन गई हैं क्योंकि प्रशासन समय पर सक्रिय नहीं होता। हाथरस का प्रशासन सक्रिय होता तो इतने बेगुनाहों की जान नहीं जाती। उन्होंने यूपी सरकार से मांग की है कि मृतक आश्रितों को एक करोड़ रुपये मुआवजा, घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जाये।

## छोटी करबला बदहाल, कैसे होंगे ताजिये दफन

- कंघी मोहाल नाजिम चौराहा से नाला रोड बस्सन होटल तक पैदल चलना दूभर है
- सड़कें टूटी-फूटी, जगह-जगह कीचड़, सीवरयुक्त गंदगी, कबाड़ियों का कब्जा

**कानपुर।** पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ करबला के मैदान में इंसानियत और इस्लाम को बचाने के लिए शहादत थी। इसी शहादत की याद में मोहर्रम मनाया जाता है। मोहर्रम की दस तारीख को बड़ी करबला नवाबगंज और छोटी करबला ग्वालटोली मकबरा में ताजिये दफन होंगे लेकिन छोटी करबला की हालत खस्ता है। यहीं मोहर्रम की नौ तारीख को आग का मातम भी होगा जिसे देखने के लिए दूर दराज से हजारों लोग आते हैं। शनिवार या रविवार (चांद के अनुसार) से मोहर्रम की शुरुआत होने की संभावना है, ऐसे में मोहर्रम के दस दिनों तक जुलूस, मातम, छुरियों के मातम, मेंहदी जुलूस, अली असगर का झूला जुलूस, आग का मातम समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।जुलूस के रास्तों पर नगर निगम को जितना ध्यान देना चाहिए, ऐसा नहीं हो पा रहा है। अमृत विचार संवाददाता ने गुरुवार को इस रूट का सर्वे किया तो कई जगह सड़कें अतिक्रमण के चलते तंग गलियों जैसी मिलीं जबकि कई जगह जलभराव, सीवर भराव, कबाड़ की दुकानें सड़क तक फैल चुकी हैं जिससे जुलूस के रास्त में बाधा हैं। कंघी मोहाल में नाजिम चौराहे पर ही बीच सड़क पर लगे बिजली के बाक्स तक कबाड़ की दुकान फैल चुकी है, कबाड़ी ने बाक्स तक टिन लगाकर आधी सड़क घेर ली है। थोड़ा आगे बढ़ने पर फूलमती तिराहा की ओर जाने वाली सड़क खेतनुमा हो चुकी है। यहीं पर थोड़ी थोड़ी दूर पर कूड़ों के अंबार, गिट्टी, मौरंग, ईंटें रखी हुई हैं। ग्वालटोली में भी गंदगी का अंबार है, कई जगह कब्र बैठ गई हैं, ऐसे में अंजुमन यहां कैसे मातम करेंगी।



करबला में भरा है पानी। अमृत विचार

## बगाही करबला में जलभराव पार्षद पति ने की नारेबाजी

**कानपुर।** कानपुर दक्षिण का सबसे बड़ा मोहर्रम का कार्यक्रम बाबूपुरवा, बेगमपुरवा में होता है। बगाही करबला में ताजिये दफन किये जाते हैं लेकिन बगाही करबला में बारिश के बाद भीषण जलभराव है जिससे ताजियादार परेशान हैं। पार्षद पति अकील शानू की कोई सुन नहीं रहा है जिससे गुस्साये पार्षद ने जलभराव के अंदर जाकर नारेबाजी की। बगाही करबला में बाबू पुरवा, बेगमपुरवा, जूही लाल कालोनी, जूही सफेद कालोनी, ट्रांसपोर्ट नगर व आसपास के मोहल्लों के ताजिये दफनाये जाते हैं लेकिन इस बार करबला में जलभराव हो गया है जिससे लोग परेशान हैं। पार्षद पति अकील शानू ने कहा कि दो दिन बाद मोहर्रम शुरु होने वाला है, यहीं पर मेला भी लगता है।

# फोरलेन पुल का प्रस्ताव सेतु निगम को भेजा गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी रेलवे स्टेशन की 75 बी क्रॉसिंग के पास लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सेतु निगम 130 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन पुल तैयार करेगा। इसकी लंबाई लगभग 800 मीटर होगी। पुल निर्माण के लिए लगभग 15,200 मीटर भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। सेतु निगम की ओर प्रस्ताव को वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना में शामिल करने के लिए भेजा जा रहा है।

दिल्ली-हावड़ा रूट पर लगभग 300 सवारी व मालगाड़ियों का आवागमन होता है। रेलवे स्टेशन के पास मौजूद 75 बी क्रॉसिंग से ट्रैफिक लोड की गणना के अनुसार चकेरी गांव, पाली, तिलसहरी, टौंस गांव की रोजाना करीब 3 से 4 लाख की आबादी का आवागमन होता है। दिन-रात कई बार बंद होने वाली क्रॉसिंग के कारण लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। समस्या से निजात दिलाने के लिए पीडब्ल्यूडी की ओर से सेतु निगम से 75 बी क्रॉसिंग पर फोरलेन पुल निर्माण का प्रस्ताव मांगा गया है। सेतु निगम ने योजना को वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना में शामिल कराने के लिए लगभग 800 मीटर लंबे फोरलेन पुल का प्रस्ताव सौंपा है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 130 करोड़ रुपये आंकी गई है। योजना में सेतु निगम रेलवे व कैंट बोर्ड को भी शामिल करने की तैयारी कर रहा है। फोरलेन निर्माण के लिए 19 मीटर चौड़ाई में 800 मीटर लंबी लगभग 15,200 स्क्वायर मीटर भूमि अधिग्रहण भी किया जाएगा।



चकेरी क्रासिंग कई बार बंद होती है। अमृत विचार

- चकेरी क्रॉसिंग पर बनेगा पुल, कैंट बोर्ड को किया जाएगा शामिल
- पुल निर्माण के लिए 15,200 स्क्वायर मीटर भूमि का होगा अधिग्रहण

**75** बी क्रॉसिंग के पास बनेगा पुल
**800** मीटर होगी पुल की लंबाई
**04** लाख की आबादी का रोज आवागमन
**300** ट्रेनें गुजरती हैं इस क्रॉसिंग से

● दिल्ली-हावड़ा रूट चकेरी क्रासिंग पर जाम से मिलेगा छुटकारा

> चकेरी रेलवे स्टेशन के पास 75 बी रेलवे क्रॉसिंग से तकरीबन 4 लाख लोगों का रोजाना आवागमन होता है, नियमानुसार 2 लाख अधिक आवागमन वाले स्थानों पर फोरलेन पुल का निर्माण कराया जाता है। जिस कारण क्रॉसिंग पर फोरलेन पुल का प्रस्ताव तैयार किया गया है। योजना को धरातल पर लाने के लिए पीडब्ल्यूडी भूमि अधिग्रहण करेगा। प्रस्ताव कार्ययोजना में शामिल कराने के लिए भेजा जा रहा है।
>
> -डीके यादव, परियोजना निदेशक, सेतु निगम

## बांद्रा टर्मिनल महबूबनगर के लिए स्पेशल ट्रेन

**कानपुर।** रेलवे ने दो और स्पेशनल ट्रेन वाया कानपुर चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन नंबर 05053 व 05054 (अप-डाउन) गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनल तीन फेरे लगाएगी। 05053 गोरखपुर से हर शुक्रवार 12 से 26 जुलाई तक और 05054 बांद्रा टर्मिनल से हर शनिवार 13 से 27 जुलाई तक फेरे लगाएगी। स्पेशन ट्रेन में जनरल कोच 20, एसएलआरडी व एसएलआर के 1-1 कोच समेत कुल 22 डिब्बे होंगे। ट्रेन का सेंट्रल पर पांच मिनट ठहराव होगा। इसी तरह ट्रेन नंबर 05303 व 05304 (अप-डाउन) गोरखपुर-महबूबनगर के लिए भी स्पेशन ट्रेन का संचालन होगा। गोरखपुर से 05303 हर शनिवार 6 से 27 जुलाई तक और 05304 महबूबनगर से हर रविवार 7 से 28 जुलाई तक वाया सेंट्रल 4 फेरे लगाएगी।

# रोजगार संगम पोर्टल में निजी संस्थानों की रुचि नहीं दिखी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पोर्टल के लक्ष्य का सिर्फ 20 फीसदी ही पंजीकरण
● पंजीकरण कराने वाले ज्यादातर आईटीआई के युवा शामिल

**अमृत विचार।** सेवायोजन विभाग की ओर से हाल ही में लांच रोजगार संगम पोर्टल पर जिले के निजी संस्थान रुचि नहीं दिखा रहे हैं। पोर्टल पर पंजीकरण के लिए निजी संस्थानों की ओर से उनके यहां पर पढ़ने वाले युवाओं को जागरूक कराना है। फिर भी अब तक पोर्टल पर सिर्फ 20 फीसदी ही पंजीकरण हो सका है। इनमें भी ज्यादातर आईटीआई के युवाओं ने भी सहभागिता दिखाई है। अब विभाग निजी संस्थानों को पत्र लिखकर जागरुकता फैलाने की तैयारी कर रहा है।

पोर्टल पर जिले में 271 निजी संस्थानों के युवाओं को जोड़ा जाना है। इनमें अभी तक सिर्फ 188 संस्थान ही जुड़ चुके हैं। इसके अलावा जिले में 48,661 युवाओं का पंजीकरण कराया जाना है। इनमें अभी तक 3850 का ही पंजीकरण हो सका है। पंजीकरण के बाद ऐसे युवा जिनका सत्यापन विभाग की ओर से किया जा चुका है उनकी संख्या 1835 है। यह पोर्टल ऐसे युवाओं को नौकरी देने में सहायता करेगा जो कॉलेज में अंतिम वर्ष में पढ़ाई कर रहे हैं। इन युवाओं को पोर्टल में पंजीकृत निजी कंपनियां साक्षात्कार के जरिए नियुक्ति देंगी। पोर्टल पर ऐसे युवाओं का पंजीकरण नहीं हो सकेगा जिन्होंने किसी न किसी कंपनी में नौकरी की हो। यही वजह है कि पोर्टल में पंजीकरण के लिए निजी संस्थानों में पढ़ने वाले युवाओं को ही जोड़ा जा रहा है। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि पोर्टल पर पंजीकरण के लिए निजी संस्थानों को दोबारा रिमाइंडर डाला जाएगा। संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इस वजह से पंजीकरण की रफ्तार धीमी है।

### युवाओं को करना है पंजीयन

- पोर्टल पर निजी संस्थानों की जागरुकता पर युवाओं को ही अपना पंजीकरण कराना है। यह पंजीकरण युवाओं का व्यक्तिगत पंजीकरण होगा। योजना के तहत निजी संस्थानों की ओर से उनके यहां पर पढ़ाई कर रहे युवाओं को इस पोर्टल के बारे में जागरुकता देना है। माना यह जा रहा है कि निजी संस्थानों की ओर से युवाओं को पोर्टल की जानकारी न देना है।



हाथरस हादसे में मृत लोगों को श्रद्धांजलि देते व्यापारी। अमृत विचार

## व्यापारियों ने मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि

**कानपुर।** कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने गुरुवार को घंटाघर चौराहा पर हाथरस हादसे में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी। मोमबत्ती जलाकर आत्म शांति की प्रार्थना की। मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील बजाज ने प्रदेश सरकार से मांग किया कि इस हादसे की उच्च स्तरीय जांच और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी ने कहा कि ऐसे आयोजनों में चिकित्सा, अग्निशमन व सुरक्षा व्यवस्था की भी अनुमति होने चाहिए। श्रद्धांजलि सभा में राकेश सिंह, नीरज दीक्षित, प्रदीप गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता, देवी प्रसाद खन्ना, सुशील गुप्ता, सत्य प्रकाश जायसवाल, राहुल दीक्षित, आदर्श गुप्ता पार्षद, अमित गुप्ता, निर्मल त्रिपाठी आदि रहे।

## डॉक्टर की बेटी से लूटा मोबाइल

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में योग प्रशिक्षण केंद्र से घर लौट रही योग शिक्षिका से बाइक सवार लुटेरों ने मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच शुरू की।

एचआईजी 197 कैलाश विहार आवास विकास निवासी डॉक्टर राजेंद्र नाथ त्रिपाठी की पुत्री बोस्की त्रिवेदी योग शिक्षिका हैं। वह गुरुवार की शाम केशव वाटिका के समीप स्थित अपने योग प्रशिक्षण केंद्र से घर लौट रही थी। नंदरानी गेस्ट हाउस पर पहुंची ही थी कि पीछे से आए एक बाइक पर सवार दो लुटेरों ने झपट्टा मारकर हाथ से मोबाइल फोन लूट लिया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

# शहर में रुक-रुक कर होगी बारिश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में शनिवार तक रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। यह भी बताया कि पूरे कानपुर मंडल में बादलों की वजह से तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

शहर में गुरुवार भोर हुई बारिश के बाद सुबह मौसम सुहाना रहा। दोपहर तक हवा की धीमी रफ्तार के साथ उमस बढ़ी। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस कम रिकॉर्ड किया गया। शहर में 44.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

बताया कि मंगलवार तक शहर में हल्के बादल छाए रहने के कारण 8 जुलाई तक तेज हवाओं व गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर मध्यम से भारी वर्षा होने के आसार हैं।

### दोपहर तक नहीं रही बिजली

**कानपुर।** शहर में गुरुवार सुबह हुई बारिश के कारण 15 फीडर से जुड़ें हजारों घरों की बिजली गुल हो गई। इन क्षेत्रों में सुबह की कई बिजली दोपहर तक आ सकी। एचटी लाइन पर पेड़ की डाल आने से रावतपुर फीडर, वितरण ट्रांसफार्मर के दो एचटी फ्यूज क्षतिग्रस्त होने से मोतीझील फीडर, तिकोनिया पार्क फीडर, भूमिगत केबल व 33केवी ब्रैकेट में में फॉल्ट से फूलबाग फीडर, इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने से ई-ब्लॉक गुजैनी फीडर, एचटी लाइन क्षतिग्रस्त होने से दादा नगर के ईस्ट फीडर, 220 केवी पारेषण उपकेंद्र पनकी से ट्रिप होने के कारण गिरधर कोल्ड स्टोरेज फीडर व एचटी लाइन क्षतिग्रस्त होने से न्यू साकेत नगर फीडर की बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा न्यूट्रल में फाल्ट होने से पराग डेयरी के केडीए मार्केट फीडर, टूटने से कैनाल फीडर, एचटी लाइन व डिस्क क्षतिग्रस्त होने से इस्पात नगर फीडर, सर्वोदय नगर फीडर से जुड़े घरों में बिजली संकट हो गया था। जबकि एबीसी केबल लाइन बदलने के कारण रूमा गांव फीडर बिजली गुल रही। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक आई समस्याओं का निस्तारण कर आपूर्ति बहाल की गई।

## सार-संक्षेप



क्लासरूम वेलनेस के टिप्स देतीं एक्सपर्ट।

### शिक्षकों को दिए गए क्लासरूम वेलनेस के टिप्स

**कानपुर।** क्लासरूम वेलनेस को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को किदवई नगर स्थित वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर में कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में शिक्षकों को क्लासरूम वेलनेस के टिप्स दिए गए। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस इंडिया और रंगीत की ओर से हुए इस आयोजन में पढ़ाई के साथ ही कक्षाओं में बच्चों की भावनाओं को समझना भी सिखाया गया। कार्यशाला का संचालन रंगीत के सीईओ और सह-संस्थापक सिमरन मुलचंदानी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस इंडिया की सामाजिक विज्ञान प्रमुख विनता लाल की ओर से किया गया। कार्यशाला में 217 से अधिक शिक्षकों ने सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस की प्रबंध निदेशक सुमंता दत्ता ने कहा कि यह पाठ्यक्रम छात्रों को अच्छी आदतों को आत्मसात करने, अच्छी और बुरी भावनाओं को पहचानने और उनसे निपटने में सहायता करता है।



कचहरी में एसीएम को ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेसी। अमृत विचार

### प्रदेश अध्यक्ष के आवास पर घुसने वालों पर कार्रवाई हो

**कानपुर।** वाराणसी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के आवास पर घुसने की कोशिश करने वालों और राहुल गांधी की फोटो जलाने वालों पर कार्रवाई हो। कांग्रेसियों ने एसीएम को ज्ञापन सौंपते हुए ये मांग की है। गुरुवार को शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा और प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव दरियावादी द्वारा राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी कार्यालय में एसीएम अतिरिक्त सत्य प्रकाश को सौंपा गया। कहा गया कि बीते दिनों वाराणसी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निवास पर राहुल गांधी की फोटो जलाने की कोशिश की गई और प्रदेश अध्यक्ष के निवास में तोड़फोड़ की नीयत से घुसने का प्रयास किया गया। मांग की गई कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाए। देर शाम कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल में हाथरस सत्संग में भगदड़ के कारण मृतकों को मोमबत्ती जलाकर व सर्वधर्म प्रार्थना सभा करके श्रद्धांजलि दी गई तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में दिलीप शुक्ला, लल्लन अवस्थी, पदम मोहन मिश्रा, नरेश त्रिपाठी, श्याम देव सिंह, हरीश गुप्ता, गुफरान अहमद चांद, विनय पांडे, डब्बू दीक्षित, शकील मंसूरी, अजय त्रिपाठी, आसिफ इकबाल, रमाकांत मिश्रा आदि शामिल रहे।

**महंगाई** — टमाटर की तीस फीसदी फसल पर पड़ा प्रभाव, 15 दिन में दाम दोगुने

# जून की भीषण गर्मी में झुलस गया टमाटर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● टमाटर की फसल के लिए मुफीद अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस होता

**अमृत विचार।** इस बार नौतपा में पड़ी रिकार्ड तोड़ गर्मी की वजह से टमाटर की फसल खराब हो गई। 30 फीसदी टमाटर की फसल झुलसने की वजह से खराब हुई है। इस वजह से इसकी कीमतों में भी उछाल आया है। स्थानीय टमाटर की खेत से कम आवक और बाहर के टमाटर की देरी से बाजारों में दस्तक हुई है। यही वजह है कि लगभग 15 दिन पहले की तुलना में बाजार में टमाटर के रेट के दाम लगभग तीन गुने पहुंच गए हैं।

मई के अंतिम सप्ताह से लेकर जून के पहले सप्ताह तक इस बार नौतपा ने टमाटर को खराब कर दिया। इस बीच कई बार अधिकतम तापमान 45 फीसदी तक रहा। सब्जी विशेषज्ञों के अनुसार टमाटर की फसल पर इस बार इसका बड़ा प्रभाव पड़ा है। टमाटर की फसल फूल से फल तक का सफर तय करने में लगभग एक महीने का समय लगता है। तेज गर्मी पड़ने से पहले तो खेतों में इसका टमाटर के फूलों पर असर पड़ा। इसके बाद तेज गर्मी से फल समय से पहले पकने की वजह से किसानों को इसे जल्द तोड़ना पड़ा। इससे बाजारों में टमाटर की अधिक आवक रही। जून के मध्य में बाजारों में अधिक आवक होने से टमाटर के दामों में कमी रही। खेतों में टमाटर जल्द बाजार में आया और इसके बाद आवक में कमी रही। बाजार में कमी होने से टमाटर के दामों में लगभग तीन गुना उछाल हुआ। सीएसए के सब्जी अनुभाग के सस्य वैज्ञानिक डॉ. राजीव ने बताया कि इस बार मार्च से जून तक टमाटर की पैदावार को अनुकूल परिस्थिति नहीं मिली। खासतौर जून के पहले सप्ताह में टमाटर की फसल को मौसम से नुकसान पहुंचा है। इसका प्रभाव टमाटर के दामों पर भी पड़ा।

### सब्जियों का प्रति किलो रेट

| | |
|---|---|
| टमाटर | 90 से 120 |
| आलू | 35 से 45 |
| लौकी | 40 से 45 |
| भिंडी | 60 से 65 |
| घुइयां | 75 से 80 |
| तरोई | 60 से 65 |

### 15 फीसदी लतावर्गीय फसल प्रभावित

- सब्जियों पर पड़ी गर्मियों की मार पर विशेषज्ञों ने बताया कि इस बार तापमान की अधिकता से खेतों मं लतावर्गीय फसलों पर भी असर पड़ा है। यह फसलें 15 फीसदी तक प्रभावित हुई हैं। टमाटर के बाद सबसे अधिक तरोई, टिंडा, लौकी, करेला व खीरा जैसी फसलें प्रभावित हुई हैं।

### अब बरसात बनी मुसीबत

- बरसात के मौसम पर विशेषज्ञों ने बताया कि खासतौर पर गंगा कटरी पर होने वाली खेती भी बाढ़ से प्रभावित हो सकती है। इसका असर बाजार में 15 दिन बाद से दिखाई देने लगेगा। यदि इस बीच बाहर से आने वाली सब्जियां बाजार में अधिक मात्रा में पहुंचती है तो कटरी में बोई जाने वाली लतावर्गीय सब्जियों पर असर नहीं होगा। यदि बाहर से आने वाली सब्जियां कम मात्रा में शहर पहुंचती है तो उनके दामों में भी इजाफा हो सकता है।

# सावन की तैयारियां शुरू कांवड़ मार्ग होंगे ठीक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● शासन के निर्देश पर नगर निगम ने 11 विभागों को दी जिम्मेदारी

**अमृत विचार।** सावन की शुरुआत 22 जुलाई से हो रही है। इससे पहले ही शासन के निर्देश पर शहर के शिवालयों पर विशेष व्यवस्था की तैयारी शुरू हो गई है। अपर नगर आयुक्त ने जलकल और नगर निगम के 11 विभागों की जिम्मेदारी तय कर दी है। इन विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मंदिरों के पास सफाई, मार्गप्रकाश, सड़क मरम्मत, पेयजल व्यवस्था, चूना छिड़काव के साथ शहर के होकर गुजरने वाले कांवड़ मार्गों को भी दुरुस्त करेंगे।

अपर नगर आयुक्त तृतीय ने आदेश जारी कर कहा कि कोतवाली स्थित कैलाश मंदिर, शिवाला मंदिर, खेरेपति, बाबा सिद्धनाथ, वनखंडेश्वर मदिंर, बाबा आनंदेश्वर मंदिर, जागेश्वर मंदिर, बर्रा भोलेश्वर मंदिर में अधिक संख्या में सावन के समय श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। जिसको देखते हुये उन्होंने जलकल, मुख्य अभियंता सिविल, प्रभारी अधिकारी मार्गप्रकाश, समस्त जोनल अधिकारियों से कहा कि शिवालयों के आस-पास उच्च कोटि की सफाई व्यवस्था की जाये। विशेष रूप से सफाई कार्मिकों की तैनाती की जाये। पेयजल के लिये शत प्रतिशत व्यवस्था की जाये। नगरीय क्षेत्र में कांवड़ मार्गों की विशेष सफाई की जाये। शिव मंदिरों के पास लाइटिंग को दुरुस्त किया जाये। शौचालयों की व्यवस्था करने के साथ यह भी देखा जाये कि कांवड यात्रा के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक के उत्पादन करने से रोका जाये। कूड़े-कचरे को डस्टबिन में डाला जाये।

# बाबा की तलाश में बिधनू आश्रम पहुंची पुलिस


करसुई गांव में आश्रम के ठीक सामने बने रसोईघर में गुरुवार को महिलाएं खाना बनाने में व्यस्त रहीं। अमृत विचार

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** हाथरस भगदड़ कांड के बाद फरार चल रहे बाबा साकार विश्वहरि उर्फ भोले बाबा का बिधनू में भी आश्रम सामने आने के बाद गुरुवार को बिधनू पुलिस करसुई स्थित उनके आश्रम पहुंची। आश्रम में पुलिस ने सेवादारों से पूछताछ की और वापस लौट आई। खास बात यह है कि पुलिस के आश्रम पहुंचने और पूछताछ करने के बाद आश्रम में ताला डाल दिया गया है।

हाथरस भगदड़ कांड के बाबा साकार विश्वहरि का बिधनू थाना क्षेत्र के करसुई गांव में आश्रम होने की जानकारी मिलते ही बुधवार की शाम बिधनू पुलिस आश्रम पहुंची और बाबा साकार विश्वहरि के बारे में पूछताछ की। आश्रम में पुलिस को कुछ सेवादार मिले, जिनसे पुलिस ने


आश्रम के कमरों में ताला लगाया गया।

बाबा के बारे में विस्तृत से जानकारी ली। पहले पुलिस ने आश्रम में तलाशी लेकर बाबा के बारे में टोह लगाने की कोशिश की, लेकिन जब पुलिस को यकीन हो गया कि फरार बाबा साकार विश्वहरि आश्रम में नहीं है तो सेवादारों से पूछताछ की।

इस पूछताछ के दौरान पुलिस ने सेवादारों से कहा कि अगर बाबा साकार विश्वहरि उर्फ भोले बाबा आश्रम में आएं तो फौरन पुलिस को सूचना दें। इसके बाद पुलिस आश्रम से वापस लौट आई। बिधनू थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वह आश्रम गए थे। उन्होंने आश्रम में मिले सेवादारों से पूछताछ की है। बाबा साकार विश्वहरि यहां नहीं आए हैं। खास बात यह है कि पुलिस के आश्रम से लौटते ही बाहरी गतिविधियां ठप हो गई हैं।

आश्रम के मुख्य द्वार पर ताला डाल दिया गया है और अब किसी भी बाहरी व्यक्ति को आश्रम के अंदर जाने की इजाजत नहीं है। आश्रम में मौजूद सेवादार उधर आने-जाने वाले हर शख्स पर नजर रख रहे हैं। आश्रम की फोटो आदि खींचने पर पूरी तरह मनाही है। बताते हैं कि आश्रम में रहे लोग पुलिस के पहुंचने के बाद एक-एक कर जा रहे हैं। शाम को कई महिलाएं चली गईं।

### आश्रम की रसोई में धधक रहा चूल्हा, महिलाएं रुकीं

बिधनू से किसान नगर रोड पर करीब पांच किमी दूर बाबा साकार विश्वहरि के आश्रम के ठीक सामने सड़क के दूसरी तरफ आश्रम का रसोईघर है, जहां दर्जन भर महिलाएं और युवतियां मौजूद हैं। गुरुवार को रसोईघर के चूल्हे धधकते रहे और महिलाएं खाना बनाती रहीं। हाथरस हादसे के बाद इन महिलाओं के चेहरे पर सिकन दौड़ रही है। ज्यादातर महिलाएं हफ्ते-दस दिन से यहां ठहरी हैं, लेकिन अब आश्रम छोड़ने का मन बना रही हैं।

### बुधवार से आश्रम का नहीं खुला गेट



यहां ठहरी सजेती क्षेत्र के संधौली गांव की संगीता ने बताया कि वह वर्ष 2019 से आश्रम से जुड़ी है, लेकिन अभी तक भोले बाबा के दर्शन नहीं हुए हैं। बताया कि महाराज जी को करसुई आश्रम में जुलाई-अगस्त महीने में आना था। वह दो दिन पहले ही यहां आई थी, लेकिन अब यहां का माहौल देखकर जाने की तैयारी कर रही है। इससे पहले जब वह आई थी, तो पूरा दिन पूजन-भजन होता था। अब तो बुधवार रात से आश्रम का दरवाजा भी नहीं खुला।

### अब तो टूट गई बाबा के यहां आने की पूरी उम्मीद



आश्रम के रसोईघर में ही घाटमपुर क्षेत्र के नौरंगा की रहने वाली श्यामकली भी रुकी है। उन्होंने बताया कि हमारी बाबा के प्रति अटूट आस्था है। भोले बाबा हम लोगों को हमेशा सदमार्ग पर चलने की राह दिखाते हैं। उम्मीद थी कि भोले बाबा यहां आएंगे, लेकिन अब तो उम्मीद ही टूट गई है।

# करीबी ने की थी बुक सप्लायर की हत्या

## बिल्हौर क्षेत्र के घिमऊ गांव में 30 जून की रात हुई हत्या का खुलासा, आरोपी भेजा गया जेल

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के घिमऊ गांव में 30 जून की रात बुक सप्लायर की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि पारिवारिक भतीजे ने ही की थी। गुरुवार को पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना के चौथे दिन गुरुवार को वारदाता का खुलासा करते हुए डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि घिमऊ गांव में 30 जून की रात उमेश तिवारी के पुत्र रामजी तिवारी की हत्या की गई थी। रामजी तिवारी बुक सप्लायर था। उसकी हत्या में पुलिस को शुरू से ही किसी करीबी का हाथ होने का शक था। डीसीपी ने बताया कि इस हत्याकांड

**खुलासा**

- सट्टे के लिए रुपये नहीं देने पर आरोपी ने उठाया कदम
- एक बार पहले भी कर चुका था हत्या करने का प्रयास

में घिमऊ गांव के ही संस्कार तिवारी उर्फ शिवा तिवारी पुत्र राजेश तिवारी को गिरफ्तार किया गया है, जिसने हत्या की बात कबूली है।

घटनाक्रम में बताया गया कि शिवा तिवारी मृतक रामजी तिवारी का पारिवारिक भतीजा है, जो व्यक्तिगत खुन्नस मानता था। शिवा कानपुर में एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था। जॉब छूट जाने के बाद वह गांव में ही रहता था और रामजी से रुपये की मांग कर रहा था, लेकिन उसका आचरण ठीक नहीं होने पर रामजी ने रुपये देने से


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी शिवा।

मना कर दिया था। खुन्नस में शिवा ने हत्या का षड्त्र रचा। 30 जून से पहले भी वह एक बार हत्या का प्रयास कर चुका था, लेकिन किसी के आने की आहट पर वह कामयाब नहीं हुआ था। 30 जून की रात शिवा ने नुकीले बोल्डर (पत्थर) से कूंचकर रामजी की हत्या कर दी और पत्थर को नाली में फेंककर इधर-उधर हो गया। घटना के बाद से ही पुलिस किसी करीबी का हाथ होने का शक था। पुलिस जांच में जुटी और पुख्ता सबूत मिलने के बाद आरोपी शिवा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर पत्थर भी बरामद कर लिया। इसकी फॉरेंसिक टीम से जांच कराई गई, जिसमें मानव खून मिला। इसके बाद पुलिस ने घटना का खुलासा किया।

### सीसीटीवी कैमरे से की थी छेड़छाड़

पुलिस के मुताबिक आरोपी 10 दिन पहले से हत्या की साजिश रच रहा था। इसी साजिश के तहत आरोपी शिवा ने रामजी के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में छेड़छाड़ की थी। कैमरे की लीड और प्लग को कैमरे से हटा दिया था। परिवार के लोग समझ रहे थे कि कैमरा खराब हो गया है, लेकिन पुलिस ने जब कैमरे की जांच-पड़ताल की तो कैमरा सही पाया। इसके बाद से पुलिस की शक की सुई किसी करीबी पर घूमने लगी थी।

### प्रेम प्रसंग में रामजी को मानता था बाधक

पुलिस का कहना है कि आरोपी शिवा का किसी युवती के साथ प्रेम प्रसंग था। इसको लेकर रामजी लगातार उसे समझाने का प्रयास कर रहा था। शिवा उसे अपने प्रेम प्रसंग में बाधक मानने लगा था। इसीलिए रामजी को रास्ते से हटाने के लिए उसने हत्या का षड़यंत्र रचा। प्रभारी निरीक्षक केशव कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपित शिवा को जेल भेज दिया गया है।

## कच्ची छत ढहने से बकरियों की मौत

**पतारा।** घाटमपुर तहसील क्षेत्र के नंदना गांव में लगातार हो रही बारिश से मकान की छत गिर गई, जिससे युवक और उसकी बकरियां दब गईं। पड़ोसियों की मदद से युवक को सुरक्षित बाहर निकाला गया, लेकिन बकरियों की दबकर मौत हो गई।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के नंदना गांव निवासी मोड़े पुत्र नवी बक्स ने बताया कि उसका घर कच्चा बना हुआ है, जिसमें वह जीवकोपार्जन के लिए बकरियां पालता है। गुरुवार को तड़के 3:30 बजे उसने बारिश होने के कारण बकरियों को अंदर बांधा था। खुद भी वहीं सो रहा था। अचानक छत गिर गई, जिससे उसकी दो बकरियों के साथ वह खुद दब गया। पड़ोसियों की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, परंतु जब तक बकरियों को निकाला गया, तब तक दो बकरियां दबकर मर गईं। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने जांच की है। रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा मिलेगा।

## सार-संक्षेप


बेहटा बुजुर्ग के जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं । अमृत विचार

### जगन्नाथ मंदिर से रविवार को निकलेगी रथ यात्रा

**साढ़।** भीतरगांव ब्लॉक के बेहटा बुजुर्ग गांव के जगन्नाथ मंदिर से सात जुलाई को रथ यात्रा निकलेगी। मंदिर के पुजारी दिनेश शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष भी पालकी पर सवार होकर प्रभु जगन्नाथ गांव का भ्रमण करेंगे। इस यात्रा को लेकर साढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार और ग्राम विकास अधिकारी निशांत राय ने गांव का भ्रमण कर यात्रा वाली गलियों को देखा और बेहटा बुजुर्ग गांव के लोगों व मंदिर कमेटी के साथ बैठक कर तैयारियां पर मशविरा किया।

### डीजे लेकर जा रहा लोडर पलटा, तीन लोग घायल

**घाटमपुर।** नंदना चौकी क्षेत्र में डीजे बैंड लेकर वापस घाटमपुर आ रहा लोडर हथेही मोड़ के पास खंती में पलट गया। हादसे में चालक रहीस के साथ जहांगीराबाद निवासी शहजाद और रऊफ घायल हो गए। घायलों का गजनेर के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराया गया, जहां से घर भेज दिया गया। जेसीबी की मदद से लोडर को बाहर निकाला गया।


खंती में पलटा पड़ा लोडर । अमृत विचार


घर की छत ढहने के बाद मलबा हटाने में जुटे ग्रामीण । अमृत विचार

### कच्चे घर की छत ढही, 14 बकरा-बकरियों की मौत

**बिठूर।** बुधवार रात तेज बारिश ने लोगों को मुसीबत में डाल दिया। कहीं कच्चे मकानों की छत गिर गई तो कहीं लोगों के घरों में पानी भर गया। बिठूर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनगर निवासी हिमांशु पाल के कच्चे कमरे की छत मूसलाधार बारिश में छह गई, जिससे उसमें बंधी सात बकरियों और सात बकरों की मौत हो गई।

# ट्रक-कार में भिड़ंत, तीन घायल

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** सजेती थाना क्षेत्र अनूपुर मोड़ के पास कार और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने घायलों को इलाज के घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां से डॉक्टर ने दो लोगों को कानपुर रेफर कर दिया।

सजेती थाना क्षेत्र के अनूपुर मोड़ के पास गुरुवार को दोपहर एक बजे महोबा निवासी कैलाश दीक्षित पुत्र ओमनारायण दीक्षित, अवधेश पुत्र रघुराज, कुलदीप निगम पुत्र बहादुर कानपुर से वापस महोबा कार से जा रहे थे। सजेती क्षेत्र के अनूपुर मोड़ के पास सामने से आए ट्रक से कार की भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला।

हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार सवार लोगों को इलाज के लिए घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने कैलाश और अवधेश का प्राथमिक उपचार कर कानपुर रेफर कर दिया। सजेती पुलिस ने ट्रक और कार को अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल ट्रक व कार को थाने में खड़ा करा लिया गया है।

**हादसा**

- सजेती थाना क्षेत्र के अनूपुर मोड़ के पास हुआ हादसा
- हादसे के बाद चालक मौके पर ट्रक छोड़कर भाग निकला


हादसे में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के साखाहारी गांव के पास ट्रैक्टर व बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी से कानपुर रेफर किया गया है। सजेती क्षेत्र के कोरियां-अमौली रोड पर साखाहारी गांव के पास परास गांव निवासी बल्लू वर्मा (34) सामने से आए ट्रैक्टर से भिड़ गया, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बबलू वर्मा को पहले सीएचसी घाटमपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उसे कानपुर रेफर कर दिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर व बाइक को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

## ट्रैक्टर पलटने से किसान घायल

**साढ़।** क्षेत्र के कुंदौली गांव में धान की रोपाई के लिए खेत बराबर करते समय ट्रैक्टर पलट गया, जिसमें दबकर किसान घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर है।

कुंदौली निवासी सीटू सिंह अपने खेतों पर धान की रोपाई के लिए ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर तैयार कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर पलट गया और किसान सीटू ट्रैक्टर के नीचे दब गया। मौके पर धान की रोपाई कर रहे मजदूर दौड़कर उसके पास पहुंचे और दबे किसान को बाहर निकाला। उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

**हादसे में बाइक सवार युवक घायल:** घाटमपुर क्षेत्र के बेहटा बुजुर्ग रोड पर चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। पुलिस ने बाइक सवार युवक को घाटमपुर के सीएचसी अस्पताल पहुंचाया, जहां पर घायल बाइक सवार का इलाज चल रहा है।

# बारिश से फाल्ट, 15 घंटे तक ठप रही बत्ती

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** बुधवार देर रात नगर व ग्रामीण क्षेत्र में हुई जबरदस्त बारिश के चलते विद्युत लाइनों में जगह-जगह खराबियां आईं। वहीं पनकी थर्मल पावर स्टेशन के निकट 33 केवीए मुख्य लाइन में आई खराबी के चलते क्षेत्र की संपूर्ण विद्युत आपूर्ति करीब 15 घंटे ठप रही। बिजली बगैर सबसे बड़ी दिक्कत पेयजल को लेकर उत्पन्न हुई। औद्योगिक इकाइयों में उत्पादन कार्य प्रभावित हुआ।

बुधवार देर रात हुई जोरदार बारिश के दौरान क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर विद्युत लाइनों में खराबियां आईं।दूसरी ओर सबसे बड़ी फाल्ट थर्मल पावर स्टेशन के निकट 33 केवीए लाइन में आ गई। मुख्य लाइन में आई खराबी से क्षेत्र की संपूर्ण आपूर्ति बाधित हो गई और बिजली बगैर करीब दो सैकड़ा गांव

- पनकी से चौबेपुर सब स्टेशन की लाइन में आई खराबी

अंधेरे में डूब गए। सुबह शुरू हुई पेट्रोलिंग के दौरान जगह-जगह हुए फाल्ट के बाबत जानकारियां हुईं।

मरम्मत कार्य में समय अधिक लग जाने से शाम करीब 5:00 बजे कस्बा चौबेपुर की आपूर्ति तो बहाल हो गई,लेकिन विद्युत सब स्टेशन से जुड़े अन्य फीडरों की आपूर्ति करीब 7:00 बजे शुरू हो सकी। इस दौरान कस्बे में लगभग 15 घंटे बिजली ठप रहने से लोगों के समक्ष सबसे बड़ी समस्या पेयजल को लेकर उत्पन्न हुई। दूसरी ओर बिजली न मिल पाने से क्षेत्र स्थित औद्योगिक इकाइयों में कार्य प्रभावित हुआ। एक्सईएन अतुल सेठ ने कहा कि बारिश से लाइनों में खराबी आई। पनकी से चौबेपुर सब स्टेशन आने वाली मुख्य लाइन में खराबी आने से आपूर्ति बाधित हुई।

**सख्ती** नगर के मुख्य चौराहे पर पहुंची नगर पालिका की टीम, सफाई के साथ पॉलीथीन जब्तीकरण की कार्रवाई हुई

# अतिक्रमण पर गरजा नगर पालिका का बुलडोजर

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद की ओर से अभियान चलाकर नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने काम लगातार जारी है। गुरुवार को नगर पालिका परिषद के ईओ महेंद्र कुमार ने नगर मुख्य चौराहे पर साफ-सफाई के साथ अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया और अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर खाली कराया।

नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी महेंद्र कुमार ने नगर को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रयास तेज किए हैं। नगर को प्लास्टिक मुक्त करने के साथ अब साफ-सफाई और अतिक्रमण के खिलाफ कदम उठाया जा रहा है। गुरुवार को नगर के मुख्य चौराहे पर सफाई कराई गई। अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया।


अभियान के दौरान खुद अतिक्रमण हटाते दुकानदार । अमृत विचार

- नगर के मुख्य चौराहे के पास हटाया गया अतिक्रमण
- अभियान केदौरान दुकानदारों में मचा रहा हड़कंप

अभियान के दौरान दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। तमाम दुकानदार खुद ही दुकानों के सामने अपना अस्थाई अतिक्रमण हटाने में जुटे रहे। जिन दुकानदारों ने अतिक्रमण नहीं हटाया, उसे नगर पालिका परिषद की टीम ने हटा दिया। नगर के मुख्य चौराहे पर ओवरब्रिज के नीचे से लेकर रोडवेज बस स्टैंड तक नगर पालिका परिषद की टीम ने सड़क के किनारे का अतिक्रमण साफ किया। अतिक्रमण की वजह से नालियां भी जाम थीं, जिसके कारण बरसात का पानी नहीं निकल पा रहा था और बरसात के दौरान सड़क पर जलभराव हो रहा था।


गुरुवार को जेसीबी लगाकर सफाई कराई गई । अमृत विचार

अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद की टीम की ओर से पॉलीथीन भी जब्त की गई। जिन दुकानदारों ने पॉलीथीन रख रखी थी, उसे छिपाते नजर आए। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि नगर को साफ-सुथरा व प्लास्टिक मुक्त करने काम किया जा रहा है। साफ-सफाई अभियान के दौरान पालीथीन जब्तीकरण की भी कार्रवाई की गई है। इस दौरान नगर पालिका परिषद के सभासद विवेक शुक्ला, मुकेश दीक्षित, ओवैस अहमद, मोहम्मद शाहिद खान आदि लोग मौजूद रहे।

## खलिहान पर निर्माण की जांच के निर्देश

**घाटमपुर।** क्षेत्र की चौबेपुर ग्राम पंचायत के मजरे नवेड़ी में खलिहान की पांच बिस्वा जमीन पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा अवैध निर्माण करने को लेकर ग्राम प्रधान सहित गांव की एक महिला ने एसडीएम से शिकायत की है, जिस पर जांच के आदेश हुए हैं।

चौबेपुर ग्राम पंचायत का मजरा नवेड़ी घाटमपुर-भोगनीपुर रोड पर स्थित है। ग्राम समाज की बेशकीमती जमीन पर कुछ भू-माफिया कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं। खलिहान की पांच बिस्वा जमीन पर गांव के राम सिंह ने जब निर्माण शुरू कराया तो ग्राम प्रधान शिववती के साथ प्रेमा देवी ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की और बताया कि लेखपाल से मिलकर खलिहान की पांच बिस्वा जमीन पर अवैध कब्जा कराया जा रहा है। एसडीएम यादुवेंद्र सिंह वैस ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जांच के बाद जरूरी कदम उठाया जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### पैर फिसलने से घायल

रसूलाबाद। थाना क्षेत्र के शंकरपुर निवासी अवधेश (40) घर के आंगन में पैर फिसल जाने से गिरकर घायल हो गए। परिजन उन्हें सीएचसी ले गए। जहां डॉ. बृजेश ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट के चलते कानपुर हैलट रेफर कर दिया।

### गाय के हमले से घायल

रसूलाबाद। कस्बा के गौतम बुद्धनगर निवासी अयूब का दस वर्षीय पुत्र अयान लच्छा निवादा के निकट खाना पकाने के लिए लकड़ी लेने गया था। वहीं पर एक गाय ने उसके पीठ में सींग मार दी। जिससे वह घायल हो गया। उसके साथियों ने परिजनों को सूचना दी। जिसपर उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉ. बृजेश ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते बालक को कानपुर हैलट रेफर कर दिया।

### युवक को सांप ने डसा

रूरा। थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी जोगेंद्र सिंह भारत सिंह का पुरवा के पास अपनी भैंस को चरा रहे थे। तभी उनके दाएं हाथ के अंगूठे में सांप ने डस लिया। वहां से निकल रहे भारत सिंह का पुरवा निवासी ग्रामीण पुष्पेंद्र उनके उन्हें बाइक से आनन-फानन में सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद ईएमओ डॉ. सुनील कुमार ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दरवाजे पर गाय चढ़ने पर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

रूरा। जौहर निवासी अनिकेत उर्फ छोटू ने पुलिस को बताया कि बुधवार की शाम वह अपने प्लाट पर बंधी गाय को घर लेकर जा रहा था। तभी पड़ोसी मेवालाल के दरवाजे पर गाय चढ़ गई। इसपर मेवालाल गालीगलौज करने लगे। जब इसका पीड़ित ने विरोध किया तो मेवालाल व उसके पुत्र राजेश ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर छानबीन की जा रही है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से ई-रिक्शा सवार पांच घायल

रूरा। ई-रिक्शा चालक शाहरुख ने बताया कि वह गुरुवार को जिनई चौराहे से सवारी लेकर कहिंजरी जा रहा था। तभी विजई गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे रिक्शा पलट गया और उसमें सवार एक दो वर्ष के बालक समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए भेजा गया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मूसानगर। देवराहट थाना क्षेत्र एक गांव निवासी युवती ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को पुलिस ने थाना क्षेत्र के जल्लापुर मोड़ से जनपद जालौन के थाना कदौरा क्षेत्र के इकौना निवासी संग्राम को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मोनू शाक्य ने बताया कि अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

### बैठक से 15 सफाई कर्मी गायब, कटेगा वेतन

संदलपुर। ब्लॉक सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर सभी सफाई कर्मचारियों बैठक हुई, जिसमे 15 सफाई कर्मी अनुपस्थित रहे। इनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में एडीओ अश्वनी कुमार ने कहा कि यदि हैंडपंप में लाल, मटमैला पानी या फिर स्वाद बदलकर आ रहा है तो उसे चेक करें।

### बोट सब्सिडी के लिए 21 तक करें आवेदन

कानपुर देहात। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण अवनीश कुमार सिंह यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य पालन विभाग में संचालित निषाद राज बोट सब्सिडी योजना का लाभ लेने के लिए पात्रों से 21 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है।

# 54 गांवों की किलेबंदी, 35 बाढ़ चौकियां होंगी

## बाढ़ के मद्देनजर नाव, नाविक और गोताखोरों की टीम तैयार, तटबंधों, पुल व पुलियों की हो रही मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बाढ़ कंट्रोल में बैठे कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारिश से गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा है। जिला प्रशासन ने बाढ़ और राहत की तैयारियां तेज कर दी हैं। जिले के 54 गांवों को बाढ़ व राहत से किलेबंदी की तैयारियां शुरू हैं। इसके लिए 35 बाढ़ चौकियां बनेंगी, नाव, नाविकों और गोताखोरों की टीम तैयार है। तटबंधों, पुल-पुलियां को मजबूत किया जा रहा है। तीन नदियों गंगा, रिंद व पांडु नदी में जलस्तर बढ़ने से जिले की 10219 हेक्टेयर जमीन प्रभावित होती है।

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के आदेश पर आपदा प्रबंधन और सिंचाई विभाग ने बाढ़ प्रबंधन योजना बनाई है। तटबंधों, पुल-पुलियों को मजबूत किया जाने लगा है। बाढ़ राहत कैंप, लोगों को राहत सामग्री, चिकित्सा व्यवस्था के लिए नावें तैयार रहेंगी।

गांव और पंचायत स्तर पर तैराकों को चिह्नित किया गया है। जिससे जरूरत पड़ने पर तत्काल उन्हें बुलाया जा सके। जिले में पानी आने से रोकने के लिए बंधियों का निरीक्षण व मरम्मत के काम की जिम्मेदारी टीमों को दी गई है। बोल्डर व बालू की बोरी की उपलब्धा भी होगी। बिजली के खंभों, तारों को मजबूत करने और बिजली आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था का जिम्मा केस्को के पास होगा। जिलाधिकारी ने राहत शिविर की स्थापना, अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती, नाव व नाविक की सूची, आपदा प्रबंधन समिति का गठन, मोटरबोट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। सदर तहसील छोड़कर अन्य तहसीलों में कोई मोटरबोट नहीं है। पीएसी की मदद ली जाती है।

**35** बाढ़ चौकियां बनाने की तैयारी की गई है

**47** निजी और सरकारी गोताखोर हैं

**178** नाव प्रशासन के पास मौजूद हैं

**इमरजेंसी**

हेल्पलाइन-0512-2985077
टोल फ्री नंबर-18001805145
स्वास्थ्य विभाग का नंबर-9415576825

### शहरी क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव

नगर में मकड़ीखेड़ा, सुखऊपुरवा, लक्ष्मीपुरवा, देवीपुरवा, मेहरबान सिंह का पुरवा, भौती प्रतापपुर आदि व मैनावती मार्ग के आसपास के करीब एक दर्जन गांवों में बाढ़ की संभावना रहती है। जिसे देखते इस बार नगर क्षेत्र में 7 गांवों में बाढ़ चौकियों की स्थापना की जानी है।

### बिल्हौर में 49 गांव होते प्रभावित

तहसील क्षेत्र में गंगा, पांडु, ईशन, नोन नदी हैं। गंगा के किनारे बसे हनुमानपुरवा, महिगवां, कटरी गदनपुर आहार, गौरी, मुहीउद्दीनपुर, नानामऊ, बोहनार, कटरी महिगवां, कटरी नानामऊ व महिगयां प्रभावित होते हैं। पांडु नदी से 19, ईशन से 14, गंगा से 9 व नोन नदी से 9 गांव समेत कुल 49 गांव प्रभावित होते हैं। जलभराव से सिर्फ कृषि क्षेत्र प्रभावित होता है। राहत के लिए 9 बाढ़ चौकियां बनाई जाती हैं। व्यक्तिगत कुल 82 नाव हैं।

### नर्वल में तीन चौकियां

नर्वल तहसील में तीन विकास खंड सरसौल, बिधनू, भीतरगांव आते हैं। यहां गंगा, रिंद व पांडु नदी प्रमुख नदिया हैं। इस क्षेत्र में बाढ़ से 12 गांव प्रभावित होते हैं। क्षेत्र में सिर्फ दो नाव है, बाकी सदर से 25 नाव भेजी जाती है। तिलसहरी नर्वल, नसडा, कुढवा, गौरिया, महुआ, भदासा, डोमनपुर, पिपरगवां, सुभौली, सलेमपुर, कुरियां, खरौटी, दीपापुर आदि गांव प्रभावित होते हैं। बाढ़ से निपटने के लिए तीन चौकियां बनाई जाती हैं।

### घाटमपुर में 35 व्यक्तिगत नावें

घाटमपुर तहसील क्षेत्र में यमुना, रिंद व नोन नदी के कारण बाढ़ की स्थिति बनती है। यमुना के किनारे कटरी काटर, गड़ाथा, कोटरा, मकरन्दपुर, हरदौली रामपुर, समुही, लहुरीमऊ गांव चपेट में आते हैं। रिंद नदी से प्रभावित बरनांव, पतारा, पड़रीलालपुर गांव हैं। क्षेत्र में एक भी सरकारी नाव नहीं है। कुल 35 व्यक्तिगत नाव हैं। बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए हमीरपुर से भी नाव बुलाई जाती है। यमुना नदी में जलस्तर नाप यंत्र नहीं है। हमीरपुर के यंत्र से जानकारी मिलती है। बेंच मार्क किसी नदी पर नहीं है।

# बयान देने नहीं पहुंचे बाबू और पूर्व डीआईओएस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दोनों ने अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की
- एसआईटी को दो शिक्षकों के पते भी गलत मिले
- आरोपियों की बेल खारिज कराने के लिए कोर्ट में पैरवी

**अमृत विचार।** फर्जी शिक्षक भर्ती प्रकरण में पुलिस पूर्व डीआईओएस और बाबू को चार बार नोटिस भेज चुकी है लेकिन उसका कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है। ये दोनों बयान दर्ज कराने भी नहीं आए। जिसके बाद पुलिस इन आरोपियों की बेल खारिज कराने के लिए कोर्ट में पैरवी करने की तैयारी में जुट गई है। इस मामले में गठित एसआईटी ने मेरठ और मुजफ्फरनगर में दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी थी, लेकिन आरोपियों ने हाईकोर्ट से स्टे ले रखा था, जिससे उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। जांच में पता चला है कि दोनों शिक्षकों ने अपना मूल पता गलत दर्ज कराया है।



शिक्षक भर्ती फर्जीवाड़े में एसआईटी की जांच कर रही है। मिर्जापुर, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ और मुजफ्फरनगर में दबिश देने के बाद पुलिस ने कई साक्ष्य एकत्र किए हैं। जेल भेजे गए आरोपियों ने जिन नौ शिक्षकों की तैनाती करवाई थी उनमें पुलिस सात से पूछताछ कर चुकी है, जबकि दो शिक्षकों के पते की अभी तक पुलिस पुष्टि नहीं कर सकी है। इन दो शिक्षकों के द्वारा जो पता दस्तावेजों में दर्ज कराए गए थे, वह गलत हैं। जिसके बाद पुलिस इनको खोजने में जुट गई है। इस मामले गिरफ्तारी से बचने के लिए पूर्व डीआईओएस मुन्नी लाल के साथ ही बाबू सुनील कुमार ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की है, जिसमें सात जुलाई को सुनवाई होगी। इन दोनों आरोपियों को पुलिस आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करने के लिए चार नोटिस भेज चुकी है, लेकिन दोनों बयान दर्ज कराने के लिए एसीपी कार्यालय नहीं आ रहे हैं। एसीपी महेश कुमार ने बताया कि गुरुवार को भी दोनों का इंतजार करते रहे लेकिन वह नहीं आए।

# गिट्टी-सीमेंट डालकर बराबर करें सड़क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



रथयात्रा मार्ग का निरीक्षण करते पुलिस कमिश्नर। अमृत विचार

- रथयात्रा मार्ग को कमिश्नर और नगर आयुक्त ने देखा

**अमृत विचार।** श्रीजगन्नाथ रथयात्रा मार्ग का गुरुवार को नगर आयुक्त मदन सिंह गर्ब्याल ने निरीक्षण किया। अधिकारियों को रथयात्रा मार्ग में दिखी दिक्कतों को दूर करने का आदेश दिया। कहा कि सड़क के गड्ढों को गिट्टी व सीमेंट से भरा जाए। रोलर चलाकर उसे समतल करें। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने भी रूट का निरीक्षण किया।

श्रीजगन्नाथ के तीनों मंदिरों से 7 व 8 जुलाई को रथयात्रा निकलने वाली है। रथयात्रा मार्ग में गड्ढों के कारण कोई अड़चन न आए, इसलिए नगर आयुक्त ने गुरुवार को निरीक्षण किया। सबसे पहले वह तीनों मंदिर पहुंचे और व्यवस्थाओं को देखा। इसके बाद बादशाही नाका चौराहा से शुरू होने वाले रथयात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। जनरलगंज बाजार, काहूकोठी, नीलवाली गली, नयागंज चौराहा पर निरीक्षण के बाद अधिकारियों से कहा कि सड़क पर गिट्टी व सीमेंट डालकर रोलर से समतल किया जाए। इसके बाद धनकुट्टी में चल रहे काम को भी देखा। बताया कि केस्को की ओर से खोदी गई सड़क पर मरम्मत काम चल रहा है। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता नगर निगम, जोनल अधिकारी, जोनल अभियंता, जोनल स्वास्थ्य अधिकारी, रथयात्रा के कोआर्डिनेटर ज्ञानेंद्र विश्नोई आदि रहे।

# रोग नियंत्रण अभियान की मॉनिटरिंग शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत हो चुकी है। अब 11 जुलाई से दस्तक अभियान की शुरुआत होनी है। दस्तक अभियान शुरू होने से पहले संचारी रोग नियंत्रण अभियान में अधिकारियों ने क्या कार्य किया, इसपर कानपुर मंडल की अपर निदेशक ने मॉनिटरिंग करानी शुरू कर दी है, जिसकी रिपोर्ट तैयार कर अपर निदेशक द्वारा शासन को भेजी जानी है।

रामादेवी स्थित कांशीराम संयुक्त अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर से एक जुलाई को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की थी। तब से लेकर चार जुलाई शाम तक स्वास्थ्य विभाग शहरी व ग्रामीण मिलाकर सौ से अधिक क्षेत्रों में भ्रमण कर चुका है, जिनमे से करीब 40 घरों में डेंगू के मिले चुके हैं। कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ.संजू अग्रवाल ने मॉनिटरिंग करानी शुरू कर दी है।

### 10 घरों में मिले डेंगू के लार्वा

कानपुर। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत गुरुवार को टीमों ने रोटी गोदाम, मूलगंज, चुन्नीगंज, जाजमऊ बाजपाई नगर, हाफिज हलीम का हाता, गोविंद नगर 13 ब्लॉक, उस्मानपुर मलिन बस्ती, विनोबा नगर, कल्याणपुर, ख्योरा, सीसामऊ रामेश्वर मंदिर, शास्त्री नगर छोटा सेंट्रल पार्क, जरौली, मछरिया बाजार व यशोदा नगर में स्थित करीब 15 सौ घरों में एंटोमोलॉजिकल सर्वे व सोर्स रिडक्शन का कार्य किया। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन के मुताबिक टीम को कई घरों में डेंगू के लार्वा मिले। टीम ने लार्वानाशक छिड़काव कर उनको नष्ट किया।

## सार-संक्षेप



जनता दरबार में शिकायत सुनतीं विधायक पूनम संखवार। अमृत विचार

### विधायक ने दरबार लगाकर सुनीं जनता की समस्याएं

मंगलपुर। नहर कोठी में विधायक जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। अधिकांश शिकायत पुलिस, बिजली व राजस्व की रही। विधायक ने समस्याओं का जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। गुरुवार को रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार ने दोपहर में नहर कोठी झींझक में जनता दरबार लगाया। इस दौरान कुल 35 शिकायतें आईं। जिसमे से मौके पर ही 30 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जबकि पांच शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। विधायक ने कहा कि विधानसभा के लोगों की समस्याओं को समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए हर संभव प्रयास हो रहा है। विभागीय अधिकारियों को भी चाहिए कि वह सारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताएं। उनका लाभ भी जनता तक पहुंचाएं। इस मौके पर झींझक अमित तिवारी उर्फ सोनू तिवारी, संतोष प्रताप सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अनमोल गुप्ता, सर्वेश राजपूत, जेपी मौर्य, करन यादव, सत्यपाल धनगर, विभु राजपूत, योगेंद्र पाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



पैलावर संविलयन विद्यालय में मिडडे मील खाते बच्चे। अमृत विचार

### प्रधानाध्यापिका हटाई गईं तो स्कूल भेजे गए बच्चे

राजपुर। ब्लॉक क्षेत्र के पैलावर डेरा संविलियन विद्यालय में प्रधानाध्यापिका के बहाल होने के विरोध में अभिभावक बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे थे। बीएसए के निर्देश पर प्रधानाध्यापिका को स्कूल से हटाने के बाद गुरुवार को स्कूल में अभिभावकों ने बच्चों को भेजा। बताते चलें कि पैलावर डेरा संविलियन विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापिका वसीम बानो को हटाने की मांग कर ग्रामीण विरोध कर रहे थे। बीएसए अजय कुमार मिश्रा ने बुधवार को विवादित प्रधानाध्यापिका को पैलावर डेरा से हटाकर पीतमपुर स्कूल में संबद्ध कर दिया। इसके बाद गुरुवार को अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजा। विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका नीरु सिंह ने बताया कि नए सत्र के पहले दिन विद्यालय में पंजीकृत 123 बच्चों के सापेक्ष 45 बच्चों को अभिभावकों ने स्कूल भेजा है। गुरुवार को विद्यालय में एमडीएम बनाया गया और ग्रामीणों के घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# ट्रेन से गिरकर प्रयागराज के युवक की गई जान

संवाददाता, रूरा

- घर से मजदूरी करने के लिए प्रयागराज से दिल्ली जा रहा था युवक

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रायपुरवा गांव के पास दिल्ली हावड़ा रेल लाइन के डाउन ट्रैक पर प्रयागराज के एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। ट्रेन के चालक की सूचना पर स्टेशन मास्टर ने मेमो भेजकर पुलिस को जानकारी दी।



विकास।

दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक के डाउन ट्रैक पर खंभा नंबर 1072/18-20 के बीच गुरुवार की भोर एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। मृतक के पास मिले मोबाइल से हादसे की जानकारी परिजनों को दी गई।

सूचना पर पहुंचे पिता हरिलाल निवासी ग्राम टेला जनपद प्रयागराज ने मृतक की शिनाख्त अपने पुत्र विकास (27) के रूप में की। पिता ने बताया कि बुधवार की शाम पुत्र विकास मजदूरी करने दिल्ली के निकला था और रास्ते में घटना हो गई। रूरा थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# विजिलेंस ने भेजी केडीए के दो अफसरों के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौ माह में जांच पूरी करके करके विजिलेंस मुख्यालय को भेजी गई रिपोर्ट
- वर्ष 2018 में दो करोड़ 25 लाख रुपये की सरकार को क्षति पहुंचाने की है शिकायत

**अमृत विचार।** केडीए के दो अधिकारियों के विरुद्ध विजिलेंस ने एफआईआर दर्ज की थी। इस मामले में विजिलेंस के अधिकारियों ने जांच पूरी करके साक्ष्यों के साथ चार्जशीट दाखिल करने के रिपोर्ट विजिलेंस मुख्यालय को भेज दी है। अधिकारियों ने बताया कि आगे की कार्रवाई मुख्यालय और शासन के स्तर से होगी।

कानपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों पर आरोप लगे थे कि वर्ष 2018 में जूही के पश्चिम क्षेत्र की सडक़ों की निविदा देरी से स्वीकार करने और रुपये की सरकारी क्षति पहुंचाई है। इस मामले में शासन में शिकायत की गई थी। शासन के निर्देश के बाद विजिलेंस ने इस मामले की जांच शुरू की। प्राथमिकी जांच में तत्कालीन अधीक्षण अभियंता केके पांडेय और अधिशासी अभियंता डीसी यादव को दोषी पाया गया।

दोनों ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इस मामले में टीम ने शासन को 16 जनवरी 2020 को रिपोर्ट भेजी। दोनों अधिकारियों के खिलाफ 14 सितंबर 2023 को विजिलेंस ने मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही आगे की जांच शुरू कर दी थी।

विजिलेंस टीम ने शासन को भेजी गई प्राथमिकी जांच रिपोर्ट में कहा था कि दोनों अधिकारियों ने लोक सेवक होने के बाद भी संबंधित कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया है।

दोनों प्राधिकरण के वित्त एवं लेखा नियमावली का उल्लंघन के दोषी है। इसी मामले में विजिलेंस ने मुकदमे चार्जशीट दाखिल करने के लिए लगभग नौ माह तक जांच की। साक्ष्य संकलन के बाद चार्जशीट दाखिल करने के लिए रिपोर्ट विजिलेंस मुख्यालय लखनऊ को भेजी गई है।

# रोडवेज की पुरानी बसों में भी लाल बटन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महिला सुरक्षा को लेकर योगी सरकार सख्त, कंट्रोलरूम से होगी निगरानी
- नई बसों में लाल बटन लगी तो है लेकिन ये पूरी तरह काम नहीं करती

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की नई बसों में लाल बटन लगी तो है लेकिन ये पूरी तरह काम नहीं करती हैं। अब रोडवेज की पुरानी बसों में भी लाल बटन लगेगा। सभी बसों के लाल बटन को पुलिस कंट्रोलरूम से जोड़ा जायेगा ताकि पांच मिनट में ही बस में छेडछाड़ करने वालों के पास तक पुलिस पहुंच जाये।

परिवहन की नई बसों में लाल रंग की बटन लगाई गई है। यदि किसी महिला के साथ बस में छेड़छाड़ होती है और पीड़ित महिला बटन दबा दे तो बटन दबाते ही पुलिस कंट्रोल रूम को ये पता चल जायेगा कि कहां किस बस में महिला मुश्किल में है। अभी रोडवेज बसों में जीपीएस सिस्टम सही नहीं होने के कारण पीड़ित तक पहुंचने में पुलिस को मशक्कत करना पड़ता है।

### जीपीएस पूरी तरह काम नहीं करते



रोडवेज की अधिकतर बसों में लाल बटन पूरी तरह काम नहीं कर रहे हैं। यही कारण है कि पुलिस को किसी भी छेड़छाड़ की घटना की जानकारी नहीं हो पाती है। अब योगी सरकार ने सभी बसों में लाल बटन लगाने का तैयारी की है ताकि महिलाओं की सुरक्षा पुख्ता हो सके। इसके लिए बसों में लगे जीपीएस सिस्टम को भी अपडेट किया जायेगा ताकि किसी भी घटना पर बस की सही लोकेशन पुलिस को मिल सके।


### ई बसों में भी महिला सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर

महिला यात्रियों की सुरक्षा के सारे बंदोबस्त ई बसों में भी करने के निर्देश दिये गये हैं। ई बसों में लाल रंग की बटन लगी हुई है लेकिन शायद ही किसी महिला ने आजतक इसका प्रयोग किया होगा। इस संबंध में कानपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के निदेशक डीवी का कहना है कि ई बसों में महिला सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जायेगी।

**बैठक** डीएम-एसपी ने दिए निर्देश, डीएम बोले-अधिकारी मौके पर जाकर करें निरीक्षण

# जुलूस के दौरान छोटे बच्चों पर रहेगी विशेष नजर

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



कानून व्यवस्था को लेकर गुरुवार को बैठक करते डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में त्योहार पंजिका में पंजीकृत पारंपरिक आयोजन ही पूर्व की तरह आयोजित किए जाएं। अधिकारी कही-सुनी बातों पर विश्वास ना करें और स्वयं निरीक्षण कर जायजा लें। यह निर्देश डीएम व एसपी ने मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में शांति एवं कानून व्यवस्था की बैठक में दिए।

गुरुवार को डीएम आलोक सिंह ने निर्देश दिए की ताजिया निर्धारित ऊंचाई में ही तैयार किए जाएं और विद्युत विभाग रूट चार्ट के अनुसार कार्ययोजना तैयार कर लाइनमैन की उपलब्धता प्रत्येक ताजिया स्थल पर सुनिश्चित करें। उन्होंने डीपीआरओ, सभी ईओ व एक्सईएन जल निगम को निर्देशित किया कि जनपद में पारंपरिक आयोजन के कार्यक्रम स्थलों एवं उसके क्रियांवयन के लिए तैयार किए गए रूट चार्ट पर कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न रहे। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं को बनाएं। उन्होंने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि परिवहन के रूप में ट्रैक्टर ट्राली का प्रयोग पूर्णत वर्जित रहेगा। जुलूस में छोटे बच्चों पर विशेष देख-रेख रखी जाए और हो सके तो उन्हें शामिल न किया जाए।

बैठक में एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने सभी क्षेत्राधिकारियों को क्षेत्र में तैनात बीट आरक्षियों से रूट चार्ट प्राप्त कर संबंधित एसडीएम के साथ भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि अराजक तत्वों पर पूर्व से नजर रखते हुए कार्रवाई की जाए। बैठक में एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एएसपी राजेश पांडेय, सभी एसडीएम, सीओ समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पड़े मिले लोडर चालक व फैक्ट्री मजदूर के शव, हड़कंप

## फॉरेंसिक टीम बुलाने की मांग करते हुए चालक के परिजनों ने काटा हंगामा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फैक्ट्री से घर के लिए निकले युवक का शव सदर कोतवाली अंतर्गत अस्पताल के पास पड़ा मिला। सुबह लोगों से मिली सूचना पर पुलिस पहुंची और मौके पर जांच पड़ताल की और परिजनों की इसकी जानकारी दी। वहीं बारासगवर थानाक्षेत्र निहाली खेड़ा निवासी लोडर चालक का शव उसके घर से 6 किमी दूर सड़क किनारे पड़ा मिला। मौके पर पहुंचे परिजनों ने फॉरेंसिक जांच की मांग कर हंगामा काटा। एसओ ने फॉरेंसिक व फील्ड यूनिट टीम बुलाकर जांच कराई।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अटवा ओसियां गांव का मूल निवासी अरुण तिवारी (40) पुत्र स्व. श्रीकांत सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीडी नगर स्थित मकान में अकेले रहता था। वह क्षेत्र के अकरमपुर में एक चर्म फैक्ट्री में श्रमिक था। बुधवार को रोज की तरह सुबह काम पर गया था। जहां से वह शाम को घर निकला लेकिन लौटा नहीं। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल के पास एक दुकान पर उसका शव पड़ा मिला। दुकानदार अंकित जब दुकान लगाने आया तो उसे इसकी जानकारी हुई। पुलिस उसे अस्पताल ले कर पहुंची जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर पाकर मौके पर परिजन पहुंचे। मां रामरानी ने बताया कि उसकी पत्नी राधा की करीब ढाई साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया इसमें उसके क्षय रोगी होने की बात सामने आई है। लेकिन उसकी मौत गिरने की वजह से आई चोट से हुई है।

उधर, बारासगवर थानाक्षेत्र के निहाली खेड़ा गांव निवासी मुनींद्र सिंह उर्फ राजू (51) लोडर चालक था। बुधवार शाम वह घर से बिना बताए निकला था। देररात तक उसके न लौटने पर परिजनों ने उसकी संभावित स्थानों पर तलाश की। लेकिन कोई पता नहीं लगा। गुरुवार सुबह सात बजे उसका शव रूदीखेड़ा-दलपतखेड़ा मार्ग पर सड़क किनारे पड़ा मिला। शव देख वहां राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। किसी ने उसको पहचाना और परिजनों को खबर दी तो परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने मौत पर शक जताते हुए फॉरेंसिक टीम बुलाने की मांग कर हंगमा काटा। फॉरेंसिक टीम पहुंची और जांच की। वहीं पुलिस की जांच में पता चला कि उसने पास के ही एक भट्ठे पर रात में शराब पी थी। टीम ने वहां से भी साक्ष्य जुटाए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके हृदय गति रुकने से मौत की पुष्टि हुई है।

## अधेड़ को मारी गोली, घायल

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के बहुराजमऊ गांव में लेनदेन को लेकर चली आ रही एक माह पुरानी खुन्नस के चलते ढाबा संचालक ने घर में चढ़ाई कर गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने अधेड़ पर फायर झोंक दिया।

बीघापुर कातवाली क्षेत्र के बहुराजमऊ निवासी समरजीत सिंह (50) का बड़ा बेटा सूरज एक माह पूर्व अचलगंज थानाक्षेत्र के भैंसई नौबस्ता निवासी राजा सिंह के ढाबे पर खाना खाने गया था। जहां नशे के बाद लेनदेन को लेकर उनमें विवाद हुआ था। इसमें मारपीट भी हुई थी। इस पर पिता सरजीत ने भी राजा से विरोध दर्ज कराया था। छोटे बेटे संदीप ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार रात नौ बजे राजा सिंह अपने साथी सनी व साले आलोक के साथ कार से उसके घर पहुंचा और गालीगलौज करने लगा। घटना के समय बड़ा भाई सूरज घर पर नहीं था। इस पर पिता बाहर निकले और गालीगलौज का विरोध किया। इस पर उन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। शोर सुन ग्रामीण निकले तो राजा ने तमंचा से पिता पर फायर झोंक दिया।

# ससुराल जा रहे युवक को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, गई जान

- गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के देवारा गांव में हुई दुर्घटना
- भाई ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ दर्ज कराया मामला

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



विजय राजपूत।



गंगाघाट कोतवाली में मौजूद मृतक के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उन्नाव के शेखपुर नरी निवासी एक युवक बाइक से बुधवार रात सफीपुर स्थित अपनी ससुराल जा रहा था, तभी सहजनी शंकरपुर मार्ग स्थित देवारा गांव के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शेखपुर नरी निवासी रामकरन का 25 वर्षीय बेटा विजय राजपूत बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे बाइक से सफीपुर के शाहाबाद अपनी ससुराल जा रहा था, जैसे ही वह गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी शंकरपुर मार्ग स्थित देवारा गांव के पास पहुंचा, तभी अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह उछल कर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिये एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा। वहीं मृतक के परिजनों को सूचना दी। पति की मौत पर पत्नी नन्हक्की अपनी डेढ़ माह की बच्ची को गोद में लेकर रोती बिलखती रही।

वहीं भाई मोनू ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है कार्रवाई की जायेगी।

## बारात जा रहे भाइयों को वाहन ने रौंदा, एक की मौत दूसरा गंभीर

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- चचेरे भतीजे की बारात में बाइक से जा रहे थे दोनों भाई
- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल



धर्मेंद्र।

**अमृत विचार।** बारात जा रहे दो भाई अज्ञात वाहन की टक्कर से रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां से उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया। जहां ले जाते समय रास्ते में एक ने दम तोड़ दिया। वहीं दूसरे का इलाज जारी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव तुरकहा का धर्मेंद्र (45) अपने छोटे भाई सुरेंद्र (40) के साथ बाइक से अपने चचेरे भतीजे अखिलेश की बारात में शामिल होने मौरावां जा रहा था। जैसे ही वह पाटन-पुरवा रोड स्थित चंदीगढ़ी के पास नहर पुल पर पहुंचा तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इसमें दोनों रोड पर गिरकर गंभीर घायल हो गये। पीछे से आ रहे गांव के अन्य बारातियों ने उन्हें घायलावस्था में पड़ा देख एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया जहां इलाज के बाद दोनों को गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहां से धर्मेंद्र को कानपुर के हैलट रेफर किया गया। जहां ले जाते समय धर्मेंद्र ने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं, सुरेंद्र का इलाज उन्नाव के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

कार्यवाहक प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश यादव ने कहा कि अज्ञात वाहन की टक्कर से धर्मेंद्र की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। घटनाकारी वाहन की तलाश की जा रही है।

# राहुल की फोटो पर कालिख पोतने पर कांग्रेसियों में उबाल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



ज्ञापन देतीं जिलाध्यक्ष आरती वाजपेयी व पार्टी नेता। अमृत विचार

- विमल द्विवेदी ने समर्थकों के साथ बड़ा चौराहा पर राहुल के पोस्टर पर पोती थी कालिख

**अमृत विचार।** कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। इसमें नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की गई है। कांग्रेसियों ने पार्टी के सांसद राहुल गांधी के पोस्टर पर कालिख पोतने को घृणित कृत्य बताया है।

संसद में हिंदुओं को लेकर दिए गए बयान के विरोध में कांग्रेस सांसद के पोस्टर पर कालिख पोतकर नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के लोगों ने विरोध जताया था, जिसमें संस्था अध्यक्ष के अलावा अन्य लोग भी शामिल थे। हिंदू संगठन के विरोध प्रदर्शन का संज्ञान लेते हुए कांग्रेसियों ने गुरुवार को पार्टी की जिलाध्यक्ष आरती वाजपेयी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि संबंधित लोगों ने कालिख पोतने का घृणित कार्य किया है। इसलिए उनके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने सात दिन में दोषी के विरुद्ध कार्रवाई न किए जाने पर सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है। ज्ञापन देने वालों में कमल तिवारी, ओमकांत पांडेय, कृष्पाल यादव, आशीष त्रिपाठी, विश्वास निगम, तन्मय श्रीवास्तव, यूसुफ फारुकी, सुमित गुप्ता, आरसी यादव, संजय पांडेय, दिनेश, रामसुमेर, सुयस वाजपेयी,साश्वत वाजपेयी, फैज फारुखी, आशुतोष शर्मा, सुशील तिवारी आदि कांग्रेसी भी शामिल थे।

## उफ ! इंतजाम न होने से फिर बह जाएगा बारिश का पानी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- सिकुड़ने के साथ गहराई भी खोते जा रहे हैं तालाब व पोखर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जहां बारिश का पानी सुरक्षित करने पर जोर दिया जाता है। वहीं शासन की ओर से भी बारिश का पानी जाया न होने देने पर जोर देता है। इसके बाद भी जिले में न तो जन प्रतिनिधियों और न ही अधिकारियों या किसी स्वैच्छिक संगठन ने बारिश का पानी तालाब, पोखर में समेटने की तैयारी की। इस बार भी बारिश का पानी नाले-नालियों के जरिए बह जाएगा।

गौरतलब है कि पीएम ने अपने पहले ही कार्यकाल में तालाब, पोखर व झीलों में बारिश का पानी संचित किए जाने के अभियान पर जोर दिया था। इस पर एक वर्ष तो सत्तारूढ़ दल के नेताओं सहित अन्य लोगों ने भी तालाबों की सफाई करते हुए फोटो खिंचवाने के लिए जद्दोजहद की लेकिन वह इस अभियान को आगे नहीं बढ़ा सके। जिले का सौ बीघा से अधिक भूमि पर फैला भदेसा ताल सहित अन्य तालाब व झीलें बारिश के दिनों में बहकर आने वाली मिट्टी से पटते हुए जहां आकार में सिमटती जा रही हैं। वहीं इनकी गहराई भी लगातार कम होती जा रही है। अव्वल तो इधर कुछ वर्षों से पहले की तरह बारिश नहीं होती। वहीं होने वाली बारिश अवरोधों के चलते तालाब, पोखर व झीलों में नहीं सिमट पाती है। नाले-नालियों में बहकर बारिश का पानी विभिन्न नदियों में समाकर नष्ट हो जाता है। इससे सर्दी का मौसम समाप्त होते-होते अधिकांश तालाबों का जल स्तर नीचे जा चुका होता है। यही कारण है कि भूगर्भित जल स्तर लगातार नीचे जाता जा रहा है। इससे मात्र तीन दशक पहले तक 40 फिट गहरी बोरिंग वाले हैंड पंप लोगों की पानी की जरूरत पूरी कर देते थे, जबकि अब 80 फिट बोरिंग पर भी पानी नहीं मिल पा रहा है।

## डॉ. मीता अरोड़ा बनीं प्रधानाध्यापिका



डॉ. मीता अरोड़ा।

**उन्नाव।** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डा. शिवपाल सिंह का राजकीय विद्यालय उन्नाव से बाराबंकी ट्रांसफर होने पर महाविद्यालय की वरिष्ठतम प्रधानाध्यापिका डॉ. मीता अरोड़ा ने मां सरस्वती की पूजा कर प्राचार्य पद का कार्यभार संभाला। सभी प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने नये प्राचार्य को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दी। शासन की मंशानुसार शासन की योजना (अभ्युदय योजना, छात्रवृत्ति योजना, सुमंगला योजना, स्मार्टफोन वितरण योजना आदि) प्राचार्य ने सभी प्राध्यापकों के साथ बैठक कर नए सत्र में महाविद्यालय में प्रवेश छात्र संख्या बढ़ाने पर जोर देने की बात कही।

## प्रशिक्षार्थियों को बांटे प्रमाणपत्र

**नवाबगंज।** विकासखंड क्षेत्र के गांव जैतीपुर में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बैंक ऑफ इंडिया, आरसेटी, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षण के बाद प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया।

जिला पंचायत सदस्य बीपी आनंद ने इसमें पहुंचकर स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के इस कार्यक्रम में प्रमाणपत्र बांटे। वहीं देवेंद्र वर्मा ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और प्रमाणपत्रों का वितरण किया। स्वयं सहायता समूह खाटू श्याम दीक्षा साहू ने साहस संस्था द्वारा ग्रामीण स्वक्षता सृजन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। गुड़िया, धीमान, कमला साहू, अन्नू रहे।

# शिकायत पर गांव पहुंचीं बीडीओ ने किया निरीक्षण



नाले का निरीक्षण करतीं बीडीओ पल्लवी सचान। अमृत विचार

संवाददाता बिछिया उन्नाव

**अमृत विचार।** ब्लॉक के गांव दुआ क मजरे बजरहा खेड़ा के उन्नाव-पड़री मार्ग पर जिला पंचायत से बने नाले पर सीमेंट के ढक्कन न होने से भाजपा नेता अरुण दीक्षित ने 26 जून को सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा को शिकायती पत्र दिया था।

मुख्य विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी पल्लवी सचान को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद खंड विकास अधिकारी पल्लवी सचान गुरुवार को दुआ गांव पहुंची और जिला पंचायत से बने नाले का निरीक्षण किया। साथ ही उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में बने शहीद चंद्रशेखर आजाद अंतरिक्ष प्रयोगशाला, आरआरसी सेंटर व क्षतिग्रस्त पड़े तालाब का निरीक्षण किया। साथ ही बच्चों के खेलकूद का मैदान न होने पर जगह का चिन्हांकन के साथ ही जल्द बनवाने का आश्वासन दिया। बीडीओ पल्लवी सचान ने बताया निरीक्षण सम्बंधित आख्या मुख्य विकास अधिकारी को भेजी गई हैं। इस दौरान एडीओ उदयवीर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी दीपा विमल, सरपंच अजय सिंह सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### कल्याणी नदी की क्षतिग्रस्त पुलिया दे रही हादसों को दावत

**परियर उन्नाव।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के देवीपुरवा गांव में अधिक वर्षा के कारण कल्याणी नदी में बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे स्थानीय किसानों के आवागमन में हादसे का भय बना हुआ है। क्षेत्र के देवीपुरवा गांव के पास कल्याणी नदी में बीते चार साल पहले खेत व बाग जाने के लिए किसानों की मांग पर सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा रपटा पुलिया का निर्माण कराया गया था। जो चार वर्ष में ही क्षतिग्रस्त हो गई है। बीते दो-तीन दिनों से हो रही अधिक वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त पुलिया से किसानों को अपने खेतों व बागों से फसल आदि लाने ले जाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। किसानों में रामचंद्र यादव, राजकुमार, राजेंद्र निषाद, विनोद, महावीर व कमलेश आदि ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया क्षतिग्रस्त होने से उन लोगों को अपने खेतों तक जाने में मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

**बोले सदर विधायक**

सदर विधायक पंकज गुप्ता ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुलिया की जानकारी मिली है। जल्द ही किसानों की इस समस्या को दूर किया जाएगा।



क्षतिग्रस्त पुलिया से निकलते किसान।

## सार-संक्षेप

### सेफ्टी सुपर वाइजर की बाइक चोरी

**औरास।** थानाक्षेत्र के नंदौली गांव निवासी अंशू यादव लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे में सेफ्टी सुपर वाइजर पद पर कार्यरत है। वह बुधवार रात 9 बजे औरास टोल प्लाजा के पास गहाखेड़ा के सामने सर्विस लेन पर बाइक खड़ी कर एक्सीडेंट प्वाइंट क्लियर कराने गए थे। जब वह एक्सप्रेस-वे से नीचे उतर कर आये तो उनकी बाइक वहां नहीं थी। इसके बाद उन्होंने थाने में तहरीर दी। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### जामुन के पेड़ से गिरकर किशोर घायल

**गंजमुरादाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव महम्दाबाद कलवारी निवासी अमन (12) पुत्र पप्पू गुरुवार दोपहर गांव के निकट स्थित एक बाग़ के पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ रहा था। तभी अचानक पेड़ की डाल से अचानक किशोर का पैर फिसल गया और वह नीचे जमीन पर आ गिरा। जमीन पर गिरने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार हालत नाजुक देख। उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान

**नवाबगंज उन्नाव।** ब्लॉक सभागार में गुरुवार को आयोजित लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें क्षेत्र के सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। जिसमें इंदुधर द्विवेदी, सुशीला द्विवेदी, ठाकुर प्रसाद व धर्मेश सिंह को विधायक बृजेश रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शंशाक शेखर सिंह व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि सिंह ने सम्मानित किया। उहोंने कहा कि आपातकाल भारत के संविधान का सबसे काला अध्याय है। जबकि किसी को भी सरकार के खिलाफ बोलने की आजादी नहीं थी। तो बेगुनाह लोगों को जेल भेजा जा रहा था। इस दौरान राकेश राठौर, जगतपाल सिंह, सरवन तिवारी आदि मौजूद रहे।

### उधार दिये रुपये मांगने पर युवक को पीटकर किया घायल

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली के शंकरपुर सरायं गांव में रहने वाले एक दलित युवक ने गांव के एक युवक को रुपये उधार दिये थे, मांगने पर उसे मारापीट कर घायल कर दिया। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शंकरपुर सरायं निवासी देवेन्द्र कुमार ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसके भाई महेन्द्र से गांव के आलोक लोधी ने पांच सौ रुपये उधार लिये थे, मंगलवार को भाई ने उससे पैसे मांगे, जिस पर वह आग बबूला हो गया और जातिसूचक गालियां देते हुये भाई की लाठी डंडों से पिटाई कर दी। जिससे उसका हाथ टूट गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिये भेजा और तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ दलित उत्पीड़न और मारपीट की एफआईआर दर्ज की है।

### युवती को कमरे में बंद कर युवक ने पीटा

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर निवासी एक दलित युवती नगर के एक नर्सिंग होम में काम करती है। आरोप है कि बुधवार रात वह अस्पताल में थी, तभी एक युवक अस्पताल में घुस आया और उसे जातिसूचक गालियां देते हुये मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। कंचन नगर निवासी मानसी गौतम ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देते हुये बताया कि वह नगर के एक निजी अस्पताल में काम करती है। उसने बताया कि बुधवार शाम वह अस्पताल में थी, तभी शरीफ नाम का एक युवक अस्पताल में घुस आया। जहां वह एक कमरे में उसे बंद कर दिया और जातिसूचक गालियां देते हुये मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दलित उत्पीड़न, मारपीट समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

### जहरीले कीड़े के काटने से महिला गंभीर, रेफर

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव सबली खेड़ा निवासी मौजीलाल की पत्नी सतरूपा (45) गुरुवार सुबह अपने घर में काम कर रही थी। तभी कोने में छिपे जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**लापरवाही** पुराने अड्डों से अवैध रूप से हो रहा वाहनों का संचालन, जाम लगने से लोगों को होती है परेशानी

# चौराहों पर हर समया लगा रहता है जाम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



शहर स्थित आईबीपी चौराहे पर खड़ी बसें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के अंदर से और मुख्य चौराहों पर अवैध रूप से संचालित हो रहे स्टैंड को हटाने के आदेश के बाद भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

इससे चौराहों पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे लेकर शासनादेश भी जारी किया था। जिसमें शहर के अंदर और चौराहों से अवैध रूप से संचालित हो रहे, अवैध स्टैंडों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए थे और इससे शहर से बाहर स्थान भी चिह्नित कर संचालन भी शुरू हो गया था। शासनादेश आने के बाद कुछ दिन तक तो शहर के अंदर और चौराहों पर संचालित हो रहे अवैध स्टैंड को हटवाने का प्रयास किया गया, लेकिन अब स्थिति दोबारा पुराने अड्डों से संचालित हो रहे हैं।

आलम यह है कि शहर के आईबीपी चौराहा, हरदोई पुल, जिला अस्पताल गेट, रामलीला मैदान के सामने उन्नाव शुक्लागंज, एसपी ऑफिस बांगरमऊ मार्ग आदि चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी में ही चालक बेतरतीब ढंग से वाहनों को खड़ा कर देते हैं और सवारियों को बैठाते है। बावजूद इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

**सायरन की आवाज दिलाती है ड्यूटी की याद**

- चौराहों पर मौजूद पुलिस कर्मी दिनभर आराम फरमाते रहते हैं। जैसे ही किसी वाहन के सायरन की आवाज सुनाई देती है। वैसे ही उन्हें अपनी ड्यूटी की याद आती है और वे तत्काल चौराहों पर यातायात संचालित करते हुए दिखाई देने लग जाते हैं।

**बोले जिम्मेदार**

"चौराहों पर मौजूद पुलिस कर्मी अगर लापरवाही करते हैं। तो जांच कराई जाएगी। शहर के अंदर से चल रहे अवैध स्टैंडों को दिखवाया जायेगा।

-भवन सिंह मौर्य
यातायात प्रभारी-उन्नाव

# साइबर ठगों ने खाते से पार किये 67 हजार

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव



**अमृत विचार।** अज्ञात साइबर ठगों ने यूनियन बैंक शाखा में संचालित एक बचत खाते से बीते बुधवार पांच बार में 67 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल में मैसेज आने के बाद खाताधारक को इसकी जानकारी हो सकी। पीड़ित की शिकायत पर बैंक कर्मी ठगों के खातों का पता लगाने में जुटे हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर आंबापारा निवासी अनीस अहमद का बचत खाता नगर के लखनऊ मार्ग स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में है। बीती बुधवार दोपहर अज्ञात साइबर ठगों ने उसके बचत खाते से पहले 50 हजार फिर तीन बार में 15 हजार व पांचवीं बार 2000 कुल 67 हजार रुपये निकाल लिए। रात में अनीस के मोबाइल पर रुपये निकलने का मैसेज आया तो उसे इसकी जानकारी हो सकी। गुरुवार सुबह बैंक खुलने पर अनीस ने मामले से संबंधित शिकायती पत्र शाखा के उप प्रबंधक को दिया। बैंक कर्मियों के अनुसार अवैधानिक ढंग से धन आहरित करने वाले साइबर ठग व उसके बैंक खाते का पता लगाया जा रहा है।

# 10 घंटे में 1 मी. 14 सेमी. बढ़ा जलस्तर, बहीं नावें

## केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार अब जलस्तर में लगातार इजाफा होता रहेगा, पंडों के तख्त तक पहुंचा पानी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



जलस्तर बढ़ने पर पंडों के तख्त तक पहुंचा पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अप्रैल, मई, जून माह में गंगा सिमट कर नहर में तब्दील हो गई थी, वहीं जुलाई के पहले ही सप्ताह में पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने से गंगा में गुरुवार को बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। अचानक जलस्तर बढ़ने के कारण तट पर बंधी गई नावें बह गई। वहीं कई पंडों के तख्त डूब गये। वहीं केन्द्रीय जल आयोग की माने तो अब जलस्तर में लगातार इजाफा होता रहेगा।

पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में झमाझम बारिश होने के कारण पश्चिम के बांधों से रुक-रुक कर पानी छोड़ा जा रहा है। जिस कारण बैराज बांध से पानी छोड़ा गया और शुक्लागंज की ओर तेजी से जलस्तर बढ़ा। जलस्तर बढ़ने के कारण मिश्रा कॉलोनी से लेकर बालूघाट तक कई पंडो के तख्त तक सुबह पानी पहुंच गया। जिस पर पंडे अपनी झोपड़ी और तख्त पानी से हटाकर सूखे स्थान पर रखते नजर आये। वहीं चंपापुरवा, गोताखोर, मनोहर नगर के आस पास नाविको ने गंगा तट के किनारे अपनी नावें बांध रखी थी, पानी बढ़ने के कारण उनकी नावें बह गई। जिस पर नाविक गंगा में बह रही नावों को किसी तरह किनारे लेकर पहुंचे।

वहीं केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि गुरुवार सुबह गंगा का जलस्तर 107.440 मीटर था, अचानक तेजी से जलस्तर में बढ़ोतरी हुई। दोपहर बारह बजे 108.400 मीटर पहुंच गया। शाम चार बजे से 108.580 पहुंच गया। दस घंटे में एक मीटर 14 सेंटीमीटर गंगा का जलस्तर बढ़ा है। जलस्तर बढ़ने से गंगा में अब पानी दिखने लगा है।



चंपापुरवा के सामने कटान को देखते लेखपाल व क्षेत्रीय लोग।

# चंपापुरवा में हुई कटान का लेखपाल ने लिया जायजा

प्रभाव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण रविदास नगर और चंपापुरवा बस्ती के सामने पिछले कई सालों से कटान होती चली आ रही है। जिसे देखते हुये आपके अपने अमृत विचार ने इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसे जिलाधिकारी ने संज्ञान में लिया और बुधवार को लेखपाल को मौके पर भेजा। जहां लेखपाल ने कटान की जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कटान की जानकारी जिलाधिकारी को देंगे, जिसके बाद कटान रोकने की कवायद की जायेगी।

रविदास नगर में कटान होने के कारण पूर्व में कई मकान और एक प्राचीन मंदिर कट कर गंगा में समा चुका है। जिसे देखते हुये पूर्व में कटान रोकने के लिये जिओ बैग डाले गये थे। इधर चंपापुरवा गोताखोर बस्ती के सामने भी पिछले कई सालों से रुक-रुक कर कटान हो रहा है। घेरावदार कटान होने पर कई किसानों की खेतिहर भूमि कट कर गंगा में समा चुकी है। कटान होने के कारण अब बस्ती की ओर कटान पहुंच रहा है। इसके बावजूद जिला प्रशासन की ओर से कटान रोकने के लिये कोई कवायद नहीं की गई। जिसे देखते हुये बुधवार को आपके अपने अमृत विचार ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसे उन्नाव जिलाधिकारी ने संज्ञान में लिया और गुरुवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल अशोक सैनी मौके पर पहुंचे। जहां काफी दूर तक हो रही कटान का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कटान और जलस्तर बढ़ने की रिपोर्ट तहसीलदार, एसडीएम और डीएम को सौपेंगे, लेखपाल ने कहा कि बस्ती के सामने कटान काफी तेज हो गया है, इसलिये उनका प्रयास होगा कि सिंचाई विभाग को पत्र भेजकर कटान रोकने का काम होगा।

# अपने को कोसते हुए थक नहीं रहा है राजकुमार

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** हरदोई के थाना कछोना अंतर्गत गांव समोधा निवासी राजकुमार बेरोजगार होने के चलते छह साल पहले अपनी ससुराल गांव बेहटा मुजावर में रहने लगा था और ससुरालियों के घर के आगे बांगरमऊ- संडीला मार्ग पर लकड़ी की गुमटी के आगे छप्पर डालकर मिठाई-समोसा आदि की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करने लगा।

वह मांगलिक कार्यक्रमों में भोजन पकाने का भी कार्य करता था। बीते बुधवार राजकुमार अपने बड़े बेटे करन को लेकर सहालग करने गया था। रात 12 बजे लौटने पर उसने करन को अपनी मां सरला के पास दुकान में सोने भेज दिया और खुद ससुराल में छत पर सोने चला गया।

तभी गुमटी पर ट्रक पलट गया और उसकी पत्नी व दोनों बेटों की ट्रक के नीचे दबकर मौत हो गई। अब राजकुमार पूरे परिवार में अकेला बचा है और अपने दुर्भाग्य को कोसते थक नहीं रहा है।

- झोपड़ी पर ट्रक पलटने से मां व दो बेटों की मौत का मामला

### पुलिस ने नहीं दिया शव लाने-ले जाने का भाड़ा

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थाना व गांव में झोपड़ी पर ट्रक पलटने से मां व उसके दो बेटों की मौत के बाद जिला अस्पताल में शवों का पोस्टमार्टम हुआ। शवों को जिला अस्पताल ले जाने व लाने का भाड़ा पुलिस द्वारा न दिए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त था। इसके चलते पोस्टमार्टम के बाद तीनों शव गांव लाए जाने पर ग्रामीणों ने सहायता को लेकर बांगरमऊ-संडीला मार्ग पर शवों को रखकर आवागमन अवरुद्ध कर दिया। सूचना मिलते ही बेहटा व बांगरमऊ पुलिस के साथ सीओ अरविंद कुमार मौके पर पहुंचे। सीओ ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। तभी क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार भी वहां पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। किंतु ग्रामीण उच्चाधिकारियों के आने की बात पर अड़े रहे। जिससे करीब दो-तीन घंटे तक मार्ग पर भीषण जाम लगा रहा। अंततः अफसरों के आश्वासन पर शाम करीब छह बजे जाम खुल सका।

# सबके प्रयास से शहर बनेगा सुंदर व जाम से मिलेगी निजात

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैठक करते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर को जाम मुक्त करा सौंदर्यीकरण कराने से पहले डीएम गौरांग राठी ने जनप्रतिनिधियों व विभिन्न व्यापारिक संगठनों को भरोसे में लिया। उन्होंने कहा कि शहर जिले का चेहरा होता है, जिसे बदरंग नहीं रहने दिया जा सकता। इसके लिए उन्होंने सभी से सहयोग की अपेक्षा की। परिणाम स्वरूप सदर विधायक, पालिकाध्यक्ष के प्रतिनिधि व व्यापारी नेताओं को हामी भरनी पड़ी।

डीएम ने सिटी प्लानिंग के लिए जहां आईबीपी चौराहा से बड़ा चौराहा तक सौंदर्यीकरण कराने पर जोर दिया। वहीं बस स्टैंड को शिफ्ट किए जाने की आवश्यकता जताई। कहा कि आईबीपी चौराहा से बड़ा चौराहा के बीच कारोबार करने वाले छोटे कारोबारियों के लिए बड़ा चौराहा ओवरब्रिज के नीचे का हिस्सा वेंडिंग कांप्लेक्स के रूप में विकसित किया जाएगा। सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर मार्किंग कराते हुए ई-रिक्शों के सुगम संचालन भी कराया जाएगा। लोकनगर-छोटा चौराहा मार्ग विकसित करने और कानपुर-शुक्लागंज मार्ग को साफ-सुथरा बनाकर लाइटिंग व डिवाइडरों को व्यवस्थित किया जाना जरूरी है।

- डीएम ने जिला पंचायत अध्यक्ष विधायक, पालिका बोर्ड व व्यापारियों के साथ की बैठक

इसी तरह कलेक्ट्रेट व एसपी आफिस के आसपास से अतिक्रमण हटाए बिना काम नहीं चल रहा है। इस मौके पर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, ज्वांइट मजिस्ट्रेट हिमांशु गुप्ता, एडीएम (एफआर) नरेंद्र सिंह, एडीएम (न्यायिक) विकास सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एएसपी प्रेम चंद्र, सीओ सिटी सोनम सिंह के अलावा विभिन्न व्यापर संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### इस तरह जनप्रतिनिधियों ने दी हरी झंडी

- विधायक सदर पंकज गुप्ता ने सिटी प्लानिंग को अभिनव पहल बताते हुए सराहना की। कहा कि वह समझते हैं कि शहर को सुंदर व सभी के लिए सुविधाजनक बनाने वाली इस मुहिम में सभी जन प्रतिनिधि सकारात्मक सोच के साथ सहयोग करेंगे। कहा कि सभी अधिकारियों को सकारात्मकता से इस अभियान में दायित्वों का निर्वहन करना होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह व नगर पालिका परिषद की चेरमैन श्वेता मिश्रा के प्रतिनिधि प्रवीन कुमार मिश्र भानु ने भी सहयोग का भरोसा दिलाया।

# रिटायर्ड शिक्षक के घर चोरों ने बोला धावा

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव में एक रिटायर्ड शिक्षक के घर में खिड़की की ग्रिल तोड़कर दाखिल हुए चोरों ने करीब सात लाख के जेवर व 1.80 लाख रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया।

पाली गांव निवासी रिटायर्ड शिक्षक अमरेश मिश्र के पड़ोस में संतोष बाजपेयी का मकान खाली पड़ा है। बीती रात उन्हीं की छत से पहुंचे चोरों ने पीड़ित के घर से लकड़ी की सीढ़ी उतारी और गली की ओर लगाकर खिड़की की ग्रिल तोड़कर अंदर दाखिल हुए और आलमारी व बक्से का ताला तोड़ कर सात लाख के जेवर व बक्से में रखे 1.80 लाख रुपये पार कर दिए। गुरुवार सुबह छह बजे सामान बिखरा देख गृह स्वामी घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने बताया कि उनका बेटा बीमार है। वह लखनऊ में भर्ती है। शुक्रवार को उसका आपरेशन होना है। उसकी लिए बुधवार को बैंक से रुपये निकाले थे।

# सीएचसी में गड़बड़ी देखकर भड़कीं निदेशक

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** राजमार्ग स्थित सीएचसी व पीएचसी का निदेशक ने औचक निरीक्षण कर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवायें व सुविधायें जांचीं। सीएचसी में ओपीडी, इमरजेंसी, महिला वार्ड, ओटी, पैथोलॉजी आदि का निरीक्षण कर कमियों को सुधार के निर्देश दिये।

नवाबगंज स्थिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व पीएचसी चमरौली का डॉ सुषमा सिंह निदेशक सीएचसी एवं डॉ साधना राठौर निदेशक ने पीएचसी में गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। सीएचसी में ओपीडी, इमरजेंसी व फार्मेसी का निरीक्षण कर उपलब्ध दवाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं की जानकारी ली। ओपीडी में लगी हेल्थ एटीएम मशीन बन्द मिली। वही दन्त रोगियों के लिये लगाई गई डेंटल चेयर खराब मिलने पर अधीक्षक डॉ राजेश कुमार को नई मंगवाने के लिये कहा। लेबर रूम में बीते 6 माह से सीजेरियन प्रसव न होने पर हैरानी जताई। वहीं लेबर रूम के सामने एक्सरे यूनिट व ओटी के अंदर टीबी यूनिट का संचालन होते देख कड़ी नाराजगी जताई तथा अन्यत्र संचालित करने के निर्देश अधीक्षक को दिये। ब्लड स्टोरेज यूनिट बन्द मिलने पर उसे संचालित करने के निर्देश दिये। पैथालॉजी में ऑटो एनालाइजर, सीबीसी एनालाइजर आदि मशीन न होने की जानकारी पर अधीक्षक से लिखित मांग करने के लिये कहा। स्वास्थ्य केंद्र में हड्डी रोग विशेषज्ञ न होने पर जल्द उपलब्ध कराने की सहमति दी। निदेशक ने सामान्य मरीज वार्ड व गुरुवार को भर्ती मरीजों की जानकारी चाही। तो स्वास्थ्य कर्मी जगह की अनुपलब्धता के चलते वार्ड न होने की बात कह पल्ला झाड़ने लगे। इस दौरान डा. अखिलेश विक्रम, डा. रुचि त्रिपाठी, डा. गरिमा तिवारी, मलखान सिंह बीपीएम, फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार व महेश साहू, संजीव आदि रहे।



सीएचसी में बंद पड़ी हेल्थ एटीएम मशीन को देखतीं निदेशक डॉ. सुषमा सिंह।

- मौजूद अधिकारी व कर्मचारियों को निदेशक ने दिये निर्देश

# एसडीएम व तहसीलदार ने संभाला चार्ज

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** एसडीएम उदित नारायण सेंगर व तहसीलदार साक्षी राय ने विधिवत कार्य ग्रहण करते हुए कहा कि पीड़ितों की शिकायतों का निस्तारण कराना पहली प्राथमिकता होगी।

जिलाधिकारी गौरांग राठी ने तहसील स्तर पर फेरबदल दो जुलाई को किया था। जहां पुरवा एसडीएम रहे रनवीर सिंह को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम बनाया गया हैं। वहीं पुरवा न्यायिक एसडीएम उदित नारायण सेंगर को पुरवा तहसील का एसडीएम की कमान सौपी गयी। एसडीएम उदित नारायन सेंगर पीसीएस 2021 बैच के हैं। इससे पहले बांगरमऊ के एसडीएम रहे। एसडीएम उदित नारायण ने कहा शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कराना प्राथमिकता होगी। कहा कि किसी भी दशा में क्षेत्र में खनन नहीं होने देंगे।

# अमृत सरोवर व शौचालय से चोरों ने पार किये 98 इंगल

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव सधीरा में चोरों ने अमृत सरोवर व शौचालय में रखे 98 लोहे के इंगल पार कर दिये। गांव की प्रधान सोनी के पति सुजीत कुमार ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र दिया कि गांव में बने अमृत सरोवर के चारो ओर लोहे के इंगल लगे थे। साथ ही कुछ इंगल शौचालय में रखे थे। कुल 98 इंगल चोर उठा ले गये हैं।

# छेड़छाड़ के आरोपी चाचा को पांच साल की कैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** भतीजी से छेड़छाड़ के दोषी चाचा को कोर्ट ने पांच साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

माखी थानक्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चार सितंबर-2017 को उसकी तीन वर्षीय बेटी से कंजौरा गांव निवासी भाई विनोद ने छेड़छाड़ की थी। बच्ची के रोने की आवाज पर पर उसकी पत्नी के पहुंचने पर आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर अरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की दलील व साक्ष्य के आधार पर एडीजे शैलेंद्र कुमार सिंह ने विनोद को दोषी करार देते हुए उसे पांच साल की सजा सुनाई है।

### मारपीट के दोषी पर लगा पांच हजार का जुर्माना

- **उन्नाव।** मारपीट के एक मामले में पुलिस ने पीड़ित मंशाराम की तहरीर के आधार पर गदनखेड़ा कोतवाली क्षेत्र के भंड तिवारी पर एससी एसटी और मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। गुरुवार को मुकदमें की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट एडीजे ने सत्यवान सिंह ने भंड तिवारी को मारपीट का दोषी मानकर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं आरोपी को एससी एसटी एक्ट में दोष मुक्त करार दिया गया।

## सार-संक्षेप

### कानपुर से पॉवर कट होने से धड़ाम हुई बीएसएनएल सेवाएं

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर मालरोड में सिग्नल देने के वाले पॉवर सिस्टम में गुरुवार सुबह खराबी आ गई। जिस कारण नगर व जिले की दूर संचार सेवाएं धड़ाम हो गई। सुबह से शाम तक तक मोबाइल में नेटवर्क और इंटरनेट न आने से उपभोक्ता खासे परेशान रहे। वहीं नेट न आने के कारण नगर की बैंकों का भी कार्य प्रभावित रहा। जिससे खाताधारक भी परेशान रहे। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे के लगभग कानपुर बीएनडी कालेज के पास पॉवर सिस्टम में तकनीकी खराबी आ गई। जिस कारण शुक्लागंज के अलावा उन्नाव जिले की बीएसएनएल सेवाएं धड़ाम हो गई। मोबाइल में नेटवर्क न आने के कारण उपभोक्ता किसी को फोन तक नहीं मिला सके, जिससे खासे परेशान दिखे। वहीं ब्राडबैंड व लीज लाइन में सर्वर गुल हो गया। नगर क कई बैंकों में बीएसएनएल की लीज लाइन सेवा से काम किया जाता है और सर्वर न आने से, बैंकों का काम सुबह से शाम चार बजे तक प्रभावित रहा। कुछ बैंकों ने प्राइवेट नेट का प्रयोग कर बैंकों के कार्य किये। इसके अलावा नगर के इंटरनेट कैफै भी बंद रहे। जिससे ऑनालाइन काम कराने वालों को भटकना पड़ा। दोपहर लगभग ढाई बजे मोबाइल सेवा शुरू हुई और शाम चार बजे के बाद नेट सेवा बहाल हो सकी।

### चाचा पर जबरियां घर से बाइक ले जाने की शिकायत

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के देवारा कलां गांव में रहने वाले एक युवक ने अपने चाचा और चचेरे भाइयों पर घर से जबरन बाइक ले जाने का आरोप लगाते हुये जिलाधिकारी से शिकायत की है। इसके साथ ही पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की है। देवारा कलां निवासी किशोर द्विवेदी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उसके चाचा ने 28 जून को घर से ले गये, जहां उसे शराब पिलाई। जिसके बाद अगले दिन कचहरी ले जाकर स्टाम्प में हस्ताक्षर करा लिये। किसी तरह वह घर आ गया। आरोप है कि 2 जुलाई को चाचा और उसके चचेरे भाई घर आये। जहां घर में खड़ी बाइक को जबरन उठा ले गये।

### ट्रेन से गिरने से युवक की मौत

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के सरांय कटियान गांव निवासी प्रशांत बाजपेई (27) पुत्र सरवन विद्युत विभाग का काम करता था। इस समय बांदा में उसका काम चल रहा है। बुधवार सुबह वह बांदा से लखनऊ जा रहा था। तभी मानक नगर रेलवे स्टेशन पर अचानक वह ट्रेन से नीचे गिर गया और करीब 200 मीटर तक घिसटता चला गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे पास के अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### चोरी की बाइक के साथ दो को दबोचा

**चकलवंशी।** थानाक्षेत्र के भीभाखेड़ा निवासी शैलेंद्र पुत्र रमेश भेड़िया ने 15 जून को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि रायपुर गढ़ी की बजार से उसकी बाइक चोरी हो गई है। एसओ संदीप मिश्रा ने चोरी की बाइक सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह माखी रसूलाबाद मार्ग पर गंगा एक्सप्रेस-वे के पास चेकिंग के दौरान एक बाइक पर दो युवक जा रहे थे। उन्हें रोककर बाइक के प्रपत्र मांगे गए तो वह प्रपत्र नहीं दिखा सके। बाइक के नंबर से जांच में पता चला कि बाइक की चोरी की रिपोर्ट दर्ज है। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो एक ने अपना नाम जाविर कुरौली थाना हसनगंज व दूसरे ने आशीष उर्फ दीपक पाठकपुर थाना आसीवन बताया। उन्होंने पुलिस को बताया कि एक बाइक बाग में पन्नी से ढकी खड़ी है। पुलिस ने उसे भी बरामद कर लिया।

### साफ-सफाई कर छिड़का एंटीलार्वा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गुरुवार को पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर पालिका के सफाई कर्मी कंचन नगर पहुंचे। जहां साफ-सफाई कर एंटीलार्वा का छिड़काव किया। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड चार कंचन नगर पहुंचे। जहां संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर सफाई कर्मियों ने वृहद स्तर पर साफ सफाई की। इस दौरान क्षेत्र की सफी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा का छिड़काव किया।

सहानुभूति | मृतकों की आत्मा की शांति के लिये रखा दो मिनट का मौन

# कांग्रेसियों ने हाथरस के मृतकों को दी श्रद्धांजलि




कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। अमृत विचार


संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** हाथरस में एक सत्संग के दौरान मची भगदड़ में कई लोग काल के गाल में समा गये थे। गुरुवार को नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैंडल जलाकर और दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार को बालूघाट स्थित नमामि गंगेघाट पर हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में हताहत हुए लोगों की आत्मा शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जहां कार्यकर्ताओं ने कैंडल जलाई। इसके साथ ही दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने सत्संग आयोजकों के साथ साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा पर कठोर कार्रवाई की मांग सरकार से की है। इस मौके पर नेहा पांडेय, रवि शंकर गुप्ता, पुत्तीलाल वर्मा, जयपाल साहू, मुन्ना सोनी, कमल तिवारी, बाबूलाल गुप्ता, अनिल शुक्ला, अजय आदि लोग मौजूद रहे।

# सत्संग में मौत के मंजर की मुन्नी देवी ने सुनाई दास्तां

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



मुन्नी देवी।

- लोगों को अपनी दास्तां सुनाते सुनाते रोने लगीं मुन्नी देवी

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गायत्री नगर भातू फॉर्म निवासी एक महिला बदरका चौराहे से बस में बैठकर हाथरस में सत्संग में शामिल होने गई थी। जहां घटना को देख उसने अपने परिजनों मौत के मंजर की दास्तां सुनाई। उसने बताया कि वह पहली बार सत्संग में शामिल होने गई थी और उसके सामने ही एक-एक कर कई लोग मौत की नींद सो गये। यह देख उसकी रूह कांप उठी।

गायत्री नगर भातू फार्म में रहने वाली मुन्नी देवी ने बताया कि उसके भतीजे ने कहा कि चाची हाथरस में साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा का सत्संग है। वह बदरका चौराहे से बस में बैठकर हाथरस में सत्संग में शामिल होने गई थी। जहां उसने बताया कि सत्संग के समापन तक सब ठीक था, समापन के बाद जैसे ही बाबा जाने लगे तभी मौजूद लोग बाबा के चरण की धूल लेने के लिए दौड़ पड़े। इस दौरान भीड़ अनियंत्रित हो गई और लोग एक दूसरे को धक्का मुक्की करते हुए आगे बढ़ते गए इसके बाद वहां एक के बाद एक महिलाएं बच्चे गिर गए। जिन्हें रौंदते हुए भीड़ आगे निकल गई। जिससे कई लोगों की मौत हो गई घटना को बताने के दौरान मुन्नी देवी ने बताया कि उसके सामने कई लोगों ने दम तोड़ दिया। मौत का ऐसा मंजर देख उसकी रूह कांप उठी।

# चोरों ने पार किये नकदी व जेवर, सोता रहा परिवार

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमपुर (उसरहा) गांव में देररात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों के सोने-चांदी के जेवर व 80 हजार नकद पार कर दिये। सुबह जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इब्राहिमपुर (उसरहा) गांव निवासी कृपा शंकर शुक्ला पुत्र नन्हे लाल बुधवार शाम परिवार के साथ खाना खाकर घर के बाहर बरामदे में लेटे थे। देररात पीछे के दरवाजे की कुंडी काटकर घर में घुसे चोरों ने कमरे में रखी आलमारी व बक्शे का ताला तोड़कर उसमें रखे लाखों के सोने-चांदी के जेवर व 80 हजार नकद पार कर दिये। सुबह जब परिजन सो कर उठे और घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था।

सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित के अनुसार चोर सोने-चांदी के जेवर व दो दिन पहले बैंक से निकाले 20 हजार व दूध बिक्री के 60 हजार रुपए पार कर दिये। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर रिपोर्ट दर्ज कर जल्द ही चोरों को पकड़ा जाएगा।



चोरों द्वारा फैलाया गया सामान।

- लाखों के जेवरात व 80 हजार की नकदी की पार
- पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल

पर्जन्यनाथा : पशवो राजानो मन्त्रिबान्धवा : ।
पतयो बान्धवा : स्त्रीणां ब्राह्मणा वेदबान्धवा : ॥

पशुओं के रक्षक बादल होते है ,राजा के रक्षक उसके मंत्री ,पत्नियों के रक्षक उनके पति तथा वेदों के रक्षक ब्राह्मण ( ज्ञानी पुरुष ) होते हैं।

## संपादकीय

# भारत और एससीओ

आतंकवाद का विश्व और विशेष रूप से भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा है। भारत विभिन्न आतंकवादी संगठनों द्वारा की गई आतंकवादी कार्रवाइयों से प्रभावित हो रहा है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में गुरुवार को भारत ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। बता दें चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध किया है। भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा कि सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता बनी हुई है और इस कार्य को पूरा करने के लिए क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना में बदलाव लाया जाएगा। गौरतलब है कि एससीओ भारत को मध्य एशियाई देशों के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जिनके पास प्राकृतिक संसाधनों का विशाल भंडार है। यह प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह बनकर उभरा है।

यह एक राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है, जिसका लक्ष्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखना है। एससीओ में ऐसे सदस्य देश शामिल हैं, जो भिन्न-भिन्न राजनीतिक प्रणालियां, आर्थिक मॉडल और रणनीतिक प्राथमिकताएं रखते हैं। इससे आर्थिक सहयोग और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर आंतरिक संघर्षों एवं असहमतियों की संभावना बनती है। 2001 में शुरू हुए एससीओ के वर्तमान सदस्यों में चीन, रूस, भारत, पाकिस्तान, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। ईरान 2023 में पूर्ण सदस्य बन गया और बेलारूस को अस्ताना बैठक के दौरान शामिल किया गया। आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद वे प्रमुख खतरे हैं जिन पर एससीओ विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करता है। संगठन का आतंकवाद विरोधी सहयोग पर विशेष ध्यान है लेकिन इसके आंतरिक अंतर्विरोध चिंता के कारण हैं और सदस्य देशों के बीच संघर्ष को रोकना एससीओ के लिए उच्च प्राथमिकता का विषय है। फिर भी भारत को इस क्षेत्र में आतंकवाद से निपटने के लिए संगठन के सामूहिक प्रयासों से लाभ प्राप्त हो सकता है।

# भीड़ प्रबंधन विज्ञान की पृष्ठभूमि में हाथरस हादसा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**रणनीति के नाम पर हम जीरो तो नहीं हैं, लेकिन रिलीजियस गैदरिंग्स के मौके पर पुलिस अकसर यह सोचकर बेपरवाह हो जाती है कि किसी बाबा या धार्मिक संस्थान द्वारा आयोजित किए गए मेले, प्रवचन या एक सामूहिक इवेंट के दौरान लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए इनके वालंटियर पर्याप्त होंगें।**

हाथरस में भगदड़ में मारे गए लोगों और घायलों के समाचारों को सरसरी तौर से देखने पर पाया कि इसमें भीड़ प्रबंधन के वैज्ञानिक अनुसंधान के बारे बात नहीं की गई है। भारत में किसी भी स्तर पर-पुलिस, गृह विभाग और अन्य संबद्ध विभागों जैसे कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पास भीड़ प्रबंधन के लिए रोड मैप नहीं है।

क्राउड फोरकास्टिंग एंड मैनेजमेंट जैसे वैज्ञानिक अनुसंधान के मुद्दे हमारे पुलिस और गृह विभाग की प्राथमिकताओं की सूची में है ही नहीं,जो भी उपाय व्यवहार में लाए जा जाते हैं वे भीड़ की हिंसक और ध्वंसात्मक प्रवृत्ति को रोकने के लिए हैं। इनके इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग और संसाधनों की प्रकृति (एप्रोच और यूटिलाइजेशन) वही पुराने ढर्रे या कॉलोजियल टाइम्स की है,जबकि इक्कीसवीं सदी में पुलिस सुधार लागू किए जाने के बाद भी पुरानी तकनीक का इस्तेमाल जारी है। भीड़ प्रबंधन से संबंधित जो शोध हुई हैं, उससे हमारे पॉलिटिशियन्स अधिक वाकिफियत नहीं रखते जबकि राजनीतिक रैलियां और धार्मिक कार्यों के नाम पर कुछ हज़ार से लेकर लाखों लोग भीड़ के रूप आज भी नई कांफ्रेंसिंग और पब्लिक एड्रेस सिस्टम्स मोबाइल फोन टेक्नोलॉजीज, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग, सेटेलाइट कनेक्टिविटी,के आगाज के बाद इनके प्रयेग से या तो अधिक परिचित नहीं हैं या इन तक सबकी पहुंच नहीं है। भारत में पुलिस और सिविल अथॉरिटीज का एक्सपोजर क्राउड के साइंटिफिक मैनेजमेंट में किस स्तर का है इस बारे कोई डेटा उपलब्ध नहीं है।

रणनीति के नाम पर हम जीरो तो नहीं हैं,लेकिन रिलीजियस गैदरिंग्स के मौके पर पुलिस अकसर यह सोचकर बेपरवाह हो जाती है कि किसी बाबा या धार्मिक संस्थान द्वारा आयोजित किए गए मेले, प्रवचन या एक सामूहिक इवेंट के दौरान लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए इनके वालंटियर पर्याप्त होंगें। हमारे कुछेक संस्थानों और स्वतंत्र अध्येताओं ने क्राउड कंट्रोल एंड स्ट्रेटेजिक इंटरवेंशन को लेकर अध्ययन किया है। प्रयागराज में सन 2019 में आयोजित अर्द्ध-कुंभ मेले के दौरान किए गए अध्ययन क्राउड मैनेजमेंट एंड स्ट्रेटेजीज फॉर सिक्यूरिटी एंड स्वायलेंस ड्यूरिंग द लार्ज मास गैदरिंग इवेंट्स -द प्रयागराज कुंभ मेला 2019 एक्सपीरियंस का प्रकाशन प्रयागराज स्थित नेशनल एकेडमी ऑफ़ साइंसेज के जर्नल नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज लेटर्स में सन 2022 के मई-जून अंक में किया गया। इस और अन्य जर्नल्स में प्रकाशित अध्ययनों के नोटिस भीड़ प्रबंधन एजेंसीज ने लिया या नहीं,इसका कोई फीडबैक उपलब्ध नहीं है और न ही इसका कोई व्यावहारिक स्वरुप सार्वजनिक प्लेटफ़ॉर्म्स पर दिखाई दिया है।

**हाथरस और इससे पहले हुए अनेक हादसों से पहले यह आकलन किया ही नहीं गया था कि जनसमूह का आकार कितना विशाल होगा और उपलब्ध या सीमित स्थान में आकर इसके जमा होने या बैठने की क्षमता है या नहीं और गड़बड़ होने के बाद इसे काबू में रखने का क्या तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय तय किया गया है।**

हाथरस और इससे पहले हुए अनेक हादसों से पहले यह आकलन किया ही नहीं गया था कि जनसमूह का आकार कितना विशाल होगा और उपलब्ध या सीमित स्थान में आकर इसके जमा होने या बैठने की क्षमता है या नहीं और गड़बड़ होने के बाद इसे काबू में रखने का क्या तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय तय किया गया है। जनसमूह का आकार अगर धीरे-धीरे बढ़ता है और इसका पूर्वाकलन नहीं किए जाने से संख्या बेतहाशा बढ़ती जाए,जैसा कि हाथरस में हुआ,तब इमरजेंसी मैनेजमेंट के अंतर्गत जो करना चाहिए वह भी संभव नहीं हो पाता। बैरिकेड्स लगाकर भीड़ को नहीं रोका जा सकता और फेंसिंग को तो उग्र भीड़ नाराज़ होकर तोड़ देती है।

किसान आंदोलन के समय दिल्ली में शंभू बॉर्डर बैरिकेड्स पर ऐसा हुआ था। इस स्थिति में फिजिकल और साइकोलॉजिकल उपाय भी अकसर फेल हो जाते हैं। प्रबंधन करने वालों के स्थल की जियोग्राफी और मानव समूह की प्रकृति का ठीक से अध्ययन न किए जाने से इमरजेंसी मेडिकल उपाय भी अमल में नहीं लाए जा सकते। भीड़ नियंत्रण के लिए शास्त्रीय ज्ञान का सृजन करने वाले हमारे मनीषी कहते हैं कि मेले में आए हुए लोगों को मंथर गति से चलना चाहिए, आने और जाने के रास्ते अलग होने चाहिए ताकि लोग आपस में टकराए नहीं। वीआईपी लोगों को जनसमूह जहां जमा है उस रास्ते से बाहर की ओर प्रस्थान नहीं करके पीछे के रास्ते से तुरंत निकल जाना चाहिए,लेकिन मामला हाथरस जैसा हो या कहीं और का, जनसमूह को अभिवादन करते हुए,जयजयकार सुनने की लालसा रखने वाले अधिकतर लोग भीड़ की ओर से निकलने को प्राथमिकता देते रहे हैं। हाथरस में कीचड़ वाले अस्थायी स्थल पर डेढ़ से दो लाख जन कुछ ही समय में इकट्ठा हुए तब प्रबंधन के लिए पूर्व सूचना के बिना समग्र इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली की स्थापना करना कैसे संभव हो सकता था। वह भी तब जब भीड़ प्रबंधन का एबीसी भी न जानने वालों ने इस आयोजन की इजाजत दी हो? अगर नगराधीश या पुलिस कप्तान को असामान्य रूप से विशाल भीड़ की जानकारी विलंब से मिली तब ड्रोन-निगरानी को तो एक्टिवेट किया ही जाना चाहिए था।

सन 2013 में एल्सेविएर ने ह्यूमन स्टैंपीड्स ड्यूरिंग रिलीजियस फेस्टिवल्स ए कम्परेटिव रिव्यु ऑफ़ मास गैदरिंग इमरजेंसीज इन इंडिया नाम से एक अध्ययन का प्रकाशन किया,जिसमें बताया गया कि सन 1980 से 2007 के बीच विश्व में अनेक स्थानों पर हुई भगदड़ की 215 घटनाओं में 7069 लोगों की मृत्यु हुई थी और 14000 लोग घायल हुए। भारत में भीड़ के प्रोफाइल की। ठसाठस भरे हुए स्थायी या अस्थायी पंडाल में कई घंटों तक लगभग एक ही मुद्रा में बैठे हुए लोग समापन के समय एक साथ उठते हैं और शारीरिक अकड़न और ऊब से छुटकारा पाने के लिए तत्काल बाहर की ओर प्रांगण अथवा मार्ग पर आने में जल्दबाजी करते हैं। प्रतिष्ठित या लोकप्रिय व्यक्ति की छवि पाने के लिए निकट पहुंचने के लिए मुकाबला करते हुए निकट उपस्थित मनुष्यों को धकियाते हैं, तब भीड़ में मनुष्यों के शरीर सामूहिक तौर पर एक खतरनाक और ताकतवर फ्लूइड की तरह आचरण करते हैं और मार्ग में आने वाले अवरोधों को अचानक प्रकट हुई इसकी ताकतवर धारा के तले रौंदते हुए आगे बढ़ जाना चाहते हैं। इस डायनामिक्स के अंतर्गत ताकत का जो विस्फोट अचानक होता है उसके तले मानव शरीर ही कुचले जाते हैं। उपरोक्त के संबंध में यह जानना रोचक है कि सेरेंघेटी नेशनल पार्क, केन्या में लाखों की संख्या में जंगली पशुओं के सालाना माइग्रेशन के दौरान लाखों की संख्या में होने से इनकी भीड़ और फास्ट मूवमेंट और आकाश में विचरण करने वाले स्टर्लिंग पक्षियों की सामूहिक, सुरक्षित उड़ान के ब्योरे शोधकर्ताओं ने इकट्ठा क्यों किए? उद्देश्य था इन जीवों में क्राउड कंट्रोल की डायनामिक्स को समझने के लिए सैंकड़ों प्रकार की सूचना जुटाना। भीड़ में मनुष्य की मंथर चाल और गतिमय रहकर परस्पर संवाद करने की प्रवृत्ति का भी अध्येताओं ने रिकॉर्ड रखा है। भगदड़ मचने के दौरान अनियंत्रित, भयभीत जनों के रक्त में एड्रिनालिन नामक हार्मोन का स्तर उच्च पाया गया। ऐसे में लोग होश खो देते हैं। इन दोनों का तत्काल तोड़ किसी भी वैज्ञानिक के पास नहीं है सिवा इसके कि रिस्क को मिनीमाइज करने के उपाय पहले से किए जाने जरूरी हैं।

भारत के नेशनल क्राइम रिकाड्र्स ब्यूरो और गृह मंत्रालय में इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी डिवीज़न सन 1996 से दुर्घटना में मारे गए लोगों और मृत्यु के कारणों का डेटा रखने लगा है। क्राउड कण्ट्रोल स्ट्रेटेजीज के संबंध में जो 13 वैज्ञानिक अध्ययन मैंने देखे हैं इनके निष्कर्षों के आधार पर भविष्य में भगदड़ में मरने वालों की सुरक्षा के लिए पुलिस और गृह विभाग के अलावा डिस्ट्रिक्ट अथॉरिटीज को वैज्ञानिक जानकारी को शेयर करने के अलावा प्रबंधन विज्ञान के नाते से बंदोबस्त को अधिक तकनीकीमय बनाना होगा। भीड़ के साइज का पूर्वानुमान लगाने के लिए रियल-टाइम मैनेजमेंट करना जरूरी होगा,जिसके लिए आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टेक्नीक्स का इस्तेमाल अपरिहार्य है। आयोजनकर्ता के साथ बैठकर आयोजन के उद्देश्य -जैसे कि धार्मिक या मनोरंजन,पॉलिटिकल या जॉब मेला, प्रतियोगी परीक्षा या कुछ और को स्पष्ट करना होगा। उक्त 13 स्टडीज का निष्कर्ष लोगों में भय पैदा करना, उनसे सख्ती से पेश आना, दुर्व्यवहार करना या रोकना नहीं,बल्कि पिछले हादसों से सबक लेते हुए इनकी संभावना को टालना और जोखिम को कम करना या रिस्क को कम करना होना चाहिए,जिसके लिए ट्रैफिक मूवमेंट डिज़ाइनर्स, साइकोलोजिस्ट्स, क्राउड कण्ट्रोल एक्सपर्ट्स और हाई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल में दक्ष लोगों को साथ रखने की सिफारिश की गई है।

## प्रसंगवश

# विश्वास बनाम अंधविश्वास

धर्म क्षेत्र में श्रद्धा और विश्वास का बड़ा महत्व है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। गोस्वामी तुलसीदास ने भी प्रतिपादित किया है,"श्रद्धा बिना धर्म नहिं होई। बिनु महि गंध कि पावहि कोई"।। उन्होंने तो भगवान शंकर और माता पार्वती को ही श्रद्धा और विश्वास का मूर्तिमान रूप बता दिया। "भवानी शंकरौ वंदे श्रद्धा विश्वास रूपिणौ'। ऐसे में साधक या भक्त को यह सलाह नहीं दी जा सकती कि विश्वास करो ही नहीं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

आज सामान्य भक्त और श्रद्धालु को अपने विवेक और बुद्धि का ही इस्तेमाल करना होगा। उसे देखना होगा कि कौन साधु,धर्माचार्य, प्रवचनकर्ता या मठाधीश सच्चा है और कौन पाखंडी। स्वर्ग और मोक्ष प्राप्ति तथा असीमित मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु आम आदमी हर कथित साधु या धर्माचार्य के बहकावे में आ जाता है और अंधविश्वास करके अभीष्ट प्राप्ति हेतु वहां पहुंच जाता है। जब भीड़ ज्यादा होगी तो कोई भी व्यवस्था चरमरा ही जाएगी। ऐसे धार्मिक जन समूहों पर नियंत्रण करने और उन्हें अनुशासन में रखने हेतु प्रशासन व पुलिस सहसा बल प्रयोग भी नहीं कर सकते। अतः हादसे तो हो ही सकते हैं। क्या ये श्रद्धालु यह नहीं देखते कि जो बाबा,जोगी,धर्मांधी खरबों का साम्राज्य खड़ा किए हैं,चमचमाती मंहगी कारों और वायुयान से चलते हैं, जिनकी अपनी सेना है,जिन पर चारित्रिक आक्षेप भी लगते हैं, वैराग्य, ज्ञान, भक्ति, त्याग और अपरिग्रह का पाठ क्या पढ़ाएंगे? जो रजोगुण में डूबे हैं,वे साधक को सतोगुणी कैसे बनाएंगे? "बहु दाम सवांरहिं धाम जती। विषया हरि लीन न रहि विरती",लेकिन लोग स्वर्गादि प्राप्ति और मनोकामना पूर्ति हेतु जाते जरूर हैं और बहुधा बड़ी संख्या में काल कवलित हो जाते हैं।

भारी मन से यह कहना पड़ रहा है कि ऐसी घटनाओं के लिए कुछ हद तक श्रद्धालुओं का अंध विश्वास भी उत्तरदायी है। इसका मतलब यह नहीं कि ऐसे बाबा, कार्यक्रम आयोजक और प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेंगे। वे तो उत्तरदायी हैं ही और दंडित किए ही जाने चाहिए,लेकिन धर्मांधता भी आत्म नियंत्रित की जानी चाहिए।

# बैंकिंग क्षेत्र बेहतर करने को तैयार एआई

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वैश्विक स्तर पर उद्योगों में क्रांति ला रहा है और बैंकिंग क्षेत्र भी इसका अपवाद नहीं है। भारत में जहां बैंकिंग प्रणाली अर्थव्यवस्था की रीढ़ है,एआई का एकीकरण पारंपरिक बैंकिंग प्रथाओं को महत्वपूर्ण रूप से बाधित करने के लिए तैयार है। भारतीय बैंकिंग में एआई की शुरुआत 2010 की शुरुआत में हुई जब वित्तीय संस्थानों ने परिचालन दक्षता और ग्राहक सेवा बढ़ाने के लिए एआई की खोज शुरू की।

प्रारंभ में एआई एप्लीकेशन धोखाधड़ी का पता लगाने,जोखिम प्रबंधन और डेटा एनालिटिक्स जैसे बैक एंड संचालन तक सीमित थे। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी विकसित हुई, बैंकों ने अधिक परिष्कृत कार्यों के लिए एआई का उपयोग करना शुरू कर दिया। एआई संचालित डेटा एनालिटिक्स टूल ने बैंकों को ग्राहक व्यवहार और प्राथमिकताओं में गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद की। चैटबॉट्स और वर्चुअल असिस्टेंट की तैनाती ने भारतीय बैंकों द्वारा एआई अपनाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित किया। एचडीएफसी बैंक का "ईवा" आईसीआईसीआई बैंक का "आईपाल" और एसबीआई का "एसआईए" उल्लेखनीय उदाहरण हैं। ये एआई-संचालित इंटरफेस चौबीसों घंटे ग्राहक सहायता प्रदान करते हैं। नियमित पूछताछ और लेनदेन को कुशलतापूर्वक संभालते हैं।

एआई संचालित वैयक्तिकरण इंजन अनुरूप वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने के लिए ग्राहक डेटा का विश्लेषण करते हैं। इसने प्रासंगिक और समय पर समाधान प्रदान करके ग्राहकों की संतुष्टि और वफादारी में सुधार किया है। चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट अब ग्राहक इंटरैक्शन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा संभालते हैं। प्रतीक्षा समय को कम करते हैं और सेवा दक्षता में सुधार करते हैं। वे खाते की शेष राशि की पूछताछ, फंड ट्रांसफर और ऋण आवेदन जैसे कार्यों में सहायता करते हैं।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

**एआई एल्गोरिदम वास्तविक समय में लेनदेन की निगरानी करते हैं, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करते हैं और संभावित धोखाधड़ी को चिह्नित करते हैं।**

रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) और एआई डेटा एंट्री, केवाईसी सत्यापन और अनुपालन जांच जैसे दोहराए जाने वाले कार्यों को स्वचालित कर रहे हैं। इससे परिचालन लागत और मानवीय त्रुटियां कम हो जाती हैं। एआई मॉडल सोशल मीडिया गतिविधि और लेनदेन इतिहास सहित डेटा बिंदुओं की एक विस्तृत श्रृंखला का विश्लेषण करके साख का आकलन करते हैं। इसने ऋण प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित कर दिया है और वंचित आबादी के लिए ऋण को अधिक सुलभ बना दिया है।

एआई एल्गोरिदम वास्तविक समय में लेनदेन की निगरानी करते हैं,संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करते हैं और संभावित धोखाधड़ी को चिह्नित करते हैं। इस सक्रिय दृष्टिकोण ने धोखाधड़ी से संबंधित नुकसान को काफी कम कर दिया है। एआई संचालित जोखिम मूल्यांकन उपकरण संभावित जोखिमों की प्रारंभिक चेतावनी प्रदान करने के लिए बाजार के रुझान और आर्थिक संकेतकों का विश्लेषण करते हैं। इससे बैंकों को सूचित निर्णय लेने और जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम करने में मदद मिलती है। भारतीय बैंकिंग में एआई का भविष्य प्रौद्योगिकी में प्रगति और बढ़ती स्वीकार्यता के साथ और अधिक व्यवधान का वादा करता है। हालांकि यह परिवर्तन चुनौतियों और विचारों के साथ आएगा।

एआई संचालित बैंकिंग में बदलाव के लिए कार्यबल को फिर से कुशल बनाने की आवश्यकता होगी। उभरते नौकरी बाजार में प्रासंगिक बने रहने के लिए कर्मचारियों को नई प्रौद्योगिकियों और एआई अनुप्रयोगों में प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। एआई भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को बेहतर करने के लिए तैयार है,जो बेहतर ग्राहक अनुभव, परिचालन दक्षता और बेहतर जोखिम प्रबंधन जैसे कई लाभ प्रदान करता है। हालांकि इस परिवर्तन के लिए डेटा गोपनीयता, नैतिक विचारों, नियामक अनुपालन और कार्यबल संक्रमण से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता होगी।

जैसे-जैसे एआई तकनीक का विकास जारी है,भारतीय बैंकों को जिम्मेदार और नैतिक उपयोग सुनिश्चित करते हुए नवाचार को अपनाना चाहिए। ऐसा करके,वे आने वाले वर्षों में विकास, समावेशिता और ग्राहक संतुष्टि को बढ़ावा देने के लिए एआई की पूरी क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। भारतीय बैंकिंग में एआई की यात्रा अभी शुरू हुई है और भविष्य में एक स्मार्ट, अधिक कुशल वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए रोमांचक संभावनाएं हैं।

## सोशल फोरम

# धार्मिक अंधेरे की देन

21 वीं सदी में धार्मिक सुधार की आवाजों को पूरी तरह दबाकर धार्मिक पागलपन के लिए प्रोत्साहन तरह-तरह से बढ़ा है। उसका एक नतीजा हाथरस में एक सूट-बूटधारी भगवान के धार्मिक आयोजन में मची भगदड़ है, जिसमें 120 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गई। इसमें स्त्रियां ज्यादा मरीं,क्योंकि स्त्रियों तक सबसे कम स्वाधीनता पहुंची है,स्त्रीवाद पर चाहे जितनी गरम बहसें चलती रही हों।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इसके पहले भी धार्मिक भगदड़ों में अनगिनत लोग मारे गए हैं। महाराष्ट्र (2005) के मंधार देवी मंदिर की भगदड़ में 340 श्रद्धालुओं की, राजस्थान (2008) के चामुंडा देवी मंदिर में 250 श्रद्धालुओं की, हिमाचल प्रदेश ( 2008) के नैना देवी मंदिर की भगदड़ में 162 भक्तों की जान गई है। श्रद्धालुओं की अंधी भीड़ के कारण जम्मू (2022), इंदौर (2023) आदि के मंदिरों की भगदड़ों में भी श्रद्धालु मारे जाते रहे हैं। आखिरकार हम अपने धर्म को कैसा बनाते जा रहे हैं कि इसमें भगवान के मंदिर में ही या धर्मसभाओं में इस तरह कुचले जाकर प्राण देना पड़ता है। हर तरफ धर्म का शोर बढ़ा है,पर यह भी नजर आता है कि लोग तरह-तरह से मारे जा रहे हैं। सौ-डेढ़ सौ साल पहले ऐसा नहीं था कि हिंदू ऐसे कुचले जाते हों। लोग अनपढ़ थे,पर ऐसी धार्मिक विमूढ़ता नहीं थी,ऐसा पागलपन न था,बल्कि 19 वीं-20 वीं सदी के उस दौर में धार्मिक रूढ़ियों से स्वाधीनता की भूख थी। भारत के लोगों की स्वाधीनता के मार्ग में कारपोरेट सभ्यता के अलावा दूसरी सबसे बड़ी बाधाएं हैं धार्मिक रूढ़ियां, अंधविश्वास और जाति प्रथा। जाति प्रथा खत्म हो जाए तो दहेज प्रथा भी समाप्त हो जाएगी।

कहना होगा कि ऐसी रूढ़ियों से मुक्ति के मार्ग में सबसे बड़ा रोड़ा सत्ता की वर्तमान राजनीति है। आज की सरकारें धार्मिक रूढ़ियों और अंधविश्वासों की सबसे बड़ी संरक्षक हैं। यदि हाथरस जैसी घटनाओं को रोकना है तो इसके लिए आम जनता को खुद आगे आकर अपनी निर्भीक आवाज बुलंद करनी होगी। यह इसलिए भी जरूरी है कि वह ईश्वर के प्रति अपनी आस्था को प्रदूषण मुक्त कर सके।

**-फेसबुक वॉल से**

# आपातकाल के दंश का भुक्त भोगी

(गतांक से आगे): आपातकाल के दंश ने इंदिरा कांग्रेस की सत्ता का अंत कर दिया था। केंद्र और प्रदेश दोनों का शासन छिन चुका था। उत्तर प्रदेश में रामनरेश यादव,मुख्यमंत्री पद पर आसीन हो चुके थे। उनके ही दल के नेता चौधरी चरण सिंह केंद्र में गृह मंत्री थे। लाल सिंह वर्मा उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग के सर्वोच्च पद 'महानिरीक्षक' के पद पर आसीन थे। उनके बरेली आगमन के समय मैं डीएसपी सिटी के पद पर नियुक्त था। इसी बीच जनपद गोरखपुर तथा वाराणसी में मेरे ज्येष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे, विनोद कुमार जैन, डीआईजी बनकर नैनीताल रेंज का प्रभार ग्रहण कर चुके थे। दोनों स्थानों पर मुझको उनका विश्वास और स्नेहाशीष मिल चुका था। उन्होंने मेरी नियुक्ति तीसरी बार अपने अधीन जनपद पिथौरागढ़ का प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक करा लिया था।

तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक उत्तर प्रदेश लाल सिंह वर्मा से मेरी पहली भेंट बरेली में हुई थी। पत्रकारों,जनप्रतिनिधियों ने उनसे मेरी जो प्रशंसा की थी,उससे वह बहुत प्रभावित थे। जाते समय अकेले में मेरी प्रशंसा करते हुए,उन्होंने मेरी शैक्षिक योग्यता एवं पारिवरिक बैकग्राउंड के विषय मे जानकारी ली थी। पिथौरागढ़ के जनपद पुलिस प्रभारी के पद पर कार्य करते हुए अभी लगभग चार माह ही हुए थे कि एक दिन श्री जैन का बुलावा आया। मेरे नैनीताल स्थित उनके आवास पर पहुंचने पर बताया कि "श्री वर्मा मुझको अपना डीए (डिप्टी असिस्टेंट) बनाना चाहते हैं। एक डिप्टी एसपी के लिए सम्मान की जगह है विशेष वेतन भी है।" मेरी समझ में नहीं आ रहा था कि क्या कहूं? श्री जैन ने बताया कि वहां पर मुझको पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा शासन में प्रशासनिक उच्चाधिकारियों से भी अनायास संपर्क का सुअवसर मिलेगा। मेरे सामने ही उन्होंने श्री वर्मा से बातकर बता दिया कि मुझ को "उनके निकट सेवा के सौभाग्य पर प्रसन्नता है।" फिर मैं पिथौरागढ़ से आईजी ऑफिस (उस समय एडीजी/डीजी के पद स्वीकृत नहीं थे) लखनऊ आ गया था। बिना मेरी सहभागिता के माता प्रसाद आईएएस को बचाने के लिए "बरेली नाखून कांड" में मुझको बलि का बकरा बनाया गया। मेरी पूर्ण निर्दोषिता को पूरी तरह स्वीकार करते हुए भी भारतीय पुलिस सेवा के उच्चाधिकारी मौखिक सहानुभूति के अतिरिक्त मेरे लिए खुलकर नहीं आए।



डॉ .अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक, उप्र

यही नहीं अवतार नारायण कौल, डीआइजी बरेली रेंज भी बार-बार झूठा आश्वासन के अतिरिक्त मुझको दोष मुक्त करने का निर्णय देने का साहस नहीं दिखा सके,जबकि पीड़ित वीरेंद्र अटल एवं रमेश आनंद ने भी अपने बयानों में माता प्रसाद के आदेश पर हाकिम राय को उत्पीड़नकर्ता बताया था।

वैसे बनारसी दास के शिकायती पत्र में भी माता प्रसाद के स्पष्ट आदेश पर ही कोतवाल अमानवीय उत्पीड़न के कुकृत्य का आरोप लगाया था। श्री दास के अति संक्षिप्त शिकायती पत्र में,आरोप मात्र इतना ही था कि जिलाधिकारी माता प्रसाद के आदेश पर शहर कोतवाल (नाम नहीं था) ने वीरेंद्र अटल और रमेश आनंद को अमानवीय यातना दी थी। वैसे भी सर्वविदित तथ्य है कि भारतीय प्रजातंत्र में वास्तविक सत्ता भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों (वह भी सीधी भर्ती के) के हाथों में ही है। मेरा यह अभिलेखिक/मौखिक प्रमाणिक तथ्यों के नितांत प्रतिकूल प्रमाणित उदाहरण इसका ज्वलंत उदाहरण है,क्योंकि अपनी फरियाद लेकर बार-बार उनके पास जाने और बुलाकर प्रेमपूर्वक बातें करने और मुझको निर्दोष होने का लिखित आश्वासन मात्र आश्वासन ही रह गया। डीए पद पर कार्यरत रहने (निलंबन के बावजूद) के आश्चर्यजनक उदाहरण के कारण मेरा सचिवालय में आना-जाना निर्बाध था।

कुछ दिनों के बाद मुझे लगने लगा था कि पीसीएस से आईएएस पदोन्नत दोनों अधिकारी प्रमुख सचिव गृह,श्री बिसेन और विशेष सचिव गृह राम चन्द्र टकरू अपनी मीठी बोली और झूठे आश्वासन से मुझको मात्र बरगला रहे थे। माता प्रसाद के पक्ष में सारा सचिवालय मानो उनको बचाने के लिए लामबंद था,क्योंकि मैंने प्रमुख न्यायिक मजिस्ट्रेट बरेली के न्यायालय में सही बयान देने का दुस्साहस कर दिया था। जैसा कि सत्य उच्चस्तरीय बैठक में रुहेलखंड के गांधी के नाम से सुख्यात श्री आजाद को घर से लाकर कोतवाल हाकिम राय को सौंपकर तुरंत जेल भेजने के निर्देश का 'पाप' स्वयं किया था। उनको कोतवाल के सुपुर्द दिन में लगभग दो-तीन बजे ही कर दिया था। किंतु कोतवाली पुलिस ने रात लगभग आठ बजे कुछ लोगों को टेलीफोन और बिजली का तार काटने एवं आपातकाल के विरुद्ध हिंसात्मक आंदोलन के लिए उकसाने में जेल भेजा था। श्री आजाद अपने विरुद्ध अभियोग में मुझको एक महत्वपूर्ण साक्षी के रूप में न्यायालय से बुलावा भिजवाने में सफल हुए थे। एसएसपी ने मेरी सहायता में असमर्थता व्यक्त कर दी थी। मैं जिला और सत्र न्यायाधीश मुरलीधर जी के घर जा पहुंचा। मेरी बात सुनकर उन्होंने सीजेएम को भी अपने घर पर ही बुला लिया। वहीं पर तय हुआ कि मैं सत्य का साथ दूं तथा उनको कोतवाली लाने तक की बात कहूं। प्रथम सूचना के विषय में सीजेएम मेरी मदद करेंगे और उसके सही-गलत होने पर प्रश्न नहीं पूछेंगे। यही हुआ भी। इससे श्री आजाद के मामले में सत्य की रक्षा भी हो गई,किंतु यही सच्चाई मेरे भविष्य के लिए घातक हो गई।

माता प्रसाद ने नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से कहलवाया कि यदि मैं न्यायालय में यह सशपथ बयान दे दूं कि श्रीमाता प्रसाद मेरी मौजूदगी में कोतवाली आए ही नहीं,न तो युवकों का उत्पीड़न हुआ,तो मैं तुरंत मेरी दोष मुक्ति का आदेश निर्गत हो जाएगा। किंतु मेरी मौजूदगी में मात्र आतंक-प्रचार के उद्देश्य से दोनों युवकों के साथ हुए अत्यंत क्रूर यातना की दारुण स्मृति ने ऐसा नहीं होने दिया। बरेली जेल से पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा वर्तमान मुख्यमंत्री को भेजे गए संक्षिप्त शिकायती पत्र और मेरे द्वारा की गई 'तथाकथित जांच आख्या' मेरे निलंबन एवं मेरे प्रतिशोधात्मक भयंकर उत्पीड़न का कारण बना।

# विकास की गारंटी नहीं विशेष राज्य का दर्जा

भारत में विशेष राज्य का दर्जा किसी राज्य को उसकी विशेष परिस्थितियों के कारण दी जाने वाली सुविधा है,जिसे राज्यों को विशेष वित्तीय सहायता और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए लागू किया गया था। यह दर्जा आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े राज्यों को विकास की गति देने के उद्देश्य से दिया जाता है। बिहार राज्य भी लंबे समय से इस दर्जे की मांग कर रहा है,लेकिन यह धारणा कि विशेष राज्य का दर्जा बिहार के विकास की गारंटी हो सकता है, वस्तुतः सही नहीं हो सकती।



प्रीति सिंह
कानपुर

विशेष राज्य का दर्जा उन राज्यों को दिया जाता है,जो भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय रूप से कमजोर माने जाते हैं। इस दर्जे के तहत, इन राज्यों को केंद्रीय करों में अधिक हिस्सा, केंद्रीय योजनाओं के तहत अधिक अनुदान और बाहरी सहायता प्राप्त होती है। इसका उद्देश्य है इन राज्यों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना और विकास की मुख्य धारा में शामिल करना। विशेष राज्य का दर्जा पाने वाले राज्यों को कई लाभ मिलते हैं। अगर राज्य सरकार में नीति निर्धारण और क्रियान्वयन की क्षमता कमजोर है तो विशेष राज्य का दर्जा भी असरकारी नहीं हो पाएगा। भारत में कई राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा दिया गया है,जिनमें से कुछ ने इसका लाभ उठाकर अपने विकास को गति दी है,जबकि कुछ राज्य अभी भी पिछड़े हुए हैं। हिमाचल प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है और उसने इस स्थिति का उपयोग करके अपने बुनियादी ढांचे और सामाजिक सूचकों में सुधार किया है। राज्य सरकार की अच्छी नीतियां और प्रशासनिक दक्षता ने इसे संभव बनाया। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि उत्तर पूर्वी राज्यों को भी विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है,लेकिन इन राज्यों में विकास की गति अपेक्षाकृत धीमी है। इन राज्यों में चल रहे राजनीतिक अस्थिरता,उग्रवाद और प्रशासनिक कुप्रबंधन इसके मुख्य कारण हैं। बिहार के विकास के लिए केवल विशेष राज्य का दर्जा पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक मजबूत प्रशासनिक तंत्र, राजनीतिक स्थिरता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की आवश्यकता है।

# कांवड़ यात्रा में चलें साफ सुथरी बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● परिवहन मंत्री ने कांवड़ यात्रा के लिए रोडवेज प्रशासन को दिए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार:** कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रियों व जल ले जा रहे कांवड़ियों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसे लेकर रोडवेज प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कांवड़ यात्रा को लेकर रूट और उनसे जुड़ी समस्याओं का खाका खींचते हुए तत्काल काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इनमें अधिक आवागमन वाले रूट पर अतिरिक्त बसों को चलाने, बस व बस अड्डों को साफ रखने और कांवड़ियों के लिए बस अड्डों पर विशेष व्यवस्था करने को कहा। बरेली, आगरा, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद, अलीगढ़ एवं सहारनपुर क्षेत्र के अफसरों को खासतौर पर तैयारियां करने को कहा गया है।



## कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया जाएगा कंट्रोल रूम

परिवहन मंत्री के निर्देश पर कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए क्षेत्रीय मुख्यालय स्तर पर 24 घंटे क्रियाशील रहने वाला कन्ट्रोल रूम स्थापित होगा। 22 जुलाई से 19 अगस्त तक कांवड़ यात्रा चलती है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के मंदिरों पर जलाभिषेक करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में उन्हें पर्याप्त सहूलियतें बस अड्डों और बसों में उपलब्ध कराई जाए।

# पौधरोपण महाभियान को बनाएं महापर्व: सक्सेना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

परंपरा व आस्था से जुड़े पौधों को लगाने की आवश्यकता
पेड़-पौधों के बिना जीवन का अस्तित्व नहीं

अमृत विचार कार्यालय पहुंचे वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने प्रकट की जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों पर चिंता

**अमृत विचार:** उप्र.के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि पेड़- पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। पेड़-पौधे तो मनुष्य के बिना रह सकते हैं, लेकिन इनके बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। जिस प्रकार हम अपने बच्चों की परवरिश करते हैं, उसी तरह हमें पेड़-पौधों की परवरिश करनी चाहिए। जनजीवन बचाने के लिए पौधरोपण करना अपरिहार्य है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए आने वाले समय में हमें अपनी परंपराओं और आस्था से जुड़े पौधों को लगाने की आवश्यकता है। इस कड़ी में पीपल, बरगद, नीम, बेल, पाकड़ लगाया जाना महत्वपूर्ण कदम होगा। साथ ही फलदार पौधे भी लगाने होंगे जैसे देशी आम, जामुन, अमरूद आदि। जुलाई माह में हम व्यापक स्तर पर पौधरोपण करेंगे। इसके लिए जनता से भी अपील कर रहे हैं।



अमृत विचार अखबार पढ़ते पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार।

गुरुवार को दैनिक अमृत विचार के लखनऊ कार्यालय पहुंचे मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने एक विशेष बातचीत में पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने की दिशा में राज्य सरकार की प्राथमिकताओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में राज्य सरकार की ओर से अलग-अलग प्रजाति के पौधे पूरे प्रदेश भर में लगाए जाएंगे। इसके तहत व्यापक अभियान चलाकर ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, पार्कों, सड़क के किनारे, खाली स्थान पर पौधरोपण किया जाएगा। वन मंत्री ने महाभियान में 30-35 करोड़ पौधरोपण करने की जानकारी साझा करते हुए 20 जुलाई को रिकॉर्ड पौधरोपण करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण महाभियान को एक महापर्व की मनाना है जिसमें हर व्यवसाय और प्रोफेशन से जुड़े लोगों को हिस्सा लेना चाहिए। साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि इन पौधों की देखभाल ओर सुरक्षा अच्छे से होती रहे।

### डॉ. सक्सेना ने देखा अमृत विचार कार्यालय

- आपसी वार्ता के बाद मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने अमृत विचार कार्यालय को भी देखने की इच्छा प्रकट की। उन्होंने अखबार के विभिन्न विभागों को जाकर देखा और खासकर संपादकीय विभाग की कार्यप्रणाली भी समझी। संपादकीय टीम के साथ उन्होंने हल्के-फुलके अंदाज में अपने तमाम अनुभव भी साझा किए और समाचार-पत्र की प्रगति के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उनके साथ अमृत विचार के समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी, संपादकीय प्रभारी अनिल त्रिगुणायत, राज्य ब्यूरो प्रमुख अजय दयाल, सिटी इंचार्ज सुनील मिश्र और डिजिटल इंचार्ज वीरेन्द्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

### एक पेड़ मां के नाम लगाए जाने वाले अभियान में आगे आएं

- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि मां से बढ़कर इस दुनिया में कोई दूजा नहीं होता है। उसके ममत्व की महत्ता अपरंपार। 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस अभियान को तत्पर हैं। इस क्रम में हम प्रदेश में अधिकाधिक पौधे लगाने को कृतसंकल्प हैं। अपनी मां के नाम पर पौधे लगाने को लोग आगे आएं। इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेगा।

### वायु प्रदूषण से मिलेगी निजात

मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण की वजह से प्रदेश में वन क्षेत्र की सीमाएं कम होती रही हैं। प्रदेश के बड़े शहरों में उष्मा प्रभाव देखने को मिल रहा है। इन शहरों के अधिकांश भाग कंक्रीट में परिवर्तित दिखने लगे हैं। इस वर्ष मई-जून के माह में इसका दुष्प्रभाव भी देखने को मिला। जुलाई माह में ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण के अलावा हम शहरों में भी व्यापक पैमाने पर पौधरोपण करेंगे। स्वस्थ जनजीवन के लिए हमें पौधे लगाने ही होंगे। इससे उष्मा प्रभाव व जानलेवा गर्मी से निजात मिलेगा। यदि पेड़ होंगे तो हवा में मिली हानिकारक गैसों को शोषित कर हमें स्वच्छ हवा प्रदान करेंगे और रोगों से छुटकारा भी दिलाएंगे। यदि हम पेड़ों की संख्या में वृद्धि करेंगे तो ये प्राकृतिक रुप से हवा को स्वच्छ करने के साथ हमें और भी कई फायदे पहुंचाएंगे। पेड़ के कारण ही हमें भरपूर वर्षा प्राप्त होती है। पेड़ की जड़े मिट्टी को बांध कर रखती हैं जिनसे भूमि कटाव नहीं होता।

# राम जन्मभूमि पर आतंकी हमले की 19वीं बरसी आज

○ पांच आतंकियों ने की थी रामलला को क्षति पहुंचाने की कोशिश ○ सुरक्षा में तैनात जवानों ने सभी को मार गिराया था

अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** भले ही दुनिया राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर उत्सव मना रही है, लेकिन पांच जुलाई 2005 को वो दिन आज भी लोगों के जेहन में है। लश्कर-ए-तोएबा के पांच आतंकवादियों ने रामलला को क्षति पहुंचाने के लिए रॉकेट लांचर चलाने की कोशिश की थी। अयोध्या इस घटना की शुक्रवार को 19वीं बरसी मनाएगी। रामनगरी में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त देखे गए।

अयोध्या में 5 जुलाई 2005 को विवादित परिसर में विराजमान रामलला के टेंट के अस्थाई मंदिर पर आतंकियों ने हमला किया था। परिसर के पास पहुंचते ही आतंकियों की मार्शल जीप में धमाका हुआ और परिसर की बैरिकेडिंग पूरी तरह से टूट गई थी, फिर पांच आतंकी अंदर दाखिल हुए। परिसर में गोलियां चलने लगीं, आतंकियों का उद्देश्य रामलला के टेंट को उड़ाना था। मंदिर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों एक-एक कर सभी आतंकियों को मार गिराया था।



राम मंदिर के दर्शन मार्ग पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था। अमृत विचार

### आधुनिक यंत्रों से हो रही राम मंदिर की सुरक्षा

- राम जन्मभूमि पर हुए आतंकी हमले के बाद राम जन्मभूमि को रेड जोन और राम कोट क्षेत्र को यलो जोन एरिया घोषित करते हुए सभी गलियों व चौराहों पर बैरिकेडिंग लगा दी गई थी। जहां आज भी कड़ी सुरक्षा रहती है। बिना अनुमति कोई भी वाहन इस क्षेत्र में दाखिल नहीं हो सकता है। राम जन्मभूमि परिसर को आधुनिक सुरक्षा यंत्रों से लैस किया जा रहा है। परिसर के आसपास के क्षेत्रों स्क्रीन स्कैनिंग मशीन, सीसी टीवी कैमरा लगाया गया है। प्रदेश सरकार के द्वारा नवगठित एसएसएफ की भी टुकड़ियां सुरक्षा प्वॉइंट पर तैनात हैं।

### अयोध्या की सुरक्षा बेहद संवेदनशील : आईजी

- आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि अयोध्या की सुरक्षा बेहद संवेदनशील है। आने वाले पर्व, त्यौहार और खास तिथियों पर राम मंदिर परिसर और अयोध्या की सुरक्षा को सख्त कर दिया जाता है। आसपास के क्षेत्र में आने वाले लोगों पर निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था में सभी एजेंसियों को पहले से ही अलर्ट कर दिया गया है। अब यह तिथि अयोध्या के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण नहीं रह गई है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त है।



भाजपा सांसद खागेन मुर्मू का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### प. बंगाल के सांसद ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या :** पश्चिम बंगाल मालदा के भाजपा सांसद खागेन मुर्मू बृहस्पतिवार अयोध्या पहुंचे। राम जन्मभूमि परिसर में रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। खागेन मुर्मू ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रभु राम की नगरी में आकर उनको बहुत ही अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जो पार्लियामेंट में पीएम मोदी के बारे में बोला, उनको ऐसा बोलना नहीं चाहिए। हाथरस की घटना पर सांसद ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि यह बहुत ही दर्दनाक घटना है।

# सछास के प्रदेश अध्यक्ष व एक अन्य पर केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

● रामपथ का फर्जी वीडियो किया वायरल, वीडियो में महिला को सड़क के गड्ढे में गिरते दिखाया

**अमृत विचार :** सआदतगंज से लेकर अयोध्या नया घाट तक बने रामपथ को लेकर सियासत के फेर में समाजवादी पार्टी के दो नेता फंस गए हैं। अपने फेसबुक अकाउंट पर रामपथ का फर्जी वीडियो वायरल करने के मामले में समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह कुशवाहा और साकेत महाविद्यालय के छात्र संघ के पूर्व महामंत्री अवधेश यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं में गुरुवार को कोतवाली नगर में केस दर्ज किया गया है।

कोतवाल नगर अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि सपा छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष और साकेत महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व महामंत्री द्वारा एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था। जिसमें एक महिला को सड़क में बने गड्ढे में गिरते हुए दर्शाया गया था। पोस्ट में इसे रामपथ बताते हुए प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन पर कटाक्ष किया गया था। वीडियो काफी वायरल होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा इसकी जांच कराई गई जो रामपथ का नहीं निकला। इससे पहले भी सपा नेताओं की ओर से बारिश के दौरान रामपथ को लेकर भ्रामक पोस्ट की जाती रही हैं। जांच में वीडियो फर्जी पाया गया है। जिसे संज्ञान में लेते हुए समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह कुशवाहा व साकेत महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व महामंत्री अवधेश यादव के खिलाफ कोतवाली नगर में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ ने इस मामले में किसी भी प्रकार की टिप्पणी से इनकार कर दिया।

# हाथरस घटना में हो रहा बाबा को बचाने का प्रयास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● प्रेस वार्ता में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रखे विचार

**अमृत विचार।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार हाथरस घटना में आरोपी बाबा को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह घटना प्रदेश के जंगलराज का परिणाम है। प्रदेश अध्यक्ष गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपये व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व घायलों को इलाज के लिए 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाय। हादसे को गंभीरता से लेते हुए मामले की न्यायिक जांच उच्च न्यायालय के वर्तमान जज की अध्यक्षता में कराई जाय। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि घटना के दो घंटे बाद अफसरों को जानकारी मिली। एंबुलेंस सेवा तक घायलों को नहीं मिली। मुख्यमंत्री घटना स्थल पहुंचे। कुछ देर बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी पहुंचे। यह साबित करता है कि सरकार में खटपट है। यह सरकार की आंतरिक स्थिति का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि मृतकों की सूची में गड़बड़ी सामने आ रही है। इसकी जांच कराकर ठीक कराया जाय। कई लोगों के शव दूसरे जिले में भेज दिये गये हैं, यह भी प्रशासन की नाकामी है। कार्यक्रम की अनुमति देने वालों के खिलाफ भी जांच होनी चाहिए। प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाय।

### राहुल गांधी के खिलाफ केस में सुनवाई हुई

**बरेली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज वाद में गुरुवार को एमपी/एमएलए कोर्ट की स्पेशल जज शांभवी ने सुनवाई की। वादी के वकील की बहस सुनकर कोर्ट ने आदेश के लिए 18 जुलाई की तिथि नियत की है। सुभाषनगर निवासी पंकज पाठक ने अपने वकील अनिल द्विवेदी के जरिए राहुल गांधी के खिलाफ कोर्ट में अर्जी दी थी कि 28 मई को टीवी पर राहुल गांधी ने राजनीतिक लाभ के लिए देश की अखंडता को चोट पहुंचाने के लिए भड़काऊ बयान दिया था।

## फ्लैट न देने पर पांच लाख हर्जाना

**लखनऊ :** दुजेंद्र ने अक्टूबर 2014 में मिस मंजू जे होम्स से गाजियाबाद में उसकी रेड एप्पल होम्स योजना में अनुबंध के तहत 26.61 लाख रुपये का फ्लैट बुक कराया था। उन्होंने चेक व नकद कुल 25,79,500 रुपये बिल्डर को दे दिए। इसके बाद भी समय से फ्लैट का निर्माण पूरा न होने पर नहीं मिल सका। दुर्जेंद्र ने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। सुनवाई अध्यक्ष/न्यायमूर्ति अशोक कुमार ने सदस्य विकास सक्सेना के साथ करके बिल्डर पर मानसिक प्रताड़ना पर पांच लाख रुपये हर्जाना लगाया।

# बायोमेडिकल प्रमाण पत्र न होने पर 168 अस्पतालों को नोटिस

अजीत प्रताप गोस्वामी, काशीपुर

● बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की अनुमति नहीं होने पर पीसीबी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की अनुमति न लेने पर जिले के 168 अस्पतालों को नोटिस जारी किया।15 दिनों के अंदर अनुमति लेने के साथ ही जवाब भी मांगा है।

बोर्ड की इस कार्रवाई से अस्पताल संचालकों में खलबली मच गई है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अंतर्गत जिले में सात सौ से अधिक सरकारी व प्राइवेट अस्पताल पंजीकृत हैं। इसमें नर्सिंग होम, पैथोलॉजी सेंटर, क्लीनिक, अस्पताल शामिल हैं। जिले के 168 अस्पतालों ने अनुमति नहीं ली है। इस पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सभी अस्पतालों को नोटिस जारी किया है। इसमें 87 सरकारी जबकि 81 प्राइवेट अस्पताल शामिल हैं।

**कई अस्पतालों ने नहीं कराया नवीनीकरण:** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से मिली जानकारी के अनुसार, जिले के 168 अस्पतालों को बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की मंजूरी नहीं होने पर नोटिस भेजे गए हैं। इनमें से कई अस्पताल ऐसे हैं जिनके पास मंजूरी तो है, लेकिन नवीनीकरण न होने पर प्रदूषण बोर्ड ने संबंधित अस्पतालों को नोटिस दिए हैं। वहीं बोर्ड अधिकारियों ने ऐसे अस्पताल संचालकों को जल्द ही नवीनीकरण कराने को कहा है।

## प्रशिक्षु आईएएस को मिला विभागीय कार्यों का अनुभव

**लखनऊ।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) संवर्ग के प्रशिक्षुओं के लिए गोमतीनगर स्तिथ उप्र. प्रशासन एवं प्रबंध एकेडमी (नगरीय निकाय निदेशालय), में एक विशेष इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव ने की। सत्र में प्रशिक्षुओं को नगरीय निकायों के विभिन्न कार्यों और गतिविधियों की जानकारी दी गई।

प्रमुख सचिव ने स्मार्ट सिटी मिशन, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यान्वयन और लाभ पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे ये योजनाएं शहरी क्षेत्रों में विकास को गति प्रदान कर रही हैं और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बना रही हैं। सत्र में विशेष सचिव, अजय कुमार शुक्ल, सुनील कुमार चौधरी, नगर निकाय निदेशक अनुज कुमार झा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पंचायत मऊ जनपद- चित्रकूट ।**

संख्या 186 / न0पं0मऊ / 2024–25, दिनांक 04/07/24

सार्वजनिक नीलामी सूचना

समस्त इच्छुक फर्मो, ठेकेदारों एवं व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि मऊ पुलिस थाने के बगल में स्थित सार्वजनिक शौचालय एवं उसके प्रथम तल पर बने 02 छोटे कमरों की खुली नीलामी दिनांक 10/07/24 को समय दोपहर 12.00 pm बजे नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में अध्यक्ष महोदय की उपस्थिति में की जानी है। नीलामी सम्बन्धी समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत कार्यालय में की जा सकती है ।

नीलामी हेतु निर्धारित शर्तो का अनुपालन करने वाली फर्म / व्यक्ति नीलामी में भाग ले सकते है। बिना कारण बताये नीलामी स्वीकृत / अस्वीकृत करने के समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं अध्यक्ष महोदय, नगर पंचायत मऊ में निहित होगें ।

शर्तो का विवरण निम्नवत् है

1. नीलामी में भाग लेने वाली फर्म / व्यक्ति को नीलामी से 01 घण्टे पूर्व पंजीकरण कराते हुये मु0 – 5000.00रू0 नगद जमानत धनराशि अनिवार्य रूप से जमा करना होगा ।
2. नीलामी प्राप्तकर्ता फर्म / व्यक्ति को नीलामी की 25 प्रतिशत धनराशि तत्काल जमा करना होगा तथा अवशेष धनराशि 07 दिवस के अन्दर जमा करना होगा ।
3. नीलामी प्राप्तकर्ता फर्म को नीलामी अवधि में विद्युत बिल एवं जलापूर्ति का भुगतान स्वयं करना होगा ।
4. नीलामी अवधि समाप्ति के उपरान्त फर्म को शौचालय एवं कमरों को नीलामी से पूर्व की स्थिति में नगर पंचायत को हस्तान्तरित करना होगा ।
5. फर्म द्वारा शौचालय एवं निर्मित कमरों में बिना अनुमति किसी प्रकार का परिवर्तन / निर्माण नहीं किया जायेगा ।
6. शौचालय एवं निर्मित कमरों में किसी प्रकार की क्षति की दशा में फर्म द्वारा उसकी मरम्मत स्वयं करानी होगी ।
7. नीलामी में भाग लेने वाले फर्म / व्यक्ति को आधार कार्ड एवं वर्तमान का चरित्र प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य होगा ।
8. उपरोक्त शर्तो का अनुपालन न किये जाने की दशा में जमा जमानत धनराशि जब्त करते हुये किसी भी समय नीलामी निरस्त कर दी जायेगी ।

अधिशासी अधिकारी
अध्यक्ष नगर पंचायत मऊ
जनपद चित्रकूट ।

अध्यक्ष
अध्यक्ष नगर पंचायत मऊ
जनपद चित्रकूट ।

**कार्यालय ग्राम पंचायत करौदी कला चित्रकूट**

पत्रांक: मेमो/2023–24 दिनांक 04.07.2024

ग्राम पंचायत करौदी कला में राजवित्त /पंद्रहवा वित्त योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी दिनांक 04/07/2024से 07/07/2024तक

| क्रं0 सं0 | कार्य | लागत |
| --- | --- | --- |
| 1 | ग्राम पंचायत करौदी कला के मजरा कुंई में सीताराम के दरवाजे से चन्द्रमोहन के दरवाजे की ओर नाली निर्माण | 3,60 लाख रूपये |

नोट – निविदा आमंत्रित की जाती है 04 – 07–2024 जो तीन दिन बाद 07–07–2024 को ग्राम पंचायत द्वारा खोली जाएगी

(अरुण शुक्ला) ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत करौदी कला
(सचेन्द्र सिंह) सचिव, ग्राम पंचायत करौदी कला

**कार्यालय ग्राम पंचायत करौदी कला चित्रकूट**

पत्रांक: मेमो/2023–24 दिनांक 04.07.2024

ग्राम पंचायत करौदी कला में राजवित्त /पंद्रहवा वित्त योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी दिनांक 04/07/2024से 07/07/2024तक

| क्रं0 सं0 | कार्य | लागत |
| --- | --- | --- |
| 1 | ग्राम पंचायत करौदी कला के मजरा कुंई में मेन रोड़ से प0 रामपाल मेमोरियल इंग्लिश मीडिएम स्कूल के पास तक इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य | 1,63 लाख रूपये |

नोट – निविदा आमंत्रित की जाती है 04 – 07–2024 जो तीन दिन बाद 07–07–2024 को ग्राम पंचायत द्वारा खोली जाएगी

(अरुण शुक्ला) ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत करौदी कला
(सचेन्द्र सिंह) सचिव, ग्राम पंचायत करौदी कला

# 18 परिवारों को घर खाली करने का नोटिस

तैयारी: मल्लीताल क्षेत्र के चार्टन लॉज में भूस्खलन का खतरा मंडराने लगा है

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मल्लीताल क्षेत्र के चार्टन लॉज में भूस्खलन का खतरा मंडराने लगा है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने गुरुवार को क्षेत्र के 18 परिवारों को घर खाली करने का नोटिस दिया है। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद खतरे की जद में आ रहे 18 परिवारों को सुरक्षा के मद्देनजर घर खाली करने का नोटिस दिया गया है।

इन सभी परिवारों को अपने रहने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। प्रशासन ने जिन लोगों को नोटिस दिया है उनमें चन्द्रशेखर, कैलाश चन्द्र मिश्रा, पासंग डोमा, भरत कापड़ी, रमेश सिंह धामी, मंगल सिंह बिष्ट, मोईनुद्दीन, सैफउद्दीन, आसिफ अली, किशन सिंह, मोना, बिलाल, कमल सिंह, शिवप्रसाद, गिरीश कुमार, मुख्तार अली, बंसती देवी, मेहंदी हसन, आसिम आदि शामिल हैं।

### बैगुल-कल्याणी नदी किनारे बसे 43 अतिक्रमणकारी चिह्नित

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी के निर्देश के बाद नगर निगम, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की टीम का कल्याणी और बैगुल नदी में संयुक्त सर्वे जारी है। इसी क्रम में टीम ने बैगुल और कल्याणी नदी में 43 और अतिक्रमणकारियों को चिह्नित कर नोटिस सौंपा है। अब तक टीम 300 लोगों को नोटिस सौंप चुकी है। वहीं नोटिस के बाद नदी किनारे रहे लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जगतपुरा, अटरिया पुलिया, आवास विकास पुलिस चौकी, किच्छा बाईपास रोड, खेड़ा पुलिया के पास नदी के निरीक्षण के बाद बरसात से पूर्व नदी में बने अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए नोटिस जारी कर हटाने के निर्देश दिए थे। इसको बाद निगम, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बैगुल और कल्याणी नदी के किनारे बसे लोगों का सर्वे करना शुरू कर दिया था। इसी क्रम में गुरुवार को टीम ने सर्वे कर 43 अतिक्रमण चिह्नित कर नोटिस थमाया। नगर निगम की प्रभारी नगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने बताया कि संयुक्त टीम की सर्वे की कार्रवाई जारी है। अब तक बैगुल और कल्याणी नदी के किनारे 300 अतिक्रमण चिह्नित कर नोटिस थमाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि टीम का सर्वे आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पहले गुरुवार से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जानी थी।

पुलिस के मुताबिक सिंगरा मीरगंज बरेली उत्तर प्रदेश निवासी प्रेमपाल पुत्र शिवचरन पेशेवर स्मैक तस्कर है। बीती 3 जुलाई को उसने मीरगंज के एक और तस्कर ताहिर से स्मैक खरीदी। इस स्मैक का सौदा उसने हल्द्वानी में रहने वाले आनंद से किया। वह स्मैक लेकर हल्द्वानी पहुंचा तो पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे क्रियाशाला के पास से गिरफ्तार कर लिया। नए नियमों के तहत वीडियोग्राफी हुई और तलाशी लेने पर उसकी जेब से 47. 27 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसके साथ ही उसके पास से दो अलग-अलग प्रेस कार्ड बरामद हुए। बताया जाता है कि पुलिस से बचने के लिए वह जेब में प्रेस कार्ड रखता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम में मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार तेवतिया, हेड कांस्टेबल हेमन्त सिंह, कांस्टेबल अनिल जौहरी व चंदन सिंह नेगी थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत करौदी कला चित्रकूट**

पत्रांक: मेमो/2023–24 दिनांक 04.07.2024

ग्राम पंचायत करौदी कला में राजवित्त /पंद्रहवा वित्त योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी दिनांक 04/07/2024से 07/07/2024तक

| क्रं0 सं0 | कार्य | लागत |
| --- | --- | --- |
| 1 | ग्राम पंचायत करौदी कला के मजरा कुंई में राम गोपाल के दरवाजे से चन्द्रमोहन के घर की ओर नाली निर्माण | 3,75 लाख रूपये |

नोट – निविदा आमंत्रित की जाती है 04 – 07–2024 जो तीन दिन बाद 07–07–2024 को ग्राम पंचायत द्वारा खोली जाएगी

(अरुण शुक्ला) ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत करौदी कला
(सचेन्द्र सिंह) सचिव, ग्राम पंचायत करौदी कला

**कार्यालय ग्राम पंचायत करौदी कला चित्रकूट**

पत्रांक: मेमो/2023–24 दिनांक 04.07.2024

ग्राम पंचायत करौदी कला में राजवित्त /पंद्रहवा वित्त योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी दिनांक 04/07/2024से 07/07/2024तक

| क्रं0 सं0 | कार्य | लागत |
| --- | --- | --- |
| 1 | ग्राम पंचायत करौदी कला में प्राथमिक विद्यालय में बाउंड्री निर्माण | 1,98 लाख रूपये |

नोट – निविदा आमंत्रित की जाती है 04 – 07–2024 जो तीन दिन बाद 07–07–2024 को ग्राम पंचायत द्वारा खोली जाएगी

(अरुण शुक्ला) ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत करौदी कला
(सचेन्द्र सिंह) सचिव, ग्राम पंचायत करौदी कला

# स्काई वाक ग्लास ब्रिज के फाउंडेशन में दरार, फोटो वायरल

## जिला पंचायत सदस्य ने मुआयना कर खींचे फोटो, उठाए गुणवत्ता पर सवाल

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** निर्माणाधीन स्काई वाक ग्लास ब्रिज चर्चा में आ गया है। ब्रिज के फाउंडेशन में दरारें पड़ने के बाद इस ब्रिज गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। इस फाउंडेशन में पड़ी दरारों की फोटो जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने सोशल मीडिया पर वायरल की तो अधिकारी भी मामले में लीपापोती करने में जुट गए। समाजवादी पार्टी ने भी इस पर तंज कसा है।

मानिकपुर तहसील क्षेत्र के टिकरिया गांव में रानीपुर टाइगर रिजर्व में तुलसी जल प्रपात के पास प्रदेश का पहला स्काई वाक ग्लास ब्रिज बन रहा है। बुधवार को यह पुल तब चर्चा में आया जब जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती इसे देखने पहुंच गईं। आसपास बने चबूतरों में पड़ी दरारों की फोटो खींचने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा किया। एक्स व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लोगों ने इस ब्रिज के निर्माण में गुणवत्ता खराब होने और जांच की मांग उठाई।

मीरा, सरदार सेना की बुंदेलखंड प्रभारी और स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति चित्रकूट की अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में बन रहे इस पुल को देखने वह बुधवार को गई थीं। इसके पीछे मंशा यह थी कि पुल की गुणवत्ता को देखा जाए। क्योंकि वन में बनने वाले इस पुल को लेकर अगर मानक का ध्यान न दिया जाएगा तो क्षेत्र की जनता के साथ कोई भी अनहोनी हो सकती है।





ग्लास ब्रिज के चबूतरे में पड़ी दरारें। अमृत विचार



ब्रिज को देखतीं जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती। अमृत विचार

### पहले था शबरी जल प्रपात

- मारकुंडी रेंज में जिस जल प्रपात पर ग्लास स्काई वाक ब्रिज बन रहा है, उसे पहले शबरी जल प्रपात कहा जाता था। प्रभु श्रीराम की तपोभूमि के साथ यहीं पर राजापुर में गोस्वामी तुलसीदास का जन्मस्थान होने से पिछले साल प्रदेश सरकार ने इसका नाम बदलकर तुलसी जलप्रपात कर दिया था। हालांकि मीरा भारती इस पर भी आपत्ति करती हैं कि इस क्षेत्र में आदिवासियों की पहचान शबरी जल प्रपात से थी। अब इसका भी नाम बदल दिया गया।



बन जाने पर कुछ ऐसा दिखेगा ग्लास ब्रिज। अमृत विचार

### सपाइयों ने भी लिया निशाने पर

- सपाइयों ने भी सरकार और कार्यदायी संस्था को निशाने पर ले लिया। सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि हर काम में गुणवत्ता की अनदेखी तो कार्यदायी संस्थाओं की आदत सी बन गई है। सरकार के जिम्मेदार भी इस ओर से आंखें मूंदे रहते हैं। उधर, सपा की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार के विकास मॉडल का यह हाल है कि उद्घाटन के पहले ही योजनाओं में दरारें पड़ रही हैं।

### सीएम के दौरे के दौरान नजरबंद की जाती हूं

- मीरा भारती ने आरोप लगाया कि इस पुल के निर्माण में मानक का ध्यान नहीं दिया जा रहा। वह इसलिए भी वहां गई थीं कि पुल का काम देखें और वहां का वीडियो बना लें। बताया कि सुन रहे हैं कि पुल का उद्घाटन करने सीएम आएंगे। सीएम के दौरे के दौरान तो उनको गिरफ्तार ही कर लिया जाता है तो पहले से ही इस काम के फोटो और वीडियो अपने पास रख लें। वन विभाग और पर्यटन विभाग की ओर से 3 .70 करोड़ रुपये से ग्लास स्काई वाक ब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। पुल निर्माण की जिम्मेदारी गाजीपुर की पवनसुत कंस्ट्रक्शन कंपनी को दी गई है। इसके जनरल मैनेजर अमरेश सिंह के मुताबिक, पुल का 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। बनाए गए ढांचे पर पेंटिंग की जा रही है कांच का काम बाकी है। उनके मुताबिक, सितंबर तक पुल बनकर तैयार हो जाएगा।

### अपने तरीके का अनूठा होगा ब्रिज

- अगर सब कुछ ठीक रहा तो बनकर तैयार होने के बाद यह ब्रिज अपनी तरह का अनूठा होगा। धनुष-बाण के आकार में बन रहे ब्रिज में खाई की ओर बाण की लंबाई 25 मीटर है जबकि दोनों पिलर के बीच धनुष की चौड़ाई 35 मीटर है। पुल की भार वहन क्षमता 500 किग्रा प्रति वर्ग मीटर होगी। जल प्रपात पर पानी की तीन धाराएं चट्टानों से गिरती हैं। धनुष और बाण के आकार में बन रहे ब्रिज में खाई की ओर बाण की लंबाई 25 मीटर है जबकि दोनों पिलर के बीच धनुष की चौड़ाई 35 मीटर है। पुल की भार क्षमता प्रति वर्ग मीटर में 500 किग्रा होगी।

### वन विभाग से पूछिए: अनुपम श्रीवास्तव

- इस संबंध में पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव का कहना था कि पुल में दरारें क्यों आ गई हैं, इस संबंध में वन विभाग से पूछिए। इसमें हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। सिर्फ पर्यटन की दृष्टि से यह इलाका हमारे लिए महत्वपूर्ण है। कांच का ज्यादा उपयोग होने की वजह से इस तरह के पुलों को ग्लास ब्रिज कहा जाता है। उधर, टाइगर रिजर्व के उप निदेशक एनके सिंह से बात करने की कोशिश की गई पर कॉल रिसीव नहीं हुई।

## शादी के चंद घंटों बाद ही विधवा हो गई विनीता

**ताखा, इटावा।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव शिवरा में शादी के बाद विदा कराकर दुल्हन को घर लाने के चंद घंटों बाद ही दूल्हे ने फांसी लगाकर जान दे दी। शादी के ही दिन दुल्हन के विधवा होने से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। दूल्हे के फांसी लगाने से खुशियों वाले घर में मातम छा गया। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। ऊसराहार थाना क्षेत्र के शिवरा गांव निवासी सतेंद्र यादव (25) की शादी सात किलोमीटर दूर स्थिति गांव रतनपुर निवासी ज्ञानसिंह की पुत्री विनीता से हुई थी।



सतेंद्र यादव।

दो जुलाई को ताखा स्थिति गेस्ट हाउस में बारात पहुंची और शादी हुई। तीन जुलाई को दुल्हन लेकर बारात दोपहर शिवरा पहुंची। जहां परिवार ने स्वागत किया, रात में जागने के कारण रिश्तेदार व परिवार के लोग आराम करने लगे। इसी दौरान दूसरी मंजिल पर बने कमरे में सतेंद्र यादव ने फांसी का फंदा लगा ली। प्रभारी थानाध्यक्ष ऊसराहार संजय सिंह ने बताया कि फांसी लगाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# सुमेरपुर में बुजुर्ग की कमरे में सोते समय हत्या, बेटा लापता

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- छत पर लेटी पत्नी तड़के नीचे आई तब घटना पता चली
- एएसपी और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर छानबीन की

**अमृत विचार।** सुमेरपुर कस्बे में बुधवार रात वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। उसके सिर और पैर में गंभीर चोटें हैं। दूसरे कमरे में सोया बेटा वारदात के बाद से गायब है। छत पर सो रही पत्नी जब तड़के नीचे उतरी तो हत्या की जानकारी हो सकी। एएसपी मायाराम वर्मा के साथ फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने घटनास्थल पर छानबीन की और साक्ष्य एकत्र किए। हत्यारों का कोई सुराग नहीं लगा है। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र के कैथी गांव निवासी जागू वर्म का पुत्र धनीराम वर्मा (55) करीब 30 साल पहले गांव से आकर सुमेरपुर कस्बे के वार्ड नंबर तीन में घर बनाकर रहने लगा था। बुधवार की रात किसी ने घर में घुसकर उसकी हत्या कर दी। पत्नी उमा ने बताया कि बुधवार की रात में खाना खाकर धनीराम कमरे में सो गए थे। सामने वाले कमरे में पुत्र धर्मेंद्र कुमार लेटा था। गर्मी अधिक होने के कारण वह खुद रात करीब एक बजे छत पर सोने चली गई।

गुरुवार की सुबह जब वह नीचे आई तो पति खून से लतपथ पड़े थे। दूसरे कमरे में देखा तो बेटा धर्मेंद्र भी नहीं था। बगल वाले घर में रहने वाले बड़े बेटे सुनील कुमार को बुलाया। पिता के शव को देखकर उसने पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लेने के बाद उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा और सीओ सदर राजेश कमल पहुंचे और परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली।

### लापता बेटे पर ही घूम रही पुलिस की शक की सुई

- बड़े पुत्र सुनील कुमार ने बताया कि गांव में उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है। घटना के बाद उसका छोटा भाई धर्मेंद्र कुमार घर से गायब है। इस पर उसने किसी बड़ी अनहोनी की आशंका जताई। वहीं घटना के बाद धर्मेंद्र कुमार के घर से गायब होने पर पुलिस की शक की सुई उसी की तरफ घूम रही है। परिवार में पत्नी उमा देवी, पुत्र सुनील कुमार, राजकुमार, धर्मेंद्र कुमार, अमित कुमार व पुत्री रजनी व अंजनी हैं। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है, जो अपनी ससुराल में रहती हैं।

## कार खराब होने से डीजल चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**औंग।** हाईवे में बुधवार को एक नीले रंग की कार हाइवे में खराब हो गई। लोगों ने शक के आधार पर औंग पुलिस को फोन से सूचना दी। पुलिस ने खड़ी कार की तलाशी ली तो डीजल चोरी के उपकरण बरामद हुए। कार सहित तीन लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस छानबीन शुरू कर दी है। उधर, कल्यानपुर थाने के पास हाईवे किनारे खड़े ट्रक से रात में अज्ञात लोगों के द्वारा दो सौ लीटर डीजल की चोरी कर करीब 20 हजार रुपए का चूना लगा दिया। ट्रक चालक गुड्डू निवासी मत्सेनवा जिला छपिया प्रांत हरियाणा की गाड़ी हाइवे में मंगलवार की रात थाने के पास खड़ी थी। तभी अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने तेल की चोरी की। आशंका है कि औंग पुलिस की हिरासत में जो तीन लोग हैं। उन्होंने ही घटना को अंजाम तो नहीं दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ चल रही है।

# 2027 में प्रदेश में बनेगी सपा की सरकार : शिवपाल

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार ।** पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर सपा लोकसभा में देश की तीसरी बड़ी पार्टी बनी है। गठबंधन की सरकार बनते बनते रह गई। कार्यकर्ता निराश न हों। आपकी यही मेहनत और ऊर्जा प्रदेश में 2027 की सरकार बनाने का काम करेगी। अखिलेश यादव मुख्यमंत्री जरूर बनेंगे। ये बातें सपा के राष्ट्रीय महासचिव, क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव ने जमुना बाग स्थित पत्रकार रामवीर यादव के यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहीं। वह लोकसभा चुनाव में मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव की जीत के लिए जसवंतनगर के कार्यकर्ताओं व जनता का आभार जताने आए थे।

कहा कि भाजपा सरकार पूजीतियों के लिए काम कर रही है। विस चुनाव 2027 के लिए अभी से सभी तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने पार्टी समर्थकों, बुजुर्ग मतदाताओं का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।



सपा महासचिव शिवपाल सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### ये रहे मौजूद

सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, विधायक प्रतिनिधि ठा .अजेंद्र सिंह, अनुज, मोंटी यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि हाजी मो . शमीम, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अनिल प्रताप, पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार, राजेंद्र प्रसाद, खन्ना यादव, मनोज यादव, जितेंद्र, मोना यादव, भुजवीर सिंह, रामवीर यादव, राजपाल यादव, बृजेश यादव, सभासद राजीव यादव, अभी यादव आदि मौजूद रहे।

### हादसे के लिए भोले बाबा जिम्मेदार नहीं : प्रो. रामगोपाल



**सैफई, इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो . रामगोपाल यादव ने कहा है कि हाथरस में हुए हादसे के बाद सरकार को ऐसे आयोजन के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाए जाने की जरूरत है। तभी इस तरह से हादसों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। वे गुरुवार को सैफई स्थित आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसी एसओपी बनाने की जरूरत है, जिसमें आयोजन के लिए भीड़, आयोजन स्थान, सुरक्षा, दमकल गाड़ियों को पहुंचने का रास्ता आदि ठीक है या नहीं यह जानकर ही आयोजन की अनुमति दी जानी चाहिए। यदि ऐसे सख्त नियम बनाए जाएंगे तभी इस तरह के हादसों पर रोक लग पाना संभव होगा। इस हादसे के लिए भोले बाबा को जिम्मेदार ठहरना किसी भी सूरत में उचित नहीं है। वे नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा का बचाव करते नज़र आए। उन्होंने कहा कि हादसे तो होते ही रहते हैं, जब आस्था के चलते जरूरत से ज्यादा लोग किसी समारोह में शामिल होंगे तो अव्यवस्था के चलते इस तरह के हादसे होना आम बात है।

# पसंद का गाना नहीं बजा तो आपस में भिड़े बाराती

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** बारात में गए बाराती आगवानी के दौरान डांस करने को लेकर आपस में भिड़ गए। इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

ललौली थाना क्षेत्र के जिन्दपुर टोल प्लाजा के पास एक गेस्ट हाउस में पास के गांव से बारात गई हुई थी। आगवानी के दौरान गाने को लेकर आपस में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर बारातियों के बीच दो गुटों में जमकर लाठी डंडे चले। टोल प्लाजा के पास मारपीट होने से काफी देर तक गाड़ियों का जाम भी लग गया। इस बीच किसी व्यक्ति ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। बारातियों के बीच शुरू हुई मारपीट के बाद लड़की पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और मारपीट करने वाले लोगों को अलग करते हुए मामले को शान्त कराया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बाराती आपस में मारपीट कर रहे हैं।

# इंतजार के बाद जोल्हूपुर पुल पर दौड़े वाहन

संवाददाता कालपी(जालौन)

- लोगों में हर्ष, बोले अब जाम से मिलेगी निजात
- बहुत धीमी गति से हुआ पुल का निर्माण कार्य

**अमृत विचार।** लंबे समय तक चले निर्माण कार्य के बाद जोल्हूपुर मोड़ पर रेलवे क्रॉसिंग का एक साइड का ओवरब्रिज का कार्य पूरा हो गया है और जोल्हूपुर-कदौरा मार्ग पर गाड़ियां फर्राटा भरकर गुजरने लगी हैं। वहीं लोगों को रोज-रोज लगने वाले जाम के झाम से भी निजात मिल गई है। वहीं क्षेत्रीय लोगों में खुशी का माहौल देखा गया उनका कहना था कि अब लोगों को जाम से निजात मिलेगी और रास्ता भी आसान हो जायेगा। जनपद जालौन, उरई तथा हमीरपुर मुख्यालय के आने जाने के लिए जोल्हूपुर मौड़ से होकर वाहनों को गुजरना पड़ता है। वहीं सैकड़ों की संख्या में डंपर तथा ट्रक बेतवा नदी से खनन क्षेत्र से बालू भरने के लिए गुजरते हैं। इसी को देखते हुए उ.प्र. राज्य सेतु निगम तथा भारतीय रेलवे निर्माण निगम के द्वारा रेलवे क्रॉसिंग में फोरलेन ओवरब्रिज का निर्माण कार्य 7-8 वर्ष पहले शुरू किया गया था लेकिन धीमी गति से काम होने से निर्माण में देरी हो रही थी। निर्माणाधीन ओवरब्रिज के निर्माण की वजह से भारी वाहनों को जोल्हूपुर रेलवे क्रॉसिंग से निकलने पर रोक लगा दी गई थी। जबकि डायवर्जन होकर भारी वाहन आटा-इटौरा से होकर निकल रहे है। निर्माण कार्य धीमी गति से होने के कारण विधायक विनोद चतुर्वेदी ने नाराजगी व्यक्त की थी तथा कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए थे। क्योंकि फोरलेन की जगह अभी सिर्फ टू लेन ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हुआ है, इसलिए अभी ओवरब्रिज से सिर्फ हल्के वाहनों को निकाला जा रहा है। ओवरब्रिज का कार्य पूरा हो जाने से राहगीरों ने राहत की सांस ली है।

# करंट की चपेट में आए बुजुर्ग किसान की मौत

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र के जिहरवा गांव में से रामनरेश पुत्र राम किशोर सिंह गुरुवार की सुबह भोर पहर घर के बाहर लेटे थे। घर के सामने ही विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए पोल खड़े हैं। सुबह बुजुर्ग लघुशंका के लिए उसी ओर जा रहा था। जहां खड़े बिजली के पोल पर लगाए गए सपोर्ट वायर पर करंट था। जैसे ही की बुजुर्ग ने सपोर्ट वायर को पकड़ा कि इस दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और फिर मौके पर ही बुजुर्ग की मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का मानना है कि विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए बिजली के खंभों में काफी दिनों से करंट उतर रहा था। लेकिन विद्युत विभाग द्वारा मामले में संज्ञान नहीं लिया गया जिसके चलते आज बुजुर्ग की जान चली गई। विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने बताया कि अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## छात्रा ने फांसी लगा की आत्महत्या

**बिधूना।** थाना कुदरकोट क्षेत्र के गांव धनवाली निवासी मनोज कुमार प्रजापति दिव्यांग हैं और उनके कोई संतान नहीं है। इस कारण उसने अपने मझले भाई विनोद कुमार की पुत्री शिवानी (15 वर्ष) व छोटे भाई राम प्रकाश के पुत्र अंशू को बचपन में ही गोद ले लिया था।शिवानी इस वर्ष श्री गजेन्द्र सिंह पब्लिक इंटर कालेज बिधूना में इंटरमीडिएट की छात्रा थी। शिवानी ने अज्ञात कारणों से घर के कमरे में साड़ी के फंदे के सहारे पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। क्षेत्राधिकारी बिधूना अशोक कुमार ने जांच-पड़ताल की।

**विरोध पर फैसला** — ठेकेदार ने निर्माण कार्य के लिए डाली गई सामग्री हटाई, नगर पंचायत चिह्नित करेगा जमीन

# गायत्री तपोभूमि की निजी भूमि पर नहीं बनेगा पाथवे

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मुख्यालय की तर्ज पर गायत्री तपोभूमि में पाथवे के निर्माण के लिए टेंडर कराकर निर्माण शुरू करने पर निजी भूमि मालिकों के विरोध किया था। इसके बाद ठेकेदार ने मौके पर लाकर डाली गई निर्माण सामग्री को हटवाना शुरू कर दिया है। इससे यह साफ हो गया कि अब इसका निर्माण नहीं होगा।

नगर पंचायत ने मुख्यालय की तर्ज पर गायत्री तपोभूमि में पाथवे के निर्माण के लिए विगत दिनों 39.73 लाख का टेंडर कराकर निर्माण करने की अनुमति थी। इस निर्माण कार्य में सेल्फी प्वाइंट, फाउंटेन, रेलिंग आदि शामिल था। इसके लिए पिछले माह ठेकेदार ने निर्माण सामग्री उतरवाकर नींव आदि खुदवा कर निर्माण कार्य शुरू करने की कोशिश की थी।

जिस जगह निर्माण शुरू करवाया गया था, उस जगह को कस्बा निवासी राधेश्याम तिवारी आदि ने पुश्तैनी भूमि बताकर ठप कर दिया था। बताते हैं कि नगर पंचायत की ओर से निजी भूमि धारकों से सुलह समझौते का प्रयास किया गया। लेकिन बात नहीं बन सकी। निजी भूमि धारक इस बात पर अडिग रहे कि वह तपोभूमि में होने वाले किसी धार्मिक कार्यक्रम में अवरोध नहीं पैदा करेंगे। लेकिन किसी तरह का निर्माण यहां नहीं होने देंगे।

जब मामला सुलट नहीं सका, तब ठेकेदार ने मौके से निर्माण सामग्री हटाना शुरू कर दी है। ठेकेदार जावेद खान ने बताया कि नगर पंचायत की ओर से तपोभूमि में पाथवे निर्माण का टेंडर कराया गया था। वह तपोभूमि में किस तरफ बनेगा इसका कोई उल्लेख नहीं है। अब जब नगर पंचायत की ओर से स्थान चिन्हित किया जाएघा, तब निर्माण कराया जाएगा।



गायत्री तपोभूमि में रखी निर्माण सामग्री को ट्रैक्टर में भरते मजदूर। अमृत विचार

# पांच चोर दबोचे गए, माल बरामद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** किराना कारोबारी के घर हुई चोरी की वारदात में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चार चोरों व एक सुनार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोरों में दो नाबालिग हैं। पुलिस ने घरों से चोरी किया गया लाखों का माल बरामद किया है। पकड़े गए चोरों ने इलाके में कई और घटनाओं को कुबूल किया है।

गुरुवार को पुलिस कार्यालय में खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि तिर्वा के मोहल्ला मंडी बाजार निवासी किराना कारोबारी रामेंद्र कुमार जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तीन जुलाई को छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने लाखों रुपये कीमत के आभूषण व 25 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। एसपी ने सीओ डॉ. प्रियंका बाजपेयी व प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया। पुलिस ने गुरुवार सुबह ईशन नदी के धोबी घाट पुल को पास से ग्राम ककलापुर निवासी उमाकांत पुत्र रामप्रसाद, रजनीकांत पुत्र रामआसरे सहित दो नाबालिग चोरों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर ग्राम अहेर मौरंग मंडी निवासी सुनार अनूप सोनी पुत्र सच्चिदानंद को घर से पकड़ लिया और उसके पास से चोरी का माल बरामद कर लिया। एसपी ने बताया कि इन चोरों ने सात अप्रैल की रात को सीहपुर गांव में, 28 जून की रात में झबरा में तथा 25 जून की रात में मंडी बाजार में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। चोरी का माला अनूप कुमार सोनी की दुकान पर बेचा गया था।



चोरी का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, आरोपियों के साथ कोतवाली तिर्वा पुलिस।

### चोरों से बरामद हुआ माल

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए चोरों और सुनार के पास से एक हॉफ पेटी, चार अंगूठी, दो जोड़ी टॉप्स, दो जोड़ी झाले, 14 जोड़ी पायल, एक करधनी, एक मंगलसूत्र, एक मटरमाला, एक कुंडल, तीन सोने के हाय लिखे पेंडल, बच्चों के दो ब्रासलेट और 29,500 रुपये की नकदी बरामद की है।

## एक नजर

### एकेटीयू को हरा भरा करने का लिया संकल्प

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय परिसर को हरा भरा करने के लिए कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे के निर्देशन में पौधरोपण अभियान की शुरुआत हुई। जिसके तहत परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाया गया। कुलपति ने कहा कि परिसर को हरा भरा करने का हमें संकल्प लेना होगा। कुलसचिव रीना सिंह ने भी पौधे लगाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### लविवि में 37 विषयों का परीक्षाफल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 37 विषयों का परीक्षाफल घोषित हो गया है। इसमें आर्ट, पेंटिंग, सोशियोलॉजी, फोटोग्राफी सहित अन्य विषय शामिल हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि सभी 37 विषयों का परीक्षाफल विवि की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

# पावर हाउस बंद, लोग बहा रहे पसीना

## टांडा व हरदुआगंज की छह इकाइयां भेजी गईं रिजर्व शट डाउन पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ कुल 10 इकाइयां बंद होने से बिजली संकट गहराया

▸▸ समय सारिणी बदलकर काटी जा रही गांवों की बिजली

**अमृत विचार:** प्रदेश में बिजली की मांग में कमी आने के बाद भी लोगों को बिजली के लिए तरसना पड़ रहा है। वजह यह है कि 24 घंटे बिजली देने के बजाय समय सारणी बदलकर ग्रामीण क्षेत्र, नगर पंचायत, तहसील क्षेत्र और बुंदेलखंड क्षेत्र में बिजली काटी जा रही है। इस बीच, गुरुवार को टांडा व हरदुआगंज की छह इकाइयां 'रिजर्व शट डाउन' पर भेज दी गईं। पहले से बंद चल रही इकाइयों समेत कुल 10 इकाइयां बंद होने से प्रदेश में पन्द्रह सौ मेगावाट से ज्यादा बिजली उत्पादन घट गया। इससे बिजली संकट और गहरा गया है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार गुरुवार को टांडा की 110 मेगावाट की चार इकाइयां व हरदुआगंज की 105 व 250 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयों में उत्पादन बंद कर दिया गया। इन इकाइयों को रिजर्व शट डाउन के नाम पर बंद किया गया है। ऊंचाहार की 210 मेगावाट, हरदुआगंज की 250 मेगावाट और ओबरा की दो-दो सौ मेगावाट की दो इकाइयां तकनीकी खराबी के कारण बंद चल रही हैं। गुरुवार को उत्पादन निगम के बिजलीघरों में 1522 मेगावाट उत्पादन घट गया। एनर्जी एक्सचेज व अन्य स्रोतों से बिजली लेकर बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जाती रही। पिछले महीने तक चौबीस घंटे बिजली पाने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे, नगर पंचायतों व तहसील मुख्यालयों में 21.30 घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र में 20 घंटे बिजली आपूर्ति की जाती रही। इससे इन क्षेत्रों के लोग बिजली के लिए बेहाल रहे।

### घटा दी गई है गांवों की आपूर्ति

भीषण गर्मी में भारी मांग के बाद भी प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति मुहैया कराने के लिए प्रयास जारी थे, पर इस महीने से गांवों, नगर पंचायत, तहसील व बुंदेलखंड क्षेत्र की बिजली आपूर्ति घटा दी गई है। नई समय सारिणी के अनुसार अब गांवों के लिए 18 घंटे, तहसील मुख्यालयों व नगर पंचायतों को 21.30 घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र को 20 घंटे ही बिजली मुहैया कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंनें कहा कि एक साथ छह इकाइयों को 'शट डाउन' में रखा जाना कतई उचित नहीं है।

## इतिहासविद प्रो. शिवाजी के निधन पर योगी ने जताया शोक

**अमृत विचार, लखनऊ:** इतिहासविद प्रो. शिवाजी सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत प्रो. सिंह को भारतीय इतिहास लेखन को नई दिशा देने वाला बताते हुए कहा है कि उनका निधन राष्ट्र एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

योगी ने प्रो. शिवाजी सिंह की पुत्री, खोराबार क्षेत्र के दिव्य नगर गोल्ड निवासी प्रो. शशिप्रभा सिंह को भेजे शोक संवेदना संदेश में कहा कि भारतीय इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति के मर्मज्ञ प्रो. शिवाजी सिंह ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग एवं दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में चार दशक तक अध्यापन एवं शोध निर्देशन के साथ अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्ति होने के बाद भी पुरातत्व पर अध्यनरत रहे।

# राशन की दुकानों की निगरानी के लिए तैयार होगा नया साफ्टेवयर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने शुरू की प्रक्रिया

**अमृत विचार:** सरकारी राशन की दुकानों की निरंतर निगरानी के लिए नया 'साफ्टेवयर' विकसित होगा। इससे 'ई-पॉस' से लैस राशन की दुकानों पर सतर्क नजर रखी जा सकेगी। कालाबाजारी रुक सकेगी और कार्ड धारकों को निर्धारित राशन मिल सकेगा।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की सभी राशन की दुकानों में ई-पॉस उपकरणों के लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को इसकी निगरानी के लिए सॉफ्टवेयर का विकास करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस क्रम में यूपीडेस्को की ओर से एक एजेंसी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह एजेंसी प्रदेश की सभी राशन की दुकानों को ई-पॉस मशीनों से युक्त करने के साथ ही उसके स्वतः संचालन व निगरानी की प्रक्रिया को सुनिश्चित करेगी। यूपीडेस्को की ओर से एजेंसी निर्धारण के लिए सूचीबद्ध एजेंसियों से आवेदन मांगे गए हैं। मालूम हो कि प्रदेश में 79,500 सरकारी राशन दुकानें हैं, जिनके जरिये प्रदेश के 3.59 करोड़ परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। लगभग 80 लाख कुंतल खाद्य सामग्री राशन की दुकानों के जरिए कार्डधारकों को मुहैया कराई जा रही हैं।

# सुरक्षित न हों, तो बंद कराएं जर्जर सेतुओं पर यातायात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

▸▸ 50 वर्ष से अधिक पुराने सेतुओं का निरीक्षण कराएं : योगी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 50 वर्ष से अधिक पुराने सेतुओं का निरीक्षण कराया जाय, सुरक्षित न हो तो इन्हें तत्काल बंद करा दिया जाय। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए सड़कों के चौड़ीकरण के मानक में बदलाव जरूरी है, इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जाय। मुख्यमंत्री गुरुवार को सरकारी आवास पर लोक निर्माण विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न श्रेणी के मार्गो के चौड़ीकरण के मानकों को और बेहतर किया जाना चाहिए। सड़कें और चौड़ी हों, इससे आवागमन और अधिक सुविधाजनक होगा। प्रदेश में आम लोगों की सुविधा के लिए सड़कों के चौड़ीकरण के मानक में बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि नई सड़क पर बरसात से कटान हो तो उसका सुधारीकरण तत्काल कराया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते सात वर्षों में प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 के सापेक्ष 2024 में स्टेट हाइवे 7002 किमी से बढ़कर 10,214 किमी हो गया है, जबकि ग्रामीण मार्गों की लंबाई 1,87,517 किमी से बढ़कर 1,93,581 किमी हो गई है। इसी प्रकार प्रमुख जिला मार्गों और अन्य जिला मार्गों का संजाल में भी विस्तार हुआ है। प्रदेश में प्रतिदिन औसतन नौ किमी मार्गों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण हो रहा है और हर दिन गांवों में लगभग 11 किमी नई सड़क बन रही है। विकास के लिए बेहतर कनेक्टिविटी की आवश्यकता है, इसे और बेहतर करने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए।

### कांवड़ यात्रा से जुड़े मार्गों की तत्काल कराएं मरम्मत

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में कांवड़ यात्रा को लेकर सभी जिलों में संपर्क मार्गों को शत-प्रतिशत गड्ढामुक्त किया जाय। 15 जुलाई तक यह कार्य पूरा करा लिया जाय। ऐसे मार्ग जहां जलभराव होता है, उन स्थानों पर जल निकासी की व्ययस्था सुनिश्चित की जाय। ब्लॉक मुख्यालयों को दो लेन सड़क की कनेक्टिविटी देने का संकल्प समय से पूरा होना चाहिए। प्रदेश के अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गों पर भव्य द्वार बनाने का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जाय।

# राज्य सरकार मामले को दबाने का षड्यंत्र कर रही : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ



सपा प्रदेश कार्यालय पर हाजी फजलुर्रहमान के साथ अखिलेश यादव। अमृत विचार

▸▸ बसपा के पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान सपा में शामिल

**अमृत विचार:** हाथरस हादसे मामले को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर घेरते हुए कहा कि सरकार मामले को दबाने का षड्यंत्र कर रही है

अखिलेश, गुरुवार को सपा कार्यालय में बसपा के पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान के शामिल होने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाथरस हादसा षडयंत्र नहीं है। इसे दबाने की कोशिश करना षडयंत्र है। घटना में बड़ी संख्या में गरीब महिलाओं व बच्चों की जान गई है। इसमें प्रशासन की पूरी जिम्मेदारी है। सपा प्रमुख ने कहा कि सत्संग में भारी भीड़ जुटी थी, किसी को भीड़ का अंदाजा नही था। प्रशासन के खुफिया तंत्र की असफलता है, प्रशासन को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

इस अवसर पर हाजी फजलुर्रहमान के साथ बसपा के तमाम चेयरमैन नगर पंचायत, पूर्व सांसदों के कई साथी, जिलाध्यक्ष, पूर्व मेयर प्रत्याशी, पूर्व ब्लाक प्रमुख, सदस्य जिला पंचायत, पार्षद नगर निगम, व्यापारी नेता, प्रधान पूर्व सभासद आदि समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

## राजधानी समेत आठ जिलों में डेंगू का खतरा ज्यादा

**अमृत विचार,लखनऊ:** डेंगू तथा चिकनगुनिया रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए प्रदेश में जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य मच्छरों से बचाव के लिए जन जागरूकता फैलाना तथा अन्य विभागों का सहयोग लेना है। प्रदेश में राजधानी समेत आठ संवेदनशील जिलों में रोकथाम के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

सयुंक्त निदेशक मलेरिया एवं वीबीडी डॉ. विकास सिंघल ने बताया कि वैसे तो डेंगू पूरे प्रदेश में फैला है लेकिन लखनऊ, झांसी, बरेली, अयोध्या, बाराबंकी, प्रयागराज, गोंडा एवं कानपुर नगर (आठ जिले) संवेदनशील हैं। इस साल जनवरी से अब तक कुल 352 डेंगू के केस सामने आ चुके हैं।

# न हो हाथरस जैसा हादसा, सरकार बनाएगी एसओपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आयोजन से पहले देनी होगी सुरक्षा, सुविधा और वैकल्पिक व्यवस्था की गारंटी

**अमृत विचार:** हाथरस जैसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सरकार बड़ा कदम उठा रही है। आयोजन में भारी भीड़ जुटाने से पहले आयोजक को सुरक्षा, नागरिक सुविधा और वैकल्पिक व्यवस्था की गारंटी देनी होगी। इसके लिए एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिव प्रोसीजर) तैयार हो रहा है। इसका उल्लंघन करने पर भीड़ जुटाने वालों पर केस दर्ज किया जाएगा।

प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया कि तीन प्रमुख बिंदुओं पर एसओपी बनाई जा रही है। भीड़ की संख्या अनुमन्य करने से पहले आयोजन के मुख्य व्यक्ति का स्तर भी देखा जाएगा। जनसरोकर से जुड़े धार्मिक आयोजन का आंशिक या पूरा व्यय सरकार वहन करेगी। लेकिन आयोजन से आयोजक, वक्ता या किसी का लाभ जुड़ा होने की स्थित में पूरा खर्च उसे ही उठाना होगा। उन्होंने बताया कि हाथरस की घटना में आयोजक और प्रशासन की लापरवाही सामने आ रही है। आयोजक ने कार्यक्रम की अनुमति लेते समय न तो आने वाले भीड़ की सही संख्या बताई और न ही उसके पास आपात स्थिति के लिए उनके पास वैकल्पिक व्यवस्था थी। प्रशासन एकत्र भीड़ का अंदाजा नहीं लगा पाया और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं किए गए। दोनों तरफ से हुई लापरवाही की वजह से 121 लोगों की जान चली गई।

### आपात स्थिति

आपात स्थिति के लिए इंतजाम जिसमें एंबुलेंस सेवा, भीड़ के अनुपात में प्रवेश और निकास द्वार की जानकारी को शामिल किया गया है। प्रशासन के अलावा आयोजन की तरफ से सुरक्षा के इंतजाम क्या होंगे, यह भी अनुमति से पहले तय होगा।

### नागरिक सुविधाएं

आयोजन की अनुमति लेते समय आयोजक को कार्यक्रम स्थल पर मूल भूत नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने का शपथ पत्र देना होगा। इसमें पेयजल, बिजली, शौचालय, प्राथमिक उपचार, बैठक जैसी व्यवस्थाओं की गारंटी देनी होगी।

### वैकल्पिक व्यवस्थाएं

कार्यक्रम स्थल पर अनुमान से अधिक भीड़ जुटने पर मूलभूत सुविधाओं की वैकल्पिक व्यवस्था, भीड़ बढ़ने पर उसे नियंत्रित करने के उपाय और यातायात प्रबंधन के लिए लगाए जाने वाले वालंटियर की संख्या की जानकारी देनी होगी।

> नागरिक सुरक्षा को ध्यान में रखकर आयोजन के लिए कड़े नियम बनाए जा रहे हैं। एसओपी का पालन करते हुए ही किसी भी आयोजन की अनुमति दी जाएगी। इससे कार्यक्रम में जुटने वाली भीड़ का पता रहेगा और प्रशासन भी अपनी तैयारी करेगा। नियम का उलंघन करने वालों की जवाबदेही तय करना आसान होगा।
>
> -**असीम अरुण**, समाज कल्याण मंत्री, उप्र सरकार


## वर्ग पहेली-121

**बाएं से दाएं**

1. कर्नाटकी संगीत का एक राग।
5. जयकार, सामूहिक रूप से बार-बार प्रशंसा करने की क्रिया।
6. सजीला, सजा-धजा, अच्छी धजवाला, छबीला, सुंदर।
7. 1. साड़ी

**ऊपर से नीचे**

2. 1. एक ही जाति के, एक ही गोत्र के 2. एक वर्ग या वर्ण के 3. समान, सदृश, समान प्रकार के।
3. (डिब्बा) जिसे बंद करने पर न तो हवा डिब्बे के भीतर से बाहर निकल सके और न बाहर से भीतर डिब्बे में प्रवेश कर सके, वायुरोधक।
4. 1. लोहा 2. अग्नि 3. हथियार 4. सोना।
5. 1. (पुराण) एक प्रसिद्ध राक्षस जिसका वध विष्णु ने किया था 2. नाथ संप्रदाय के एक योगी 3. एक प्रकार का रोग जिसमें सूजन के साथ पेट में पानी भर जाता है, जलोदर, (ड्राप्सी)।



### वर्ग पहेली -120 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 दु | ■ | 2 वा |
| ■ | 3 न | ज़ | र | बं | दी |
| ■ | फ़ा | ■ | भि | ■ | ■ |
| ■ | स | ■ | यो | ■ | 4 रो |
| 5 पी | त | ■ | ज | ■ | च |
| ह | ■ | 6 सु | न | गु | न |
| री | ■ | खी | ■ | ■ | ■ |

## अंतरराष्ट्रीय मोटरसाइकिल धावक प्रदेश में भरेंगे फर्राटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ इन्वेस्ट यूपी कराएगा आयोजन बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होगी रेस

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश ने वैश्विक खेल जगत में भारत की दावेदारी को और मजबूत करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राज्य की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी, इन्वेस्ट यूपी ने गुरुवार को विश्व में सफलतापूर्वक मोटोजीपी रेस का आयोजन कराने वाली स्पोर्ट्स कम्पनी डोर्ना स्पोर्ट्स एस.एल. के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।यह अनुबंध उप्र. को वैश्विक खेल पटल पर नई पहचान देगा।

मुख्य सचिव-सह-अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने इन्वेस्ट यूपी की ओर से अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जबकि डोर्ना स्पोर्ट्स एस.एल. की ओर से कर्मेलो इज़पेलेता ने अनुबंध पर हस्ताक्षर कर मोटोजीपी की उप्र. में वापसी पर मुहर लगा दी।

मोटोजीपी भारत के सुचारू संचालन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है जिसके सदस्य नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी एवं डोर्ना स्पोर्ट्स एस एल के मुख्य खेल अधिकारी आदि होंगे। रेस ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित की जाएगी।



अनुबंध को दिखाते मुख्य सचिव।

## ऑनलाइन बढ़ा सकेंगे 20 किलोवाट तक लोड

**अमृत विचार,लखनऊ:** अब बिजली उपभोक्ता 20 किलोवाट तक आनलाइन लोड बढ़ा सकेंगे। इसके साथ ही, आईटीजीएस व एनईएफटी के जरिये ऑनलाइन बिजली बिल जमा हो सकेगा।कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि बिजली उपभोक्ता यूपीपीसीएलऑनलाइनडॉटकॉम पर जाकर अपना लोड बढ़ा सकेंगे। वितरण निगमों के अधिकारियों को इन सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया है।

## सुडोकू -34

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | 7 | 3 | |
| | 1 | 7 | | 3 | | | 4 | 8 |
| 6 | | | 5 | 4 | | | | |
| 2 | | | | 7 | 1 | | 9 | |
| | 4 | | | | | | 5 | |
| | 3 | | 8 | 2 | | | | 6 |
| | | | | 6 | 2 | | | 7 |
| 8 | 6 | | | 5 | | 3 | 1 | |
| | 7 | 5 | | | | | | 4 |

### सुडोकू -33 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 9 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 4 | 5 | 2 | 7 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 |
| 3 | 9 | 4 | 8 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 |
| 7 | 2 | 5 | 1 | 6 | 9 | 3 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 6 जुलाई 04.26 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 06 जुलाई 04.06 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज किसी बड़े काम के बनने से आप काफी खुश रहेंगे। अविवाहितों को विवाह योग्य अच्छा रिश्ता मिल सकता है। मित्रों के सहयोग से आपको काम में आसानी होगी। आप अपने कामों को किसी दूसरे के भरोसा न छोड़े।

**वृष** — आज कुछ विरोधाभासी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। जीवन में आ रहे बदलावों को स्वीकारने का प्रयास करें। विवादित मामलों में बहस से आपको दूरी बनाकर रहना होगा। अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मिथुन** — आज योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी। परिजनों से अपने मन की बात शेयर करेंगे। मतभेदों को भुलाकर आगे बढ़ने का प्रयास करें। आप अपने कामों में कोई परिवर्तन कर सकते हैं। अपनी वाणी पर संयम रखें।

**कर्क** — आज सरकारी कार्यों में रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। लीगल मामलों में उलझने की आशंका है। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करना बेहतर रहेगा।

**सिंह** — आज परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपकी खुशी होगी। पैतृक संपत्ति संबंधित विवाद जो आपको परेशान कर रहा था, तो उसमें आपको जीत मिलने की संभावना है। विदेश यात्रा का योग बन रहे है।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में आपका जबरदस्त प्रभाव रहेगा। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को नए प्रोजेक्ट्स मिलने की प्रबल संभावना है। किसी काम में आ रही समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे है।

**तुला** — आज आपको जल्दबाजी में लिए गए निर्णय के लिए पछतावा होगा। यदि आपने जानकारी रखी थी, तो वह परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। आपको मेहनत के साथ भाग्य का भी भरपूर सहयोग मिलेगा। जनसंपर्क के कारण आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — आज विरोधियों को आप आसानी से पराजित कर पाएंगे। परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के लिए जा सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी सहभागिता के कारण आपकी प्रशंसा होगी। निवेश की प्लानिंग करने का उचित समय है।

**धनु** — आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें किसी को पार्टनर बनाने के बारे में न सोचे। यदि आपने किसी से पहले धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते है। कर्मचारियों को ज्यादा स्वतंत्रता न दें। ज्यादा लोकप्रिय होने के प्रयास में आप चूक कर सकते हैं।

**मकर** — आज आप अपनी संतान की पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देंगे, जिस कारण आप उसमें कोई बदलाव कर सकते हैं। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। यदि कोई काम लंबे समय से रुके हुए काम की पूरी होने की संभावना है।

**कुंभ** — आज आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने की आवश्यकता है। किसी अजनबी पर अत्यधिक भरोसा न करें, नहीं तो वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है। आपको किसी से धन उधार लेने से बचना होगा।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में आपको अपने विरोधियों की चालों को समझकर आगे बढ़ना होगा, नहीं तो वह आपको फंसाने की कोशिश करेंगे। धन को उधार में देने के कारण आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
लोहा — सुबह : 11.02
शास्त्र — रात : 07.00

**&pictures**
धड़क — सुबह : 11.14
मिशन रानीगंज — रात : 08.00

**Sony Pix**
पैसिफिक रिम — सुबह : 11.11
जॉन विक : चैप्टर 2 — रात : 09.00

**Zee Cinema**
धमाल — दोपहर : 12.31
नाग भूमि — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
बाजी — सुबह : 11.30
कार्तिकेय 2 — शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

स्कूटी से गिरने के बाद पप्पू ने एक्स-रे करवाया।
डॉक्टर- एक्स-रे में आपकी हड्डी टूटी है।
पप्पू- भगवान का शुक्र है कि हड्डी एक्स-रे में टूटी है।
सच में टूटी होती तो खर्चा बहुत होता।
पप्पू की बात सुन डॉक्टर बेहोश...

मोनू-यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
गोलू-सिर दर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात किया कर।
मोनू-क्यों?
गोलू- तूने सुना नहीं जहर ही जहर को मारता है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक–965 फ्लैग–1085 डीएमओ–830 बोल्ड–1120
**चन्दौसी :** शिवालिक– 950 फ्लैग–1100 बोल्ड– 1150 डीएमओ– 890

## कानपुर मंडी

गेहूं दड़ा 2240–2410, आर. आर .21 2550–2600, गेहूं फारम 2600–2700, जौ 2000 –2100, ज्वार 2000 –4000, बाजरा 2100–2150, मक्का 2200 –2400, चना 6300 –6400, अरहर 9000 –10000, मसूर 5500 –5600, मटर 3700 –3800, उड़दहरा 11000 –11500, उड़द काला 8000 –9000, मूंग 7800 –8000, अरहर फूल 16500–16600, अरहर स्पेशल 14300–14400, चना दाल 7750–7850, मटरदाल 4700–4800, मसूर मलका 7200–7250, मसूर दाल 7400–7450, उड़द दाल 9000– 13300, उड़द धोवा 10000– 13000, मूंगदाल 8100 –9700, मूंग धोवा 9700–11000, अरवा 2000 – 2300, बासमती न01.8500 – 10000, सेला 2500 – 3000, बासमती न02. 6500 – 7500, आटा 1400–1460, मैदा 1380–1450, सूजी 1440–1460, शाहपसंद 1370–1410, लाही 5600–5800, अलसी 4500 –4600, अण्डी 4600 –4700, तिल्ली 11500– 12200, मूंगफली दाना शिवपुरी 9800– 11200, बटाली 9000 –11000, सेहुआं 4000 –4500, सरसों कोल्हू 12200–12300, अलसी 10100–10200, अण्डी 12800–13000, सोयाबीन 1590–1611, सरसों 2750–2800, अलसी 4900–5000, अण्डी 1400–1450, बावर्ची 1585–1585, मयूर 1585–1585, मंगलौर लड्डू 4900–4950, देशीभेली 4600–4700,

# सीजेआई ने बाजार में तेजी के बीच सेबी सैट को दी सतर्क रहने की दी सलाह

## प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ बोले- सैट के अधिकारियों से नई पीठें खोलने पर करें विचार

मुंबई, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बाजार नियामक सेबी और सैट को शेयर बाजारों में उल्लेखनीय उछाल के बीच सावधानी बरतने की गुरुवार को सलाह दी। उन्होंने अधिक न्यायाधिकरण पीठों की भी वकालत की ताकि इनकी स्थिर नींव सुनिश्चित की जा सके।

प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने यहां नए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) परिसर का उद्घाटन करते हुए अधिकारियों से सैट की नई पीठें खोलने पर विचार करने का आग्रह किया, क्योंकि अधिक मात्रा में लेन-देन तथा नए नियमों के कारण कार्यभार बढ़ गया है। बीएसई के 80,000 अंक का आंकड़ा पार करने को उल्लास से भरा क्षण बताने वाली खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं नियामक प्राधिकरणों के लिए यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देती हैं कि जीत के बीच हर कोई अपना संतुलन व धैर्य बनाए रखे।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आप शेयर बाजार में जितनी अधिक तेजी देखेंगे, मेरा मानना है कि सेबी तथा सैट की भूमिका उतनी ही अधिक होगी। ये संस्थान सतर्कता बरतेंगे, सफलताओं का जश्न मनाएंगे लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि इसकी नींव स्थिर रहे।



- प्रधान न्यायाधीश ने नए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) परिसर का किया उद्घाटन

### अब तक 6,700 से अधिक अपीलों का हुआ है निपटारा

सीजेआई ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और सैट जैसे अपीलीय मंच के स्थिर तथा पूर्वानुमानित निवेश वातावरण को बढ़ावा देने के पीछे उनका अत्यधिक राष्ट्रीय महत्व है। सैट के पीठासीन अधिकारी न्यायमूर्ति पीएस दिनेश कुमार ने कहा कि सैट में 1,028 अपीलें लंबित हैं। 1997 में स्थापना के बाद से 6,700 से अधिक अपीलों का निपटारा किया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में समय पर कार्रवाई और त्रुटियों को सुधारना बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधान न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को सैट की नई वेबसाइट भी पेश की। इसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्षेत्र में प्रगति के साथ न्याय तक पहुंच की अवधारणा पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

## थ्रेड्स के दुनिया में 17.5 करोड़ उपयोगकर्ता, भारत सबसे सक्रिय : मेटा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया दिग्गज मेटा ने कहा है कि उसकी सोशल नेटवर्किंग सेवा थ्रेड्स के लिए भारत सबसे सक्रिय देशों में से एक है। थ्रेड्स के वैश्विक स्तर पर 17.5 करोड़ से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं।

फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच का संचालन करने वाली मेटा से आई यह जानकारी इस लिहाज से अहम है कि ट्विटर (एक्स) के प्रतिद्वंद्वी के रूप में थ्रेड्स को पेश किए जाने के एक साल पूरे होने जा रहे हैं। मेटा ने कहा कि 17.5 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं। भारत वैश्विक स्तर पर थ्रेड्स के लिए सबसे सक्रिय देश है। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि थ्रेड्स को इस भरोसे के साथ पेश किया गया था कि हर किसी के पास कहने के लिए कुछ मूल्यवान है।

# धोखाधड़ी रोकने को संस्थागत व्यवस्था अनिवार्य : सेबी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दुरुपयोग रोकने और पता लगाने को तंत्र स्थापित करने को कहा

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्रतिभूति बाजार में निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए शेयर ब्रोकिंग कंपनियों को धोखाधड़ी यानी बाजार के दुरुपयोग को रोकने और उसका पता लगाने के लिए एक संस्थागत तंत्र स्थापित करने के लिए कहा है।

सेबी ने गुरुवार को परिपत्र में ब्रोकिंग कंपनियों के लिए कारोबारी गतिविधियों और आंतरिक नियंत्रण की निगरानी के लिए प्रणालियां लागू करने और व्हिसल-ब्लोअर नीति की शुरुआत को अनिवार्य कर दिया है। ये सभी प्रावधान सेबी (शेयर ब्रोकर) (संशोधन) विनियम, 2024 का हिस्सा हैं जिसका उद्देश्य बाजार की अखंडता और निवेशक सुरक्षा के उच्च मानकों को सुनिश्चित करना है। नियामक ने परिपत्र में कहा है कि परिचालन के तौर-तरीकों एवं इसके कार्यान्वयन संबंधी मानकों को ब्रोकर उद्योग मानक मंच (आईएसएफ) सेबी के परामर्श से तैयार करेगा। मानकों का कार्यान्वयन ब्रोकर के आकार पर निर्भर करेगा। 50,000 से अधिक सक्रिय विशिष्ट ग्राहक कोड (यूसीसी) वाले ब्रोकर के लिए, एक जनवरी, 2025 तक इसका अनुपालन करना जरूरी है। 2001 से लेकर 50,000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकर को 1 अप्रैल, 2025 तक इसका अनुपालन करना होगा। वहीं 2000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकरों को 1 अप्रैल, 2026 तक इसका अनुपालन करना होगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55500–55700 |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,900 |
| चांदी आभूषण | 90,700 |

## जापान का निक्की 225 नए रिकॉर्ड स्तर 40,913.65 पर बंद

**तोक्यो।** जापानी सूचकांक निक्की 225 गुरुवार को 40,913.65 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। प्रौद्योगिकी और निर्यातोन्मुखी शेयरों की भारी खरीद से सूचकांक में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सूचकांक का सर्वकालिक उच्च स्तर दिन के कारोबार के दौरान 41,087.75 अंक था जो 22 मार्च को बना था। बंद होने का अभी तक का इसका रिकॉर्ड स्तर 40,888.43 अंक था। यह भी 22 मार्च को दर्ज हुआ था। यह बढ़त वॉल स्ट्रीट पर रात भर की तेजी के अनुरूप थी, जहां एसएंडपी 500 और नैस्डैक ने भी नए रिकॉर्ड बनाए।

## जिप्र इलेक्ट्रिक ने 7.3 करोड़ डिलीवरी की उपलब्धि की हासिल

**नई दिल्ली।** ज़िप इलेक्ट्रिक ने 7 .3 करोड़ डिलीवरी का रिकार्ड बनाने की घोषणा करते हुये कहा है कि इससे उसके गिग वर्कर्स (अस्थायी कर्मचारियों) की कमाई में ज़बरदस्त वृद्धि हुई है। कंपनी ने आज यहां कहा कि कमाई में यह वृद्धि दर्शाती है कि ज़िप इलेक्ट्रिक अपने डिलीवरी पार्टनरों को कमाई के स्थायी और आकर्षक अवसर प्रदान करने और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ज़िप इलेक्ट्रिक भारत का अग्रणी टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड ईवी-एज़-ए-सर्विस प्लेटफॉर्म है। ज़िप पायलट मुख्य रूप से ईवी राइडर हैं, जिनकी उम्र 27 वर्ष है। इन पायलटों ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।आठ प्रतिशत पायलट अब हर महीने 50,000 रुपये से अधिक कमा रहे हैं, जिसमें मार्च से 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# देश में माल ढुलाई या कार्गो विमानों की संख्या बढ़ने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार लॉजिस्टिक्स केंद्र विकसित करने को कर रही काम
- वर्तमान में भारतीय कंपनियों के पास 18 मालवाहक जहाज

देश के हवाई माल ढुलाई क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है और इसके उपयोग के लिए प्रक्रियाओं में और सुधार लाने के साथ-साथ तेजी से काम पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

नागर विमानन मंत्रालय में वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि हवाई माल ढुलाई क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है और देश में माल ढुलाई या कार्गो विमानों की संख्या बढ़ने की संभावना है। वर्तमान में भारतीय कंपनियों के पास 18 मालवाहक जहाज हैं।

उन्होंने दिल्ली में एसीएफआई (एयर कार्गो फोरम इंडिया) द्वारा आयोजित सम्मेलन में कहा कि हवाई माल ढुलाई क्षेत्र में कारोबार को और आसान बनाने तथा तेजी से काम पूरा करने पर ध्यान दिया जाएगा। कोविड-19 महामारी की मार झेलने के बाद यात्री खंड में सुधार हुआ है। 2023-24 में देश में हवाई माल ढुलाई 33.6 लाख टन से थोड़ा ज्यादा था।

# स्टेट बैंक ने की 11 नई पहलों की शुरूआत

नई दिल्ली, एजेंसी

- बैंक ने डिजिटल बैंकिंग के लिए इनोवेटिव सुविधाओं की घोषणा की

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अपने 69वें स्थापना दिवस पर 11 नई पहल के साथ बैंकिंग अनुभव को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता जताई है।

बैंक ने इस मौके पर बेहतर डिजिटल बैंकिंग अनुभव के लिए इनोवेटिव सुविधाओं की घोषणा की है जिसमें आसान डिजिटल भुगतान के लिए यूपीआई टैप-एंड-पे की शुरुआत, सूर्य घर लोन, छोटे व्यवसायों के लिए योनो बिजनेस और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग तक पहुंच की सुविधा, ग्राहकों को ऋण प्रस्तावों पर स्वचालित सूचना की शुरुआत, 35 नए एग्रीकल्चर सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटरों का शुभारंभ, ई-डीएफएस के लिए बीआरई का शुभारंभ, आरोग्य एडवांस्ड प्लान लॉन्च, पटियाला में ग्लोबल एनआरआई सेंटर की शुरुआत, उच्च न्यायालय शाखाओं का नया रूप, उत्तर और दक्षिण में दो आउटबाउंड संपर्क केंद्रों का शुभारंभ, एसएमईसीसी मॉडल अब नए रूप में शामिल है।

भारतीय स्टेट बैंक बीएचआईएम एसबीआई पे ऐप पर टैप-एंड-पे और योनो ऐप पर म्यूचुअल फ़ंड के बदले एंड-टू-एंड डिजिटल लोन जैसी दो रोमांचक सुविधाओं की शुरुआत करके डिजिटल भुगतान के अनुभव को बदल रहा है। नियर फ़ील्ड कम्युनिकेशन (एनएफसी) तकनीक का लाभ उठाते हुए, बीएचआईएम एसबीआई पे ऐप का टैप-एंड-पे तेज़ और सहज डिजिटल भुगतान के एक नए युग का प्रतीक है। 500 रुपये से कम के लेन-देन में पिन-लेस अनुभव के लिए यूपीआई लाइट का लाभ उठाया जाता है, जबकि इससे ज्यादा के लेन-देन में सुरक्षित भुगतान के लिए यूपीआई पिन की ज़रूरत होगी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### पीएफआई नेता की जमानत पर एनआईए को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यूएपीए के तहत गिरफ्तार पीएफआई नेता ओएमए सलाम की अंतरिम जमानत याचिका पर गुरुवार को एनआईए का रुख जानने के लिए नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने सलाम को राहत नहीं देने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ की गई अपील पर जांच एजेंसी से जवाब मांगा। पीठ ने एनआईए से दो सप्ताह में जवाब देने को कहा। याचिकाकर्ता के वकील ने इस आधार पर दो सप्ताह की अंतरिम जमानत की मांग की कि सलाम की बेटी की अप्रैल में मृत्यु हो गई थी और उनकी पत्नी अवसाद में हैं। अदालत ने सुनवाई के लिए 25 जुलाई की तारीख तय की। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सलाम को एनआईए ने 2022 में गिरफ्तार किया था।

### अबू सलेम को तलोजा से भेजा गया नासिक जेल

**ठाणे।** 1993 के सिलसिलेवार विस्फोट मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर अबू सलेम को गुरुवार को नवी मुंबई की तलोजा जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच नासिक की केंद्रीय जेल में स्थानांतरित किया गया है। अधिकारी ने बताया कि सलेम को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे तलोजा जेल से निकालाकर वहां शिफ्ट किया गया। 2005 में पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किए सलेम को 1993 के मुंबई सिलसिलेवार विस्फोट मामले में 2017 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जेल अधिकारियों ने विशेष अदालत से कहा था कि उसे नासिक केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित करने की जरूरत है, क्योंकि तलोजा जेल में उच्च सुरक्षा वाली कोठरी जर्जर हालत है जिसकी मरम्मत की आवश्यकता है।

### शिक्षा मंत्री के बयान पर हंगामा, विस दो बार स्थगित

**जयपुर।** राजस्थान के कोटा में प्रदर्शन के लिए कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज होने एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विवादित बयान को लेकर गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। शिक्षा मंत्री ने सदन में कहा कि आदिवासी समाज के बारे में कोई नकारात्मक चर्चा करने का भाव उनके मन में कभी नहीं रहा। विपक्ष चाहता था कि मंत्री इस मुद्दे पर माफी मांगे। भोजनावकाश के बाद विधानसभा की कार्यवाही जब दोबारा शुरू हुई तो अध्यक्ष ने इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को बोलने दिया। जूली ने मंत्री के बयान के बाद मुख्यमंत्री का बयान इस पक्ष में नहीं आया कि मंत्री ने गलत शब्द कहे हैं।

# कॉलेजियम की सिफारिश रद करने के कारण नहीं किए जा सकते सार्वजनिक : हाईकोर्ट

## संबंधितों के हितों के लिए हानिकारक और जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को करेगा बाधित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम की ओर से उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिशों को अस्वीकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि इसके कारणों को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह संबंधितों के हितों के लिए हानिकारक और नियुक्ति प्रक्रिया को बाधित करेगा।

उच्च न्यायालय ने उस आदेश को चुनौती देने वाली अपील को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने के विस्तृत कारण बताने के लिए उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम को निर्देश देने संबंधी याचिका खारिज कर दी गई थी। उसने कहा कि उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में किसी न्यायाधीश की नियुक्ति एक एकीकृत, परामर्शात्मक और गैर-प्रतिकूल प्रक्रिया है जिसे नामित संवैधानिक पदाधिकारियों के साथ परामर्श की जरूरत या प्रधान न्यायाधीश की सिफारिश के बिना नियुक्ति या हस्तांतरण के मामले में पात्रता की किसी शर्त की कमी के अलावा कानून की अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि इसके अलावा, अस्वीकृति के कारणों का प्रकाशन उन लोगों के हितों और प्रतिष्ठा के लिए हानिकारक होगा जिनके नामों की सिफारिश उच्च न्यायालयों द्वारा की गई है, क्योंकि (शीर्ष अदालत का) कॉलेजियम उस जानकारी के आधार पर विचार-विमर्श और निर्णय लेता है जो विचाराधीन व्यक्ति के लिए निजी है। यदि ऐसी जानकारी सार्वजनिक की जाती है, तो इसका असर नियुक्ति प्रक्रिया पर पड़ेगा।



- उच्चतम न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय ने की खारिज

# परिवार से मिल सकेंगे अमृतपाल दिल्ली से जाने की अनुमति नहीं

चंडीगढ़/अमृतसर, एजेंसी

जेल में बंद कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए पैरोल पर दिल्ली लाया जा रहा है। उन्हें परिवार से मिलने की अनुमति होगी, लेकिन दिल्ली से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

अमृतसर के जिला मजिस्ट्रेट के जारी पैरोल आदेश में तय शर्तों के अनुसार, दिल्ली में रहने के दौरान सिंह और उनके रिश्तेदार- परिजन मीडिया में बयान नहीं दे सकते हैं। उन्हें पिछले साल 23 अप्रैल को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया था। असम के डिब्रूगढ़ जिले से पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट जीतने वाले खालिस्तान समर्थक सिंह शुक्रवार को शपथ लेने वाले हैं। सूत्रों ने बुधवार को बताया था कि सिंह को शपथ के लिए विमान से दिल्ली लाया जाएगा और उनकी चार दिन की पैरोल अवधि 5 जुलाई से शुरू होगी। पैरोल में 10 शर्तों का उल्लेख है, जिसमें कहा गया है कि अस्थायी रिहाई की अवधि में डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल से दिल्ली तक जाने और वापस आने में लगने वाला समय शामिल होगा। वह अस्थायी रिहाई के दौरान दिल्ली के अलावा किसी अन्य क्षेत्र में प्रवेश नहीं करेंगे। सिंह या उनके रिश्तेदार को अमृतपाल के बयान की वीडियोग्राफी करने या प्रसारित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



- अमृतसर के जिला मजिस्ट्रेट ने तय शर्तों पर जारी किया पेरोल

# विस अध्यक्ष बोले- सब कुछ राज्यपाल के हाथ में नहीं

**कोलकाता।** टीएमसी के नवनिर्वाचित दो विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया।

उन्होंने कहा कि सदन का कामकाज पूरी तरह से राज्यपाल पर निर्भर नहीं है। बनर्जी ने कहा कि शुक्रवार दोपहर को कार्य मंत्रणा समिति की बैठक होगी, जिसमें सत्र की अवधि पर फैसला किया जाएगा। विशेष सत्र शुक्रवार अपराह्न दो बजे से शुरू होगा। अगर कोई सोचता है कि हम असहाय हैं, तो वह (पुरुष/महिला) गलत है। विधानसभा असहाय नहीं है और सब कुछ राज्यपाल के हाथ में नहीं है। आप हम पर अपनी बात थोप नहीं सकते। नियम, कानून और संवैधानिक मानदंड है। हम सभी को उनका पालन करना होगा। तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने बृहस्पतिवार को छठे दिन भी पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में धरना दिया। राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने उन्हें राजभवन में शपथ के लिए आमंत्रित किया था। बारानगर विधायक सायंतिका बंद्योपाध्याय और भागबंगोला विधायक रयात हुसैन सरकार ने 27 जून को धरना शुरू किया जो चार जुलाई को भी जारी रहा।

## एनसीईआरटी परीक्षा पे चर्चा को ऑनलाइन प्रारूप में पुन : प्रस्तुत करने की दिशा में कर रही है काम

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी प्रधानमंत्री मोदी के वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को ऑनलाइन प्रारूप में पुन : प्रस्तुत करने की दिशा में काम कर रही है। उनके भाषणों को पेश करने के लिए पोर्टल को विकसित करने के प्रस्ताव पर काम किया जा रहा है जहां छात्र प्रधानमंत्री के साथ इनट्रैक्टिव 2डी/3डी तरीके से सेल्फी भी ले पाएंगे। यह कदम ऐसे वक्त में उठाया गया है जब प्रतियोगी परीक्षाएं कथित अनियमितताओं को लेकर विवादों में हैं और विपक्ष देश में परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए मांग की है कि वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के मुद्दे को लेकर भी परीक्षा पे चर्चा करें। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने परीक्षा पे चर्चा के लिए वर्चुअली एग्ज़ीबिशन विकसित करने के वास्ते कंपनी की पहचान करने के लिए इस हफ्ते अभिरूचि पत्र (ईओएल) जारी किया है। योजना है कि एक ऐसा डिजिटल मंच विकसित किया जाए जो इनट्रैक्टिव 2डी/3डी से लैस हो तथा उसके माध्यम से छात्र जुड़ सकें और संवाद कर सकें।

# दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर नीति बनाए केंद्र : कोर्ट

चेन्नई, एजेंसी

- मद्रास ने दिल्ली हाईकोर्ट के दिये आदेश के अनुरूप उसे अधिसूचित करने का दिया निर्देश

मद्रास हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को दवाइयों की ऑनलाइन बिक्री से संबंधित नीति को दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से 4 मार्च 2024 को दिये गए आदेश के अनुरूप जल्द से जल्द अंतिम रूप देने और उसे अधिसूचित करने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति सी कुमारप्पन की खंडपीठ ने एम/एस. प्रैक्टो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और सात अन्य द्वारा दायर अपीलों का निपटारा करते हुए अपने हालिया आदेश में यह निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं ने दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों के ऑनलाइन व्यापार पर रोक लगाने वाले एकल न्यायाधीश के दिसंबर 2018 के आदेश को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा कि जब तक केंद्र द्वारा नीति तैयार नहीं कर ली जाती या दिल्ली उच्च न्यायालय मामले का अंतिम निपटारा नहीं कर देता तब तक आज तक जारी यथास्थिति बरकरार रहेगी। इस शर्त के अधीन दवाओं की ऑनलाइन बिक्री केवल लाइसेंस प्राप्त दवा विक्रेताओं के माध्यम से ही की जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि किसी भी उल्लंघन की स्थिति में सक्षम प्राधिकारी कानून के अनुसार अपराधियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए बाध्य हैं।

# 5 हजार शिक्षकों के तबादले पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने स्कूलों में दस साल से ज्यादा समय से पढ़ा रहे 5000 शिक्षकों के तबादले के आदेश पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

आतिशी ने गुरुवार को कहा कि इस आदेश को ख़ारिज करने के एक जुलाई को दिल्ली के शिक्षा सचिव और शिक्षा विभाग के निदेशक को निर्देश दिए।इन्ही शिक्षकों की मेहनत से दिल्ली सरकार के स्कूलों के बच्चे आईआईटी में जा रहे है। जेईई-नीट पास कर रहे है। इन्हीं के कारण दिल्ली के स्कूलों के नतीजे प्राइवेट से बेहतर आ रहे है। शिक्षा नीति कहती है कि शिक्षकों के लिए बड़े स्तर पर तबादले की प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए।



- आतिशी ने मुख्य सचिव को तबादले वापस लेने के दिए निर्देश

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजभवन की महिला कर्मचारी ने राज्यपाल बोस के खिलाफ दाखिल की याचिका

प. बंगाल राजभवन की एक महिला कर्मचारी ने राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अपनी याचिका में महिला दावा किया कि राज्यपाल को दी गई संवैधानिक प्रतिरक्षा के कारण वह उपचारविहीन हो गई है।

याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है कि यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए वह प. बंगाल पुलिस को निर्देश दे। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत संवैधानिक व्यक्ति को प्राप्त प्रतिरक्षा की सीमा तक दिशानिर्देश और योग्यता निर्धारित करने का भी अनुरोध किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 361 (2) में कहा गया है कि राष्ट्रपति या कि राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत में कोई आपराधिक कार्यवाही न तो शुरू की जा सकती या जारी नहीं रखी जा सकती है। याचिका में उक्त प्रावधान का हवाला देते हुए दलील दी गई है कि ऐसी शक्तियों को पूर्ण नहीं समझा जा सकता, जिससे राज्यपाल को ऐसे कार्य करने का अधिकार मिल जाए जो अवैध हों या जो संविधान के भाग तीन की बुनियाद पर प्रहार करते हैं। याचिकाकर्ता ने शिकायतों को उजागर करते हुए राजभवन को शिकायत भी लिखी थी, लेकिन अधिकारियों के निष्क्रियता से अपमानित किया गया। उसे राजनीतिक हथियार बताया गया, जबकि उसके आत्मसम्मान की सुरक्षा नहीं की गई। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि संवैधानिक छूट की आड़ में राज्यपाल को अनुचित कार्य करने और लैंगिक हिंसा करने की अनुमति नहीं है, जबकि देश के हर दूसरे नागरिक को ऐसा करने से प्रतिबंधित किया गया है।

# अग्निपथ योजना : कांग्रेस बोली- श्वेत पत्र लाए सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी के बयान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जवाब के बाद पैदा हुआ विवाद

कांग्रेस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अग्निवीर के संदर्भ में दिए बयान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से इसका प्रतिवाद किए जाने के बाद पैदा विवाद के बीच गुरुवार को कहा कि सरकार को अग्निपथ योजना को लेकर श्वेत पत्र लाना चाहिए ताकि देश को वास्तविक स्थिति का पता चल सके।

पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल (सेवानिवृत्त) रोहित चौधरी ने कहा कि सरकार में आने पर कांग्रेस इस योजना को खत्म कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया को बहाल करेगी। चौधरी ने कहा कि संसद में रक्षा मंत्री ने देश के सामने आधी-अधूरी जानकारी रखी, जिससे एक संशय का माहौल बन गया। विपक्ष के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि सेना और अग्निवीरों के साथ जो भेदभाव हो रहा है, उन मुद्दों को उठाएं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का कहना है कि सैनिकों, सेना और शहीदों के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यह सिर्फ शहीद अग्निवीर अजय सिंह का नहीं, बल्कि शहीद हुए 13 अग्निवीरों, सेना में सेवारत अग्निवीरों, ट्रेनिंग ले रहे अग्निवीरों और देश की सुरक्षा का मामला है। सरकार को अग्निपथ योजना, अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच भेदभाव, शहीदों के परिवरों को मिलने वाली सहायता राशि पर श्वेत पत्र पर लाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दिवंगत अग्निवीर अजय सिंह के परिवार को सरकार से सिर्फ 48 लाख रुपये मिले, जबकि उन्हें पंजाब सरकार से एक करोड़ रुपये और एक निजी बैंक में खाते के चलते 50 लाख रुपये की राशि मिली। सेना ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में किए गए उन दावों को खारिज कर दिया कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले अग्निवीर अजय कुमार के परिजनों को मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया। सेना ने कहा कि परिवार को देय राशि में से 98.39 लाख रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

### मोदी के ढाई घंटे में महंगाई का जिक्र नहीं : ख़रगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा कि वह संसद में ढाई घंटे तक भाषण देते रहे लेकिन मुद्रास्फीति का जिक्र नहीं किया गया जबकि महंगाई ने लागों की कमर तोड़ दी है। खरगे ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट में कहा कि महंगाई आसमान छू रही है और आवश्यक वस्तुओं के दाम लोगों के बस से बाहर हो गए हैं लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है और मोदी सिर्फ भाषण दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र में उन्होंने कहा, मोदी जी, आप ढाई-ढाई घंटे के भाषण देते हैं, पर महंगाई के मुद्दे के बारे में ढाई शब्द नहीं बोल पाते।


# विश्वविजेता टीम के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

- सुबह दिल्ली पहुंची टीम ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात
- मुंबई रोड शो में स्वागत को पहुंचे लाखों लोग, सड़कें जाम




## विजय जुलूस में गूंजा इंडिया... इंडिया

**मुंबई।** टी-20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम के स्वागत के लिए आयोजित विजय जुलूस (विक्ट्री परेड) में गुरुवार को यहां जनसैलाब उमड़ पड़ा जिससे दक्षिण मुंबई का यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से अनुसार विजय जुलूस नरीमन पॉइंट में नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) से शाम पांच बजे शुरू होकर वानखेड़े स्टेडियम में शाम सात बजे समाप्त होना था लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम नई दिल्ली से देर से यहां पहुंची, जिससे परेड 7 : 30 मिनट के बाद ही शुरू हो पाई। इस विजय जुलूस का साक्षी बनने के लिए लाखों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी मरीन ड्राइव पर पहुंचे। वानखेड़े स्टेडियम को प्रशंसकों के लिए खोल दिया गया और कुछ मिनट में ही स्टेडियम खचाखच भर गया। वानखेड़े में सचिन...सचिन और मुंबईचा राजा, रोहित शर्मा! और इंडिया...इंडिया के पारंपरिक नारों के साथ माहौल जीवंत हो उठा।



नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया जिसके बाद टीम के सदस्यों ने नाश्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे सैकड़ों प्रशंसक मौसम की परवाह किए बिना विभिन्न नारे लिखे बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी। खिलाड़ियों की



वापसी के दौरान नाच-गाना हो रहा था, खूब सारे केक थे और सड़कों पर प्रशंसक थे जो दर्शा रहे थे कि क्रिकेट देश में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला खेल क्यों है। थके हुए खिलाड़ी भी हवाई अड्डे से होटल पहुंचने के बाद मस्ती में शामिल हुए और पार्टी का माहौल पूरा किया।

वर्ष 2011 में जीते पिछले विश्व कप का जिक्र करते हुए एक प्रशंसक ने कहा हम पिछले 13 साल से इस पल का इंतजार कर रहे थे। टीम ने विश्व कप जीतकर हमें गौरवांवित किया है। उत्साह से लबरेज प्रशंसक स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के पोस्टर लेकर नारे लगा रहे थे। खिलाड़ियों को आईटीसी मौर्या शेरेटन होटल ले जाने के लिए टी थ्री टर्मिनल के बाहर दो बसें खड़ी थी। होटल पहुंचने पर ढोल और पारंपरिक भांगड़ा डांस से उनका स्वागत किया गया। कप्तान रोहित शर्मा, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत सहित अधिकांश खिलाड़ियों ने भांगड़ा कर रहे डांसरों के साथ डांस किया।

कुछ देर बाद वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने उनके आवास के लिए रवाना हो गए। होटल लौटने से पहले भारतीय दल ने बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की मौजूदगी में प्रधानमंत्री के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर करीब दो घंटे बिताए। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में खिलाड़ियों को मोदी के साथ हल्की-फुल्की बातचीत करते देखा जा सकता है। कोहली ने इंस्टाग्राम पर प्रधानमंत्री के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। हमें प्रधानमंत्री आवास पर आमंत्रित करने के लिए आपका धन्यवाद। पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप हारने के बाद यह विश्व कप जीतना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। शनिवार को भारत ने अपना दूसरा टी-20 विश्व कप जीता और आईसीसी ट्रॉफी का 11 साल का इंतजार खत्म किया। भारत ने पिछला आईसीसी खिताब 2013 में जीता था जब उसने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। भारत ने इसके पहले विश्व कप खिताब 1983 (एकदिवसीय), 2007 (टी20) और 2011 (एकदिवसीय) में जीते थे।






1. विजय जुलूस से पहले मुंबई के मरीन ड्राइव पर भारतीय टीम के स्वागत को जुटे लाखों प्रशंसक ।
2. मरीन ड्राइव पर डबल डेकर बस में सवार भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने किया प्रशंसकों का अभिवादन।
3. दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते खिलाड़ी।
4. दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान बातचीत करते भारतीय खिलाड़ी।
4. प्रधानमंत्री मोदी को नमो 1 की जर्सी भेंट करते बीसीसीआई अधिकारी रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह।

# भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी दूसरे दौर में

लंदन, एजेंसी

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी ने गुरुवार को यहां पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि ओलंपिक दल के सदस्य एन श्रीराम बालाजी और ल्यूक जॉनसन की जोड़ी विम्बलडन चैम्पियनशिप से बाहर हो गई। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक और एलेक्जैंडर श्वेचेंको की जोड़ी को 58 मिनट में 6-4 6-4 से पराजित किया। अब भांबरी और ओलिवेटी का सामना जर्मनी के क्राविट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से होगा।

बालाजी और जॉनसन को पहले दौर में सर्बिया के मेट पाविक और अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो की चौथी वरीय जोड़ी से 4-6 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने रोबिन हास और सैंडर एरेंड्स की जोड़ी पर आसान जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया।

बोपन्ना और एब्डेन ने बुधवार को बारिश से बाधित पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे 11 मिनट में नीदरलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वियों को 7-5, 6-4 से हराया। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी दूसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्सटेंटिन फ्रेंटजन की जर्मनी की जोड़ी से भिड़ेगी। बोपन्ना और एब्डेन पिछले साल सत्र के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले सुमित नागल और उनके सर्बियाई जोड़ीदार दुसान लाजोविच को पहले दौर में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जॉमे मुनार से हार का सामना करना पड़ा।




### मेदवेदेव अगले दौर में पहुंचे, ओसाका हारी

**लंदन।** विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में डेनिल मेदवेदेव जहां अपना मुकाबला जीतकर अगले दौर में पहुंच गए, वहीं नाओमी ओसाको को हार का सामना करना पड़ा है। महिला एकल के अन्य मुकाबलो में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में 19वें नंबर की ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके अलावा बीट्रिज हदाद मेइया ने भी मैग्डेलेना फ्रेच को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरी तरफ पुरुष एकल में पांचवी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को भी सेंटर कोर्ट पर कठिन शुरुआत मिली। उन्हें एलेक्जेंडर मुलर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन मेदवेदेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 6-7(3) 7-6(4) 6-4 7-5 से जीत दर्ज की। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर ने अपने हमवतन माटेओ बेरेटिनी को कड़े मुकाबले में 7-6, 7-6, 2-6, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

## राजावत ने गेम्के को हराया कनाडा ओपन के दूसरे दौर में

**कैलगेरी (कनाडा)।** उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने यहां कनाडा ओपन के पुरुष एकल के पहले दौर में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले डेनमार्क के रासमुस गेम्के को हराया।

दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने आठवें वरीय गेम्के को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में एक घंटे और 10 मिनट में 17-21 21-16 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। राजावत अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। वह अगले दौर में जापान के ताकुमा ओबायाशी से भिड़ेंगे। पुरुष एकल में हिस्सा ले रहे दो अन्य भारतीयों आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को हार का सामना करना पड़ा। शेट्टी को जापान के छठे वरीय कोकी वातानाबे के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि शंकर को फ्रांस के एलेक्स लेनियर के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। महिला एकल में तान्या हेमंत और अनुपमा उपाध्याय भी दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। तान्या ने कनाडा की जैकी डेंट को हराया जबकि अनुपमा ने आयरलैंड की रैशेल डेरेग को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। तान्या अगले दौर में थाईलैंड की तीसरी वरीय बुसानन ओंगबैमरुंगफान से भिड़ेंगी जबकि अनुपमा को कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ खेलना है।

## खेल डायरी

### डोप जांच में विफल रही दीपांशी, नाडा ने किया निलंबित

**नई दिल्ली।** नाडा ने हाल में राष्ट्रीय अतंर राज्यीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली भारत की शीर्ष महिला 400 मीटर धाविका दीपांशी को डोप जांच में विफल होने के कारण निलंबित किया। दीपांशी ने शुक्रवार को पंचकुला में महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में किरण पहल (50 .92 सेकेंड) के बाद 52 .01 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया था। टूर्नामेंट के दौरान लिए गए डोप नमूने में एनाबोलिक स्टेरायड मिला है। ये नमूने 27 जून को हीट रेस के बाद या सेमीफाइनल में लि गए। राष्ट्रीय अंतर्राज्यीय चैंपियनशिप 27 से 30 जून में यह पहला डोप पॉजिटिव मामला सामने आया है जो पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी था।

### त्वेसा संयुक्त 24वें और दीक्षा 46वें स्थान पर

**लंदन।** भारतीय महिला गोल्फर त्वेसा मलिक संधू यहां अरामको टीम सीरीज लंदन के पहले दौर में इवन पार 73 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर रहीं। उनकी साथी भारतीय दीक्षा डागर दो ओवर 75 के कार्ड से संयुक्त 46वें स्थान पर बनी हुई हैं जबकि प्रणवी उर्स ने सात ओवर 80 का निराशाजनक कार्ड खेला जिससे उनके कट में प्रवेश की संभावना नहीं है। दीक्षा अगले हफ्ते मेजर एवियन चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी, उन्होंने तीन बर्डी लगायीं जबकि तीन बोगी और एक डबल बोगी की।

### अमेरिका महिला क्रिकेट टीम के कोच बने मोरिंग

**न्यूयॉर्क।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर हिल्टन मोरिंग को अमेरिका की राष्ट्रीय महिला और अंडर-19 टीम का कोच नियुक्त किया गया। अमेरिका की क्रिकेट संस्था ने यह घोषणा की। मोरिंग वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर शिवनारायण चंद्रपाल की जगह लेंगे और इस साल बांग्लादेश में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए टीम को तैयार करेंगे। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के कोच रह चुके 46 वर्षीय मोरिंग ने कहा कि वह अमेरिका में क्रिकेट के विकास में योगदान करना चाहते हैं।

### शतरंज : गुकेश ने करुआना को बराबरी पर रोका

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो करुआना को बराबरी पर रोका। एक बार फिर दिन की सभी बाजियां ड्रॉ रही। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ अंक बांटे। अंतिम स्थान पर चल रहे रोमानिया के डिएक बोगडेन-डेनियल ने फिरोजा के साथ ड्रॉ खेला जबकि गिरी ने वाचियेर-लाग्रेव के साथ बाजी ड्रॉ की। शीर्ष वरीय करुआना दो जीत और पांच ड्रॉ से 4 .5 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा हैं जो अमेरिकी से आधा अंक पीछे हैं। नेपोमनियाची 3 .5 अंक के साथ फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। अमेरिका के वेस्ली सो, नीदरलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की तिकड़ी उनसे आधा अंक पीछे है।

### बिलियर्ड्स चैंपियनशिप: आडवाणी ने पारिख को हराया

**रियाद।** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिद्धार्थ पारिख को 4-2 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाए। मैच में पारिख ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला फ्रेम 101-38 से जीता। दूसरे फ्रेम में कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन पारिख ने 100-99 से आडवाणी को हराकर 2-0 की बढ़त बनाई। आडवाणी ने दो फ्रेम से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए तीसरा फ्रेम 101-0 से जीता। चौथे फ्रेम में पारिख 95 के ब्रेक के बावजूद आडवाणी को 101-95 से जीतने से नहीं रोक पाए। आडवाणी पांचवें फ्रेम में हावी रहे और 87 के ब्रेक के साथ 104-2 की जीत से 3-2 की बढ़त बनाने में सफल रहे।

# ओलंपिक में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत की 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे। तोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले और मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक की तैयारी के सिलसिले में डायमंड लीग के अंतिम चरण में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

भारतीय एथलेटिक्स टीम में 17 पुरुष और 11 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। चोपड़ा के अलावा इनमें एशियाई खेलों के चैंपियन अविनाश साबले, तेजिंदरपाल सिंह तूर और बाधा दौड़ के धावक ज्योति याराजी जैसे अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी शामिल हैं। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में मुहम्मद अनस, मुहम्मद



- **1 से 11 अगस्त तक आयोजित होंगी ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं, 11 महिलाएं, 17 पुरुष शामिल**

अजमल, अमोज जैकब और राजेश रमेश शामिल हैं। इस टीम ने हाल में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की टीम को पीछे छोड़कर सनसनी मचा दी थी। पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं 1 अगस्त से 11 अगस्त तक होगी।

पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम में पुरुष : अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज़), नीरज चोपड़ा, किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रवेल, अबुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), अक्षदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट (20 किमी पैदल चाल), मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलारासन, राजेश रमेश (4x400 मीटर रिले), मिजो चाको कुरियन (4x400 मीटर रिले), सूरज पंवार (पैदल चाल मिश्रित मैराथन), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद)। **महिला :** किरण पहल (400 मीटर), पारुल चौधरी (3,000 मीटर स्टीपलचेज़ और 5,000 मीटर), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (भाला फेंक), आभा खटुआ (शॉट पुट), ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पूवम्मा एमआर (4x400 मीटर रिले), प्राची (4x400 मीटर), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी पैदल चाल)।

# द. अफ्रीका के खिलाफ तैयारी पुख्ता करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला का इस्तेमाल एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों और रणनीति को पुख्ता करने के लिए करेगी। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्टूबर से होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला है। इसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इन बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

टीम ने बेंगलुरू में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और यहां एकमात्र टेस्ट में भी इसके संकेत दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने के बावजूद भारत ने अब तक सभी मैच जीते हैं। 2023 से अब तक भारत ने सात टी-20 श्रृंखला खेली हैं जिनमें से तीन में उसे जीत मिली है और

**टी-20 श्रृंखला**



चार में हार का सामना करना पड़ा है। टीम इस आंकड़े को बेहतर करना चाहेगी। दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत के लिए कप्तान लॉरा वोलवार्ट पर बहुत अधिक निर्भर होगा। वोलवार्ट ने एकदिवसीय श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में शतक लगाकर अपनी शानदार फॉर्म की झलक दिखाई। अगर दक्षिण अफ्रीका को पिछले साल जनवरी के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला जीतनी है तो सलामी बल्लेबाज वोलवार्ट का प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### जापान में नसबंदी का शिकार हुए लोगों को मुआवजा देने का आदेश

**तोक्यो।** जापान के उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में बुधवार को सरकार को उन पीड़ितों को उचित मुआवजा देने का आदेश दिया जिनकी अब निरस्त किए जा चुके यूजेनिक्स प्रोटेक्शन लॉ के तहत जबरन नसबंदी की गयी थी। यह कानून शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के संतान न पैदा करने के लिए बनाया गया था। ऐसा अनुमान है कि पैदा होने वाली संतानों में किसी प्रकार की शारीरिक कमी को रोकने के लिए 1950 से 1970 के बीच इस कानून के तहत बिना सहमति के करीब 25,000 लोगों की नसबंदी की गयी थी।

### कनाडा में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में एक की मौत

**ओटावा।** कनाडा के पश्चिम में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सीटीवी रिपोर्ट के मुताबिक, घटना कोलंबिया के पास बीसी अलबर्टा बोर्डर के नजदीक कोलंबिया वैली क्षेत्र में मंगलवार शाम को हुई। हेलिकॉप्टर में सवार तीन लोगों में से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जो पायलट था और दो लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### एक महीने में तीसरे जापानी पर्वतारोही ने गंवाई जान

**पेशावर।** उत्तरी पाकिस्तान के सबसे ऊंचे पहाड़ों में से उतरते समय एक जापानी पर्वतारोही की मौत हो गई। एक महीने से भी कम समय में इस पहाड़ पर किसी जापानी के साथ यह ऐसी तीसरी घटना है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।


### भारत की यात्रा के बाद चीन जाएंगी हसीना

**बीजिंग।** चीन ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अगले सप्ताह की शुरुआत में बीजिंग का दौरा करेंगी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग सहित देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगी, जिससे आपसी राजनीतिक विश्वास बढ़ेगा और द्विपक्षीय संबंध एक नए स्तर पर पहुंचेंगे। हसीना 8 से 10 जुलाई तक चीन की यात्रा पर रहेंगी। भारत यात्रा के कुछ दिनों बाद उनकी इस यात्रा को भारत और चीन के बीच संबंधों को संतुलित करने के एक स्पष्ट प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

### जापानी शख्स को जेल के साथ बेंत से मारने की सज़ा

**कुआलांलपुर।** सिंगापुर में नशे में धुत छात्रा पर क्रूर हमला करने और बलात्कार के जुर्म में एक जापानी हेयर स्टाइलिस्ट को 17 .5 साल की जेल और 20 बेंत मारने की सजा सुनाई गई है। उसके वकील ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बचाव पक्ष के वकील एड्रियन वी ने बताया कि 39 वर्षीय किता इक्को ने बलात्कार और अश्लील फिल्म बनाने के आरोप को सोमवार को स्वीकार कर लिया था। समाचार एजेंसी 'क्योदो' ने सिंगापुर में जापानी दूतावास के हवाले से कहा कि सिंगापुर में बेंत से मारने की सज़ा पाने वाला किता पहला जापानी है।

# बारिश का मौसम आया... सांपों से जरा बचके रहें



बारिश का मौसम शुरू होते ही सांपों का खतरा बढ़ जाता है। देशभर में कई जगह से सर्पदंश से होने वाली मौत की खबरें आती रहती हैं। दुनियाभर में सांपों की अनगिनत प्रजातियां पाई जाती हैं। अगर भारत की बात करें तो देश में सांपों की लगभग 300 प्रजातियां पाई जाती हैं। इन प्रजातियों में से करीब 50 प्रजातियां बेहद ही जहरीली होती हैं। भारत में पाए जाने वाले सभी सांपों में से केवल 15 से 17 प्रतिशत ही विषैले होते हैं, जिनमें समुद्री सांप भी शामिल हैं। भारत में 16 जुलाई को विश्व सर्प दिवस मनाया जाएगा। इसी के मद्देनजर सांपों के हमले से बचाव और प्रजातियों पर एक नजर डालते हैं।

### देश में पाए जाने वाले सांप

भारत में अजगरों की तीन प्रजातियां पाई जाती हैं – भारतीय रॉक अजगर, बर्मीज अजगर और जालीदार अजगर। जिन्हें दुनिया की सबसे बड़ी सांप प्रजाति माना जाता है। किंग कोबरा दुनिया का सबसे लंबा विषैला सांप है। कॉमन करैत, रसेल वाइपर, सॉ स्केल्ड वाइपर, चश्माधारी कोबरा, पिट वाइपर, बैंडेड करैंत, बैम्बू पिट वाइपर और अंडमान पिट वाइपर।

### सबसे ज्यादा प्रजातियों वाला राज्य

दुनियाभर में सबसे ज्यादा सांपों की प्रजातियां ब्राजील के अमेजन के जंगलों में पाई जाती हैं। इनमें से एनाकोंडा सबसे प्रमुख है। वहीं भारत का केरल एक ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा प्रजाति के सांप मिलते हैं। लेकिन लक्षद्वीप एक ऐसा केंद्र शासित प्रदेश है, जहां पर एक भी सांप नहीं पाया जाता है। वहीं मध्य प्रदेश में सांपों की 36 प्रजातियां पाई जाती हैं।

### सांप काटने के लक्षण

जहरीले सांप के काटने से शरीर में काटने वाली जगह पर दर्द और सूजन, ऐंठन, मतली, उल्टी, अकड़न या कपकपी, एलर्जी, पलकों का गिरना, घाव के चारों ओर सूजन, जलन, लाल होना, त्वचा के रंग में बदलाव, दस्त, बुखार, पेट दर्द, सिरदर्द, जी मिचलाना, मांसपेशियों की कमजोरी, प्यास लगना, लो बीपी, घाव से खून बहना, बहुत पसीना आना और अंगों के आसपास के हिस्से का सुन्न पड़ना शामिल है।

### सांप के काटने पर क्या करें

सांप काटने पर तुरंत इलाज के लिए मरीज को अस्पताल ले जाएं। जिस जगह सांप ने काटा है, उस स्थान को बिल्कुल न हिलाएं। ब्लीडिंग होने पर खून को बहने दें। खून रोकने के लिए बीटाडीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। पीड़ित व्यक्ति को शांत रखें और जितना संभव हो व्यक्ति को स्थिर रखें। घाव को ढीली और साफ पट्टी से कवर करें।

### भारत में सबसे जहरीली प्रजाति

भारत में पाए जाने वाले सभी सांपों में सबसे जहरीला सांप रसैल वाइपर है। इसके काटने से कुछ ही घंटों में इंसान की मौत हो जाती है। जानकार बताते हैं कि रसैल वाइपर के काटने से इंसान के शरीर के खून में थक्के जमने लगते हैं और कुछ ही देर में इंसान काल के गाल में समा जाता है।

ये रखें सावधानी

- जूते, टंगे कपड़ों आदि को झाड़कर ही पहनें।
- घर के कॉर्नर आदि को साफ सुथरा रखें।
- नीचे रखे बैग, पुराने सामान को चेक करते रहें।
- आंगन से अनावश्यक घास, पेड़-पौधों को हटवा दें।
- घास आदि में चलते समय जूते जरूर पहनें।

### ऐसे रखें सांपों को दूर

- लेमनग्रास, गेंदा का फूल, स्नैक प्लांट, तुलसी, कैक्टस आदि पौधे घर के आसपास लगाएं।
- घर में फिनाइल का छिड़काव कर दें। इसकी जगह पर आप विनेगर या मिट्टी का तेल भी स्प्रे कर सकते हैं।
- सांप निकलने पर आप लौंग और दालचीनी के तेल को मिक्स करके उस पर स्प्रे कर सकते हैं।

# एससीओ का लक्ष्य आतंकवाद से लड़ाई

## शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्र प्रमुखों के समक्ष विदेश मंत्री जयशंकर ने उठाया मुद्दा

**अस्ताना, एजेंसी**



सम्मेलन में बात रखते जयशंकर।



चीन व रूस के राष्ट्रपति समेत उपस्थित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष। • एजेंसी

भारत ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया करोते हैं और आतंकवाद को नजरअंदाज करते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों की परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों को रखते हुए जयशंकर ने कहा कि एससीओ का एक मूल लक्ष्य आतंकवाद से लड़ना है। जयशंकर ने सम्मेलन में कहा हममें से कई लोगों के अपने अनुभव हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे सामने आते हैं। यह बात स्पष्ट होनी चाहिए कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। किसी भी रूप या स्वरूप में आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता या माफ नहीं किया जा सकता। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। जयशंकर ने पाकिस्तान और उसके सहयोगी चीन के परोक्ष संदर्भ में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग करना चाहिए और बेनकाब कर देना चाहिए जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं, सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं।

चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध दिया है। उन्होंने कहा सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा।

हमें हमारे नौजवानों के बीच कट्टरता फैलाने के प्रयासों को रोकने के लिए सक्रियता से कदम उठाने चाहिए। जयशंकर ने कहा कि पिछले साल भारत की अध्यक्षता के दौरान इस विषय पर जारी संयुक्त बयान नई दिल्ली की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

**मिलेट फूड फेस्टिवल, एससीओ फिल्म फेस्टिवल का किया जिक्र :** भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान एससीओ मिलेट फूड फेस्टिवल, एससीओ फिल्म फेस्टिवल, एससीओ सूरजकुंड क्राफ्ट मेला, एससीओ थिंक-टैंक सम्मेलन और साझा बौद्ध विरासत पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। हम स्वाभाविक रूप से अन्य देशों के इसी तरह के प्रयासों का समर्थन करेंगे। विदेश मंत्री ने सफल मेजबानी के लिए कजाखस्तान की तारीफ की।

**बीजिंग से संचालित होता है एससीओ :** एससीओ का कामकाज बीजिंग से संचालित होता है। इसके नौ सदस्य देशों में भारत, ईरान, कजाखस्तान, चीन, किर्गिज, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान हैं। यह एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह बनकर उभरा है। बेलारूस इसमें 10वें सदस्य के रूप में शामिल हुआ है।

### जलवायु परिवर्तन चिंतनीय, भारत उठा रहा कदम

**अस्ताना।** जयशंकर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के सामने एक प्रमुख चिंता का विषय है और भारत उत्सर्जन में संकल्पित कमी लाने तथा जलवायु के अनुरूप लचीला बुनियादी ढांचा निर्माण करने की दिशा में काम कर रहा है। जिसमें वैकल्पिक ईंधन की ओर बदलाव, इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना और जलवायु के अनुरूप लचीला बुनियादी ढांचा निर्माण शामिल है। भारत की एससीओ अध्यक्षता के दौरान परिवहन क्षेत्र में कार्बन से मुक्ति पर एक संकल्पना पत्र को मंजूरी दी गई थी। सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा था कि भारत पहले ही 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लक्ष्य की घोषणा कर चुका है।

### 2025 में सम्मेलन की अध्यक्षता करेगा चीन

**अस्ताना।** एससीओ की अगली बैठक 2025 में चीन में होगी और चीन एससीओ की अध्यक्षता भी करेगा। एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के अस्ताना घोषणापत्र में कहा गया आगामी समय के लिए एससीओ की अध्यक्षता चीन को सौंपी जा रही है।

### एससीओ की सुरक्षा बनाए रखना मुख्य कार्य : पुतिन

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता बनी हुई है और इस कार्य को पूरा करने के लिए एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना में बदलाव लाया जाएगा। पुतिन ने बैठक में कहा, बेशक, बाहरी सीमाओं के दायरे के साथ राज्य प्रतिभागियों की सुरक्षा का रखरखाव एससीओ की प्राथमिकताओं में से एक रहा है और रहेगा। एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी संरचना को एक सार्वभौमिक केंद्र में बदलने पर आज लिए गए निर्णय सुरक्षा खतरों की पूरी श्रृंखला को जवाब देने में सक्षम है।

# ऋषि सुनक का चुनावी भविष्य मतपेटी में कैद

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन में गुरुवार को आम चुनाव के लिए वोट डाले गए, जिसमें प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और लेबर पार्टी से उनके प्रतिद्वंद्वी कीर स्टार्मर सहित लाखों लोगों ने मतदान किया। सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति उत्तरी इंग्लैंड के यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेर्टन के अपने निर्वाचन क्षेत्र में स्थानीय मतदान केंद्र पर पहुंचे।

थोड़ी देर बाद स्टार्मर और उनकी पत्नी विक्टोरिया लाल रंग की पोशाक पहने उत्तरी लंदन के कैमडेन में अपने मतदान केंद्र पर पहुंचे। इस चुनाव में प्रधानमंत्री एवं कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक (44) के राजनीतिक भविष्य का फैसला होगा। सुनक का मुख्य मुकाबला लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर से है। सुनक ने मतदाताओं से कर बढ़ाने वाली लेबर पार्टी को बहुमत नहीं देने का आग्रह किया है। इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में 650 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार खड़े किए गए हैं।

दो मुख्य दलों के अलावा, लिबरल डेमोक्रेट्स, ग्रीन पार्टी, स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी), एसडीएलपी, डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी (डीयूपी), सिन फिएन, प्लेड सायमरू, रिफॉर्म पार्टी ने भी अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। कई निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं।

### ब्रिटेन में डाले गए वोट



पत्नी के साथ वोट डालने जाते सुनक।

- इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में 650 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार खड़े

### 40,000 मतदान केंद्र, चार करोड़ 60 लाख मतदाता

देश भर में बनाए गए करीब 40,000 मतदान केंद्र स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे खुल गए जिनमें लगभग चार करोड़ 60 लाख मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार का चुनाव कर सकेंगे। इस बार मतदान केंद्र पर पहचान पत्र साथ ले जाना अनिवार्य है। मतदान स्थानीय समयानुसार रात दस बजे समाप्त होंगे जिसके पश्चात चुनाव बाद के सर्वेक्षण आने प्रारंभ हो जाएंगे जिनसे इस बात की झलक मिलेगी कि देश में राजनीतिक परिदृश्य कैसा रहने वाला है। सुनक ने बुधवार को लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा यही बात हमें एकजुट करती है।

## फ्रांस की सरकारी प्रवक्ता पर चुनाव प्रचार के दौरान हमला

**पेरिस।** संसदीय चुनाव से कुछ ही दिन पहले, फ्रांसीसी सरकार की प्रवक्ता प्रिस्का थेवेनोट पर चुनाव प्रचार के दौरान हमला होने की खबर है। प्रधानमंत्री गेब्रियल अट्टल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मैक्रों के नेतृत्व वाले मध्यमार्गी गठबंधन एनसेंबल की उम्मीदवार थेवेनोट, उनकी सहायक और एक पार्टी कार्यकर्ता 7 जुलाई को होने वाले चुनाव से पहले बुधवार रात पेरिस के पास चुनावी पोस्टर लगा रहे थे, तभी एक समूह ने उन पर हमला कर दिया। मीडिया की खबरों में बताया गया कि थेवेनोट घायल नहीं हुई हैं और वह अपना प्रचार जारी रखेंगी।

# कमांडर की हत्या पर हिज्बुल्ला ने इजराइल पर दागे 200 रॉकेट

**बेरूत, एजेंसी**

वरिष्ठ कमांडर की हत्या के प्रतिशोध में चरमपंथी संगठन हिज्बुल्ला ने इजराइल के कई सैन्य ठिकानों पर 200 से अधिक रॉकेट दागे हैं। यह हमला ईरान समर्थित आतंकवादी समूह द्वारा किया गया सबसे बड़ा हमला था। हाल के हफ्तों में इस इलाके में तनाव बढ़ गया था।

इजराइली सेना ने कहा कि लेबनान से कई प्रक्षेपास्त्र उसके क्षेत्र में दागे गये थे, जिनमें से कई को बीच में ही नष्ट कर दिया गया। हताहतों की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। इजराइल ने बुधवार को स्वीकार किया कि उसने एक दिन पहले दक्षिणी लेबनान में



हिजबुल्ला के तीन क्षेत्रीय डिवीजनों में से एक का नेतृत्व करने वाले मोहम्मद नामेह नासिर को मार गिराया था। इसके कुछ घंटों बाद, हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल और कब्जे वाले सीरियाई गोलन पहाड़ियों पर भारी आयुधों के साथ दर्जनों कत्युशा और फलक रॉकेट दागे।

## द.अफ्रीका में 34 हजार साल पुराने दीमक के टीले मिले

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका में वैज्ञानिकों को यह जानकर हैरानी हुई कि देश के शुष्क क्षेत्र में मौजूद दीमक के टीले 30,000 से अधिक वर्ष पुराने हैं जिसका मतलब है कि वे दीमक के अब तक के ज्ञात सबसे पुराने सक्रिय टीले हैं।

स्टेलेनबॉश विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि रेडियोकार्बन डेटिंग में नामाक्वालैंड में बफेल्स नदी के पास के कुछ टीले मिले हैं। विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग में वरिष्ठ व्याख्याता मिशेल फ्रांसिस ने कहा हम जानते थे कि ये पुराने हैं लेकिन यह पता नहीं था कि इतने पुराने हैं। उनका शोधपत्र मई में प्रकाशित हुआ।

# गाजा के सुरक्षित क्षेत्र में भी जीवन पर खतरा

**खान यूनिस (गाजा पट्टी)।** गाजा में इजराइल द्वारा घोषित किए गए सुरक्षित क्षेत्र में भी लोगों का जीवन खतरे में है जहां भोजन की किल्लत है और लोग इजराइली हमलों के डर में जी रहे हैं। बुधवार को खान यूनिस के एक प्रमुख अस्पताल के पास एक रिहायशी इमारत पर इजराइल की ओर से किया गया हमला इसका ताजा उदहारण है।

गाजा के खान यूनिस शहर के पश्चिमी हिस्से में स्थित नासेर अस्पताल के पास किए गए हवाई हमले में सात लोग घायल हो गए। इजरायल की सेना द्वारा उपलब्ध कराए गए मानचित्र के अनुसार यह शहर सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है और फिलिस्तीनियों को इस क्षेत्र में शरण लेने को कहा गया है। संरा के अनुमान के अनुसार इस सप्ताह की शुरुआत में इजराइल की ओर से दिए गए निकासी आदेश का असर लगभग ढाई लाख फिलिस्तीनियों पर पड़ा है। नासेर अस्पताल के पास हुए हमले हवाई हमले के बाद के दृश्य का वीडियो एक संवाददाता द्वारा बनाया गया, जिसमें चारों तरफ धूल उड़ती दिख रही है और लोग भाग रहे हैं। साथ ही दो युवक एक व्यक्ति को ले जा रहे हैं जो संभवता हमले में घायल हुआ है। खान यूनिस के पूर्वी हिस्से से विस्थापित हुए परिवारों को सिर छिपाने के लिए जगह ढूंढ़ने के वास्ते एक और जंग लड़नी पड़ रही है।

- भोजन की किल्लत व इजराइली हमले का डर भी सता रहा

### युद्ध विराम को लेकर कतर, मिस्र के मध्यस्थों के साथ परामर्श

**गाजा।** फिलीस्तीन स्थित इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने गाजा पट्टी में इजरायली युद्ध को समाप्त करने के लिए कतर और मिस्र के मध्यस्थों के साथ परामर्श किया है। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने बुधवार को कहा हमने अपने फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ आक्रामकता को रोकने के लिए मध्यस्थ भाइयों के साथ कुछ विचारों का आदान-प्रदान किया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि इजरायल को मध्यस्थों से हमास का जवाब मिला है। उन्होंने पुष्टि की कि इजरायल हमास की प्रतिक्रिया पर विचार करेगा और उस पर प्रतिक्रिया देगा।


## बॉलीवुड हलचल

### सचिन-जिगर ने सिडनी में कॉन्सर्ट में मचायी धूम

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने सिडनी में कॉन्सर्ट में धूम मचा दी। देश में सबसे ज़्यादा पसंद किए जाने वाले और प्रतिभाशाली संगीत जोड़ियों में से एक के रूप में मशहूर सचिन-जिगर के दुनिया भर में बहुत ज्यादा फैंस हैं। भेड़िया के अपना बना ले, जरा हटके जरा बचके के फिर और क्या चाहिए और तेरे वास्ते जैसे चार्ट-टॉपिंग हिट गानों के लिए मशहूर इस जोड़ी ने हाल ही में हॉरर कॉमेडी फ़िल्म 'मुंज्या' के अपने नए एल्बम से लोगों का दिल जीत लिया। इस जोड़ी ने सिडनी में एक दमदार परफॉरमेंस के साथ अपने पहले बहुप्रतीक्षित ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत करके अपने हिट ट्रैक पर अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### अनुष्का शर्मा ने ननद की पोस्ट पर दिया प्यार भरा रिएक्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अनुष्का शर्मा ने अपनी ननद के पोस्ट पर कॉमेंट किया है जो उन्होंने अपने भाई यानी विराट कोहली के लिए उनकी जीत को सेलिब्रेट करने के लिए किया है। दरअसल विराट कोहली गुरुवार सुबह बारबाडोस से घर वापस लौटे हैं और दिल्ली में आईटीसी मौर्य होटल में ठहरे हैं। उनसे मिलने के लिए कोहली की बड़ी बहन भावना कोहली ढींगरा अपने हसबैंड और बच्चों के साथ होटल पहुंचीं और इस मुलाकात की कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट कीं। भावना ने इस मौके की कई तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें क्रिकेटर अपने परिवार और भतीजे-भतीजी के साथ पोज देते दिख रहे हैं।



### वाणी कपूर के साथ काम करेंगे फवाद खान!

**मुंबई।** पाकिस्तानी फिल्मों के जानेमाने अभिनेता फवाद खान, बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। फवाद ने ए दिल है मुश्किल, खूबसूरत और कंपूर एंड संस जैसी बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। बहुत जल्द वाणी कपूर के अपोजिट एक फिल्म में नजर आ सकते हैं। फवाद और वाणी कपूर इंटरनेशनल फिल्म प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे। फिल्म की कहानी दो ऐसे लोगों के बारे में है जिनका ब्रेकअप हो गया है।

## भारतीय नौसेना प्रमुख ने बांग्लादेशी समकक्ष से की मुलाकात

**ढाका।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने बांग्लादेश के नवनियुक्त सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान से मुलाकात कर मजबूत द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की और दोनों सशस्त्र बलों के बीच सहयोग के नए अवसरों के बारे में विचार-विमर्श किया। एडमिरल त्रिपाठी द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने व समुद्री क्षेत्र में सहयोग के नए अवसरों की तलाश करने के लिए 30 जून को बांग्लादेश की पांच दिवसीय यात्रा पर गए थे। भारतीय नौसेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत और बांग्लादेश के बीच नौसेना सहयोग पारंपरिक रूप से मजबूत रहा है, जिसमें बंदरगाहों पर यात्रा और द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास के माध्यम से परिचालन संबंधी बातचीत के साथ-साथ क्षमता निर्माण, क्षमता वृद्धि और प्रशिक्षण पहल शामिल हैं।

तनाव

एक संसद सदस्य ने युद्ध को लेकर फैसले से असहमति जताते हुए सरकार से बाहर होने की घोषणा की

# ऑस्ट्रेलिया की संसद में घुसे फिलिस्तीन समर्थक

**मेलबर्न, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया की संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देते हुए फिलिस्तीन समर्थक कुछ प्रदर्शनकारी गुरुवार को भीतर दाखिल हो गए और भवन की छत से बैनर लहराए। इस बीच, संसद के एक सदस्य ने गाजा युद्ध को लेकर फैसले से असहमति जताते हुए सरकार से बाहर होने की घोषणा की।

पांच सप्ताह के अवकाश के बाद संसद की कार्यवाही के अंतिम दिन हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। ग्रेट वेरंडा के नाम से विख्यात इमारत के अग्रभाग पर चार प्रदर्शनकारियों ने एक घंटे से अधिक समय तक युद्ध अपराध और नरसंहार शब्दों के साथ-साथ




संसद की दीवार पर बैनर टांगते प्रदर्शनकारी।

फिलिस्तीनी रैली के प्रमुख नारे नदी से समुद्र तक, फिलिस्तीन स्वतंत्र होगा नारे वाले बैनर लहराए। चारों प्रदर्शनकारियों को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

अफगानिस्तान में जन्मीं सीनेटर फातिमा पायमन ने घोषणा की कि गाजा पर पार्टी के रुख को अस्वीकार करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ लेबर पार्टी छोड़ दी है। फातिमा पायमन एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई सांसद हैं, जिन्होंने सदन की बैठकों के दौरान हिजाब पहना। फातिमा ने संवाददाताओं से कहा मेरा परिवार युद्धग्रस्त देश से भागकर शरणार्थी के रूप में इसलिए यहां नहीं आया है कि मैं निर्दोष लोगों पर हो रहे अत्याचारों को देखकर चुप रहूं। उन्होंने कहा हमारे समय के सबसे बड़े अन्याय के प्रति हमारी सरकार की उदासीनता को देखकर मैं पार्टी के रुख पर सवाल उठाने को मजबूर हूं।

पहली बार सीनेटर बनीं फातिमा ने पिछले सप्ताह एक छोटे दल के प्रस्ताव का समर्थन करके अपने सरकारी सहयोगियों की अवहेलना की थी, जिसमें संसद से फिलिस्तीन को मान्यता देने की मांग की गई थी।

### ऑस्ट्रेलिया ने देश के रूप में नहीं दी है मान्यता

ऑस्ट्रेलिया फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता नहीं देता है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वि-राष्ट्र समाधान को लेकर प्रतिबद्ध है जिसमें इजराइल और भविष्य का फिलिस्तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर शांति और सुरक्षा के साथ सह-अस्तित्व में रह सकें। पुलिस ने कहा कि चारों प्रदर्शनकारियों पर संसद भवन में अवैध रूप से प्रवेश का आरोप लगाया जा सकता है।